   (iii) NRSV, REB – प्रतिषिष्ठत
   (iv) JB – प्रमाणित
   (v) NIV – आदरणीय
   (vi) NET– जाना हुआ

❖ **"मैं उन्हें मुखियां ठहराऊंगा"** क्रिया (बीडीबी 962, केबी 1321) एक क्वेल अपूर्ण है, एक लोगों के समूह को ध्यान में रखकर कहा गया है । मूसा इन चुने हुए व्यक्तियों को अगुवाई और न्याय करने के लिए नियुक्त करता है (निर्ग. 1:11; 18:21, व्य. 17:14, 15 न्या. 11:11) किन्तु, वास्तव में यह यहोवा था जिसने "लिया"" (बीडीबी 542, केबी 434, क्वेल अपूर्ण, वी.15) उन्हें, जो परमेश्वर के चुनाव को बताता है (4:20, 34, I राजा 11:37) मानव प्रगति एक अदभुत योजना का अनुसरण करती है ।

1:15 **"हजार-हजार और सौ-सौ, पचास-पचास और दस-दस के ऊपर प्रधान"** ये विभाजन बाद में एक संग्रामिक संघ हुई (निर्ग 18:2डी) देखें नीचे की विशेष विषय :

विशेष विषय : हजार (एलेफ)

यह इब्रानी शब्द हजार के लिए है (बीडीबी 48) । किन्तु यह विभिन्न तरह से प्रयोग हुआ है ।

1. एक पारिवारिक संघ, यहोशू 22:14, न्या. 6:15, I शमु 23:23, जकयहि : 9:7, 12:6
2. एक संग्रामिक संघ, निर्ग. 18:21, 25, व्य.1:15
3. शब्दानुसार हजार, उत. 20:16, निर्ग 32:28
4. एक चिन्ह संख्या,उत. 24:6, निर्ग. 2:6, 34:7, व्य. 7:9, यिर्म. 32:18
5. अगेरीटिक संबंधी अलुफ का अर्थ "मुखिया" उत. 36:15

NASB, NKJV – सरदार
NRSV, TEV – अधिकारी
NJB – शास्त्री

यह शब्द (बीडीबी 1009) एक शास्त्री को वास्तविक रूप से प्रस्तुत करता है, लेकिन यह व्य. 1:15, 20:5, 8, 9 या यहोशू 1:10, 32 के प्रयोग में अनुकुल दिखाई नहीं पड़ता है । इस संदर्भ में यह एक छोटे न्यायी या सहायक जो जातीय संबंधी अगुवे है प्रस्तुत करता है ।

यूएसबी के द्वारा द हेण्डबुक ऑन ड्यूटरोनोमी में लिखेते है "वे प्राचीन के साथ (गिनती 11:16) और न्यायियों (व्य. 16:18, यहोशू 8:33) और संग्रामिक संदर्भ में प्रकट हुए है (व्य. 20:5, 8, 9, यहोशू 1:10; 3:2) पृ. 26

NASB (आगे बढ़ाया गया) मूल ग्रंथ 1:16-18

"और उस समय मैंने तुम्हारे न्यायियों के आज्ञा दी तुम अपने भाईयों के मुकदमें सुना करो और उनके बीच और उनके पड़ोसियों और परदेशियों के बीच भी धर्म से नय किया करो । न्याय करते समय किसी का पक्ष न करना, जैसे बड़े की वैसे ही छोटे मुनष्य की भी सुनता, किसी का मुंह देखकर न डरना, क्योंकि न्याय परमेश्वर का काम है, और जो मुकदमा तुम्हारे लिए कठिन हो, वह मेरे पास ले आना, और मैं उसे सुनुंगा । और मैंने उसी समय तुम्हारे सारे कर्तव्य तुम को बता दिए ।

1:16:17 मूसा ने इन नये न्यायियों को अपक्षवादी होनेकी आज्ञ दी (16:19; 24:17) अपक्षवादी, परमेश्‍वर का एक चरित्र है (10:17) । इस्रायल, एक समाज और लोगों का साधन था जो कि यहोवा के चरित्र को प्रकट करें ताकि यह संसार उनके भरोसे और विश्‍वास में यहोवा के स्थान में आने पाए । पाप में गिरन से (उत. 3) यह परमेश्‍वर की योजना रही है । इस्राइल पराजय हुई, लेकिन आदर्श इस्राइी (यीशु मसीह, याशा. 53) सफल हुआ (यहु.14:5-7, 8-11)

❖ "**परदेशी**" गैर यहूदियों को कानूनी राज्य में बराबरी से व्यवहार करना था (लैव्य. 19:33-34, 34) इस्राइल को उनके साथ अच्छे से बर्ताव करना था (लैव्य 23::22, व्य. 10:19 ; 24:17, 27:19) इस्रायल भी मिस्र में परदेशी थे (निर्ग. 22:21;23:9) और महसूस किये थे ।

❖ "**धर्म से**" देखे नीचे विशेष विषय :

विशेष विषय : धार्मिकता

"धार्मिकता" एक प्रामाणिक विषय है जिसे एक बाईबल के विद्यार्थी केअवश्य ही इस धारणा को एक निजी विस्तृत अध्ययन बनाना चाहिए ।

पुराने नियम में परमेश्‍वर के चरित्र को "खरा" या "धर्मी" के रूप में व्याख्या किया गया है । मेसोपोटामिया शब्द स्वयं एक नदी नरकट से आता है जो एक निर्माण यंत्र के लिए प्रयोग हुआ है जिससे दीवार की सीधाई, समतल और चहारदीवारी को देखने के लिए प्रयोग हुआ था । परमेश्‍वर ने इस शब्द को उसके स्वयं के स्वभाव को लाक्षणिक रूप से प्रयोग होने के लिए चुना । वह सीधा छोर (न्यासी) है जिसके द्वारा सभी चीजे जाँचा गया है । यह धारणा परमेश्‍वर के धर्मिकता और साथ ही साथ उसके सही न्याय को स्वीकृत करती है ।

परमेश्‍वर के स्वरूप और समानता में मनुष्य बनाया गया था (उत. 1:26-27, 5:1, 3, 9:6) मानव जाति, परमेश्‍वर के साथ संगति के लिए बनाये गये थे । सभी सृष्टि परमेश्‍वर और मानव जाति के परस्पर संबंध के लिए विश्राम स्थान या विश्राम आश्रम है । परमेश्‍वर चाहता था कि उसकी अच्छी सृष्टि, मानवजाति, उसे जाने, उससे प्रेम, करे, उसकी सेवकाई करे, और उसके समान होने पॉए । मानवजति के ईमानदारी को जांचा गया (उत. 3) और प्रथम जोड़ी (युगल) इस जांच में पराजय हुए । इसका परिणाम परमेश्‍वर और मानव जाति के बीच में संबंध का दरार आ गया । उत. 3, रोमि 5:12-21)

परमेश्वर ने पुर्नगठन और संगति को बनाने का वायदा किया (उत. 3:15) उसने यह स्वयं की इच्छा और उसके निजी पुत्र के द्वारा किया । मानव जाति दरार को भरने में अयोग्य थे (रोमि. 1:18–3:20) ।

मनुष्य के पतन के बाद, परमेश्वर की प्रथम कदम पुन: स्थापित करने की ओर, वाचा की धारणा के आधार पर उसकी निमंत्रण और मानव जाति का पश्चाताप, विश्वासयोग्यता, आज्ञाकारिता, प्रतिवचन था । क्योंकि मनुष्य के पतन के कारण, मानव विशिष्ट कार्य करने में आयोग्य था (रोमि 3:21–31, गल. 3) । स्वयं परमेश्वर को आरंभिक करना था, मानवजाति जो वाचा विहन करती है संग्रहित करने के लिए । उसने इसके द्वारा ऐसाकिया :

1. यीशु मसीह के कार्य के द्वारा मानव धर्मी की घोषणा (अदालती धार्मिकता)
2. मसीह के कार्य के द्वारा मानव धार्मिकता मुफ्त में दिया जाना (दोष लगाया हुआ धार्मिकता) ।
3. आत्मा के निवास की पूर्ति करना जो धार्मिकता को मानव जाति में उत्पन्न करती है (मसीह के समान, परमेश्वर की समानता का संग्रहण)

किन्तु, परमेश्वर एक वाचायुक्त प्रतियुत्तर की मांग करता है, परमेश्वर आज्ञा देता है (मुफ्त देता) और प्रदान करता है, लेकिन मानव जाति को अवश्य प्रतिउत्तर और प्रतिउत्तर में लगातार देना है ।

1. पश्चाताप 2. विश्वास
3. आज्ञाकारी 4. दीर्घ प्रयत्न

धार्मिकता, इसलिए, एक पारस्पिरिक स्वीकृति, परस्पर संबंध का कार्य परमेश्वरऔर उसके अच्छी रचना के बीच में है । यह परमेश्वर के चरित्र, मसीह के कार्य और आत्मा की सामर्थ के आधार पर है, जिसे प्रत्येक निजी और लगतार प्रतिउत्तर अच्छे से देना है । इस विचार या धारणा को "विश्वास के द्वारा धार्मिकता" कहा गया है । यह धारणा सुसमाचार में प्रकट किया गया है, लेकिन इन शब्दों में नहीं । यह पौलूस के द्वारा परिभाषित मुख्य तौर पर किया गया, जिसने युनानी शब्द "धार्मिकता" को विभिन्न नमुनों में 100 बार से अधिक प्रयोग में लाया है ।

पौलूस, एक शिक्षित रब्बी होकर, डिकाइओस्युन शब्द का उपयोग करताहै यह इब्रानी अर्थ में शब्द एसडी सेप्ट्युजेन्ट में प्रयोग किया गया है न कि युनानी शास्त्र समूह से । युनानी लिखावट में शब्द किसी में जुड़ा हुआ अर्थ में यह हमेशा पारस्परिक शब्द में परिभाषित हुआ है । यहोवा, धर्मी, नीति–विषयक, नैतिक परमेश्वर है । वह चाता है कि उसके लोग सृष्टि

बनायें । यह ईश्वर भक्ति की एक नये जीवन में यह नया परिणाम है (धार्मिकता के लिए रोमन कैथोलिक की दृष्टि) इस्रायल और धार्मिक (परमेश्वर की इच्छा) के बीच में । यह भिन्नता प्रकट होती है इब्रानी और युनानी शब्द में, जो अंग्रेजी में अनुवाद होकर "न्यायी" (समाज) से संबंधित) और "धार्मिकता" (धर्म से संबंधित) है ।

यीशु का सुसमाचार (शुभ संदेश) वह है जो परमेश्वर के साथ संगति के लिए पाप में गिरे मानवजाति के पुन: संग्रहित करना । यह पिता के प्रेम, कृपा और अनुग्रह, पुत्र के जीवन, मृत्यु पुर्नउत्थान, और आत्मा के मंडराने और सुसमाचार की ओर लाने के द्वारा पूरा होगा । धार्मिकता परमेश्वर के द्वारा किया गया मुफ्त कार्य है, लेकिन यह ईश्वर भक्ति से अवश्य शुरू होना है (ऑगस्टीनका पद, जो दोनों को प्रभावित करता है, सुधार महत्व पर सुसमाचार की मुक्तता और रोमन कैथोलिक, प्रेम और विश्वासयोग्यता के परिवर्तित जीवन पर महत्व देते है) सुधार के लिए शब्द "परमेश्वर की धार्मिकता" एक कर्म संबंधसूचक है (परमेश्वर के लिए एक पापी मानव जाति को स्वीकार योग्य बनाने का कार्य (पवित्र आस्था का) जो कैथोलिक के लिए यह एक कर्ता संबंध सूचक है, जो परमेश्र के समान अधिक होने की प्रक्रिया है (अनुभवी प्रगतिशील पवित्रता) । वास्तव में यह निश्चित रूप में दोनों है !!)

मेरी दृष्टि में बाईबल की सभी, उत.4 – प्रका. 20 तक अदन की संगीत में परमेश्वर की एकत्रीकरण करने कीलेखन प्रमाण है । बाईबल की शुरूआत परमेश्वर और मानवजाति की एक सांसारिक योजना में संगति के साथ हाती है (उत: 1–2) और बाईबल उसी योजना के साथ समाप्त होती है (प्रका.21–22) परमेश्वर का स्वरूप और उद्देश्य पुन: संगठित होगा !

ऊपर दिये गये विवादों का प्रमाण लेख, नये नियम के पद्याशों से चुने गए व्याख्या कर रहे है, सुनानी शब्द समूह का :

1. परमेश्वर धर्मी है (परमेश्वर को न्यायी जैस प्राय: जोड़ा गया)
   - अ. रोमि 3:26
   - ब. II थिस्सुलु 1:5–6
   - स. II तिमिथुयुस 4:8
   - द. प्रका. 16:5
2. यीशु धर्मी है
   - अ. प्र.का. 3:14, 7:52, 22:14 (मसीहा का नाम)
   - ब. मत्ती 27:19
   - स. I यहु. 2:1, 29, 3:7

3. परमेश्वर की इच्छा उसके सृष्टि के लिए धर्मी है

अ. लैव्य. 19:2

ब. मत्ती 5:48 (5:17-20)

4. परमेश्वर का उद्देश्य पूर्ति करने और धार्मिकता उत्पन्न करने के लिए

अ. रोमि 3:21-31

ब. रोमि. 4

स. रोमि 5:6-11

द. ग. 3:6-14

य. परमेश्वर के द्वारा प्रदान

(i) रोमि. 3:24 ; 6: 23

(ii) I कुरन्थि. 1:30

(iii) इफि. 2:8-9

प. विश्वास से प्राप्ति

(i) रोमि 1:17 ; 3:22, 26, 4:3, 5, 13; 9:30; 10:4, 6, 10

(ii) I कुरन्थि 5:21

(फ) पुत्र के द्वारा कार्य

(i) रोमि 5:21-31

(ii) II कुरन्थि 5:21

(iii) फिलिप्पियों; 2:6-11

5. परमेश्वर की इच्छा पर है कि उसके अनुयायी धर्मी हो

अ. मत्ती, 5:3-48; 7:24-27

ब. रोमि. 2:13; 5:1-5; 6:1-23

स. I लिमिथियुस 6:11

द. II तिमुथियुस 2:22; 3:16

य. I यहु. 3:7

प. I पत. 2:24

6. परमेश्वर, धार्मिकता के द्वारा इस संसार का न्याय करेगा

अ. प्रे. का. 17:31

ब. II तिमु. 2:24

धार्मिकता परमेश्वर का एक चरित्र है, मसीह के द्वारा पापी मानवजाति को मुफ्त में प्रदान किया गया । ये है :-

1. परमेश्वर की एक इच्छा
2. परमेश्वर का वरदान
3. मसीह का कार्य

लेकिन यह धर्मी होने की प्रक्रिया भी है जिसे उत्साह और दृढ़तापूर्वक से अनुसरण करना अवश्य हे, जो एक दिन पूर्ण होगा, द्वितीय आगमन पर । परमेश्वर के साथ संगति उद्धार पर पुन: पहुंचना है, लेकिन पूरे जीवन की प्रक्रिया मृत्यु पर आमने-सामने का सामना करना है ।

यहाँ इस विवाद की समाप्ति के लिए एक अच्छा उद्धरण हुआ है । यह एक शब्दकोष जो पौलूस की औरउसके पतियों जिसे IVP के द्वारा प्रकाशित किया :-

"केल्विन", लुथर से अत्यधिक, जोर देते है परमेश्वर की धार्मिकता संबंध रखने वाले रूप में । लुथर की दृष्टि में परमेश्वर की धार्मिकता ऋणमुक्ति की छबि रखती है । केल्विन हमारे लिए परमेश्वर की धार्मिकता को प्रदान या संदेश (बातचीत) की अद्‌भुत गुण है । (पृ. 834)

परमेश्वर का संबंध विश्वासियों के लिए मेरे पास 3 छबि है :

1. सुसमाचार एक व्यक्ति है (पूर्वी कलिसिया और केल्विन का मत)
2. सुसमाचार सत्य है (ऑगस्टीन और लुथर का मत)
3. सुसमाचार एक जीवन परिवर्तन करने वाला है (रोमन कैथोलिक कलिसिया का मत)

वे सभी सत्य है और एक स्वस्थ, सत्य, मसीही इन्जील संबंधी के लिए एक साथ रखना अवश्य है । यदि एक की भी महत्व समाप्ति या कम हुआ, समस्या प्रकट होती है ।

हमें यीशु को अवश्य अपनाना है !

हमें सुसमाचार पर विश्वास करना अवश्य है !

हमें यीशु की समानता का पीछा अवश्य करना है !

❖ **"न्याय करते समय किसी का पक्ष ना करना"** शब्द "पक्षपात" यर्थाथ "बाह्यआकृति" है (बीडीबी 815) । क्रिया (बीडीबी 647, केबी 699, हिफिल अपूर्ण) का अर्थ "ईनान देना" । बात यह है कि जैसे एक व्यक्ति न्यायी के पास आता है, न्यासी को देखने और पहचानने की प्रयत्न नहीं करना है कि कौन उसके सामने आ रहा था, लेकिन मुकदमा को सुंदर और बिनापक्षपात के सुनना है । न्यायी को हर मुकदमा को बिना पक्षपात के करना है । (लैव्य. 19:15)

❖ **"किसी का मुंह देखकर ना डरना"** - यह क्रिया (बीडीबी III 158, केबी 185,क्वेल अपूर्ण) का अर्थ "डरावन" या "भय" । इस संदर्भ में "भय" अपनाया गया है । व्य. में इस शब्द को दो संदर्भों में उपयोग किया गया है । परमेश्वर के अगुवे/न्यायी मनुष्य के मुकदमें पर भय नहीं होना है, जब वे निर्णय लेते है (1:17) परमेश्वर के लोगों को झुके भविष्यवक्ताओं के संदेशों से भय नहीं रखना है (18:22)

भ.स. में कई बार इस शब्द का प्रयोग वाचा के विश्वासियों की आदर और भय परमेश्वर के लिए है स्पष्ट करने के लिए । (33:8 ; 22:23)

❖ **"जो मुकदमा तुम्हारे लिए कठिन हो, वह मेरे पास ले आना"** मूसा लोगों के लिए परमेश्वर का प्रतिरूप है । वह एक भविष्यवक्ता के जैसे दिखाया गया है (पद:18; 18:15-22)

NASB (लिया गया) मूल ग्रंथ : 1:19-21

"तब हम होरेब से प्रस्थान करके अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञानुसार उस सारे बड़े और भयानक निर्धन प्रदेश में होकर चले, जिसे तुमने एमोरियों के पहाड़ी देश के मार्ग में देखा, और हम कोदशबर्ने तक आए । वहां मैंने तुम सेकहा, तुम एमोरियों के पहाड़ी देश तक आ गए हो जिसको हमारा परमेश्वर यहोवा दे रहा है । देखों, उसदेश को तुम्हारा परमेश्वर यहोवा तुम्हारे सामने किए दे रहा है, इसलिए अपने पूर्वजों के परमेश्वर यहोवा के वचन के अनुसार उस पर चढ़ो, और उसे अपने अधिकार में ले लो, न तो तुम डरो और न तुम्हारा मन कच्चा हो ।

1:19-25 "तब हम प्रस्थान करके" क्रिया (बीडीबी 652, केबी 740) क्वेल अपूर्ण) निर्गमन के लिए प्राय: उपयोग हुआ है (निर्ग. 12:37; 13:20; 14:15, 16:1; और कई बार गिनती 33 में) । ये आयतें यात्रा से संबंधित है जो सीनै पर्वत से कादेशबर्ने तक है ।

1:19 "होरेब" पवित्र पर्वतों के दो नाम, होरेब और सीनै, पर्यायवाची के रूप में प्रयोग हुए है, होरेब एक 'उपसर्ग' शब्द है । सीनै सिमेटिक नहीं है लेकिन संभवत: जंगल के पाप से संबंधित है । प्रदेश में मरूस्थली सामान्य छोटा पौधा के लिए पाप एक शब्द है । कुछ विश्वास करते है कि होरेब पर्वत पर्यटन और सीनै चोटी है, लेकिन हम वास्तव में निश्चित रूप से नहीं जानते है ।

❖ **"सारे बड़े और भयानक निर्जन प्रदेश में"** सामान्य तौर में शब्द "निर्धन" (बीडीबी 184) का अर्थ बिना निवास करने वाली हरिभूमि, लेकिन यह यात्रा सीनै प्रायद्वीप की मरूस्थली (निर्जन) स्थान से उन्हें पार कर दिया। वहां पर प्राकृतिक पानी का कुछ ही स्त्रोत था। परमेश्वर ने अदभुत रीति से उन्हें चालीस वर्ष की अवधि के दौरान भोजन और जल को प्रदान किया। वर्तमान में, यह मरूस्थल एत–तिह कहा गया है, जिसका मतलब "परिभ्रमण" है। यह यात्रा लगभग 100 मील की दूरी और बहुत विषम देश को पार करना था।

❖ **"अमोरियों के ऊंचे पहाड़ी देश"** यह कनान की भूमि के दक्षिणी भाग को प्रदर्शित करती है।(दक्खिन, अराबा)

❖ "जिसको हमारा परमेश्वर हमें दे रहा है" ईश्वरीय नामों के लिए देखें विशेष विषय 1:3 शीर्षक पर, परमेश्वर ने इनके द्वारा अगुवाई किया :

1. मूसा के वचन।
2. शेकेना महिमा का आकाश, जो तम्बू के ऊपर ठहरा, जब यह इस्रयल के पीछे चला।

❖ **"हम कादेशबर्ने तक आए"** पवित्र के लिए इब्रानी शब्द "कादोश" है (बीडीबी 871) जिससे हम "कादेश" प्राप्त करते है। कादेश–बर्निया का अर्थ "पवित्र – (अनजान) है। संभवत: "पवित्र शहर" या "पवित्र स्थान"। यह इस्राइलियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवास स्थान था जैसे यह अब्राहम के लिए था क्योंकि यह क्षेत्र में सबसे बड़ा मरूद्यान था।

1:20–21 ये आयतें टीका लिखने वालों के लिए समस्याओं का कारण बनी हुई है क्योंकि सर्वनाम "हमारा" और "तुम्हारा" के बीच प्रयोग में बदलाहट है। जो व्य. की पूरी पुस्तक में सामान्य है। यचही एक कारण है कि क्यों कुछ लोग विश्वास करते है कि व्य. अनेक लोगों के द्वारा लिखा गया है। मैं सोचता हूं कि मूसा ने लिखा (या समिर्पित किया) प्रकाशनों की धिक संख्या को, लेकिन यह स्पष्ट है कि उसकी लिखावटों को बाद के शास्त्रियों के द्वारा शोधकर प्रकाशित किया गया और मौलिक शास्त्री के व्याख्या क्रमानुसार हो सकते है।

1:21 "देखो तुम्हारा परमेश्वर यहोवा सामने किए दे रहा है...अधिकार में ले लो" यह शायद एक निर्देश है पद 8 में से, जहां परमेश्वर, मूसा के द्वारा लोगों को देश पर अधिकार करने के लिए कहा जिसे उसने पूर्वजों से वायदा किया था (12:5–7; 13:14–17; 15:18; 26:3)।

यह पद, आयतें 7 और 8 के समान, विभिन्न आशाओं को रखती है :

1. ''देखो'' बीडीबी 906, केबी 1157, क्वेल आज्ञात्मक
2. ''चढ़ो'' – बीडीबी 748, केबी 828, क्वेल आज्ञात्मक
3. ''अधिकार में ले लो'' – बीडीबी 439, केबी 441, क्वेल आज्ञात्मक
4. ''डरो मत'' बीडीबी 431, केबी 432, क्वेल आज्ञार्थक के रूप में प्रयोग
5. ''कच्चा न हो मन'' – बीडीबी 369, केबी 365, क्वेल अपूर्ण, लेकिन आज्ञार्थक के रूप में प्रयोग

NASB, NRSV	–	''न तो तुम डरो और तुम्हारा मन कच्चा न हो''
NKJV	–	''न तो तुम डरो या निरूत्साहित हो ''
TEV	–	''न तो तुम हिचकिचाओं या भयभीत हो''
NJB	–	''न तो तुम भयभीत हो या निरूत्साहित हो ''

ये रूकावटें यहोवा से, उसकी वाचा का वायदा और उपस्थिति में । उनके भरोसे के आधार परथा, यह वाक्यखण्ड पुराने निमयमें 12 बार प्रकट हुआ है (31:8, यहोशू 1:9, 8:10; 10:25 ; I इति 22:13; 28:20 ; I I इति. 20:15, 32:7 ; यिर्म 30:10 ; 46:27) ।

NASB (लिया गया) मूल ग्रन्थ 1:22-25

''तुम सब आकर मेरे पास कहने लगे, हम अपने अपने आगे पुरूषों को भेज देगें जो उस देश का पता लगाकर हम को यह संदेश दें कि हमें कौन से मार्ग पर चलना होगा और किस किस नगर में प्रवेश करना पड़ेगा ? इस बात से प्रसन्न होकर मैंने तुमसे बारह पुरूष, अर्थात प्रत्येक कुल पीछे एक पुरूष चुन लिया और पे पहाड़ पर चढ़ गये और एशकोल नामक नाले पर पहुंचकर उस देश का भेद लिया । उस देश के फलों में से कुछ फल हाथ में लेकर हमारे पास आए और हम को यह संदेश दिया कि जो देश हमारा परमेश्वर यहोवा हमें दे रहा है वह अच्छा है ।''

1:22 गिनती 13:1-3 इस पद के लिए अप्रधान स्थान है । यह कुलों के लिए मूसा की आज्ञाओं का पुन: पुकार है :

1. ''भेजना'' – बीडीबी 1081, केबी1511, क्वेल कोहार्टेटिप
2. ''पता लगाना'' बीडीबी 343, केबी 340, क्वेल अपूर्ण, आज्ञार्थक में प्रयोग
3. ''वापस लाना'' बीडीबी 996, केबी1411, हिलफिल अपूर्ण, आज्ञार्थक में प्रयोग

1:23 "मैंने तुमसे बारह पुरूष, अर्थात प्रत्येक कुल पीछे एक पुरूष" मूसा सुन्दर ढंग से कोशिश और कुल के पीछे प्रत्येक एक पुरूष को शामिल करता है ताकि प्रत्येक खुद को महत्वपूर्ण अनुभव कर पाये ।

1:24 "एश्कोल नामक नाले पर" इस शब्द (बीडीबी 79) का अर्थ "समूह" या "आधार" है । गिनती 13:23-24 कहती है कि वे अंगुर के एक गुच्छे को काटा जो बहुत ही विशाल था तभी यह एक डंडें पर दो व्यक्ति के द्वारा लाया गया । यह कैसा नाला(या वादी) इसका इब्रानी नाम पड़ा, लेकिन पलिस्तिन दक्षिण में यह स्थान अनिश्चित है, संभवत: हेब्रोन के कहीं कुछ निकट (गिनती 13:22, 23)

❖ **"भेद लिया"** भेदिया (बीडीबी 919) जो यह प्रस्तुत करता है कि वे भूमि पर चले । उनके पास सवारी के लिए कोई जानवर नही था यह विश्वास की एक वास्तविक कदम था उनके चलने के लिए पूरे देश में और इसके निवासियों के द्वारा दिखाई दिया जाना है ।

1:25 "जो देश हमारा परमेश्वर यहोवा हमें दे रहा है वह अच्छा है" क्या ही एक अद्भुत या सामर्थीवाला की निश्चिता ! तब भी, वे सैद्धातिक निश्चितता पर कार्य नहीं किये, लेकिन उनके भय पर किये (पद: 21)

NASB (लिया गया मूल ग्रन्थ : 1:26-33)

"तो भी तुमने वहां जाने से मना किया, किन्तु अपने परमेश्वर यहोवाकी आज्ञा के विरूद्ध होकर अपने डेरे में यह कहकर कुड़कुड़ाने लगे यहोवा हम से बैर रखता है, इस कारण हमको मिस्र देश से निकाल ले आया है कि हमको एमोरियों के वश में करके हमारा सत्यानाश कर डाले । हम किधर जाएँ ? हमारे भाईयों ने यह कहके हमारे मन को कच्चा कर दिया है कि वहाँ के लोग हम से बड़े और लंबे है, और वहां हमने अनानुवाशिंयों को भी देखा है । मैंने तुम से कहा; उनके कारण भय मत खाओ और न डरो । तुम्हारा परमेश्वर यहोवा जो तुम्हारे आगे-आगे चलाता है वह आप तुम्हारे ओर से लड़ेगा, जैसे कि उसने मिस्र में तुम्हारे देखते तुम्हारे लिये किया, फिर तुमने जंगल में भी देखा कि जिस रीति कोई पुरूष अपने पुत्र को उठाये चलता है, उसी रीति हमारा परमेश्वर यहोवा हमको इस स्थान पर पहुंचने तक, उस सारे मार्ग में जिससे हम आए है, उठाये रहा । इस बात पर भी तुमने अपने उस परमेश्वर यहोवा पर विश्वास नहीं किया । जो तुम्हारे आगे-आगे इसलिए चलता रहा कि डेरे डालने का स्थान तुम्हारे लिए ढूंढे, और रात को आग में और दिन को बादल में प्रकट होकर चला, ताकि तुम को वह मार्ग दिखा जिस से तुम चलो ।"

1.26 “विद्रोही” क्रिया (बीडीबी 598; केबी 632, हिलफिल अपूर्ण) जो व्यवस्थाविवरण में एक सामान्य शब्द होता है (1:26, 43; 9:7, 23,24 ; 21:18, 20; 31:27; और भ.स. में थी) । यह अरामिक कोगनेर में अर्थ होता है “विवाद करने के साथ” और सीरियाक में, “हठ करने के साथ” । यह पूर्ण इच्छा, जाना हुआ अनाज्ञाकारिता को बताता है ।

❖ **“परमेश्वर यहोवा की आज्ञा”** पद 8 और 21 में जोआज्ञा, उनके ऊपर चढ़ने और देश को प्राप्त करने लिए था ।

1.:27 “अपने डेरे में बुड़बुड़ाने लगे” लोग उनके डेरे में बुड़बुड़ाने लगे (बीडीबी 920, केबी 1188, निफिल अपूर्ण) ; वे यह सभी के सामने नहीं कर रहे थे, लेकिन परमेश्वर ने उनके हृदय को देखा (भ.स. 106:25) और जानता था कि वे उसके विरूद्ध में विद्रोह कर रहे थे (“कलंकित कानाफूसी”, नीति 16:28; 18:8, 26:20,22) । परमेश्वर सिर्फ हम क्या कहते हैं उसे ही नहीं जानता (पद 25) लेकिन हमारे हृदय में,हमारी सोच में क्या है वह भी जानता है (गिनती 14: 1-6)

❖ **“परमेश्वर हम से बैर रखता है”** इस पद में लोग परमेश्वर के स्वभाव और विचार को विरोध कर रहे है (9:28) । वे परमेश्वर के प्रावधान और अद्‌भूत वायदों को जो सीनै से कादेश की यात्रा के दौरान किया था सभी को भूल गये थे और उनके वर्तमान स्थिति पर ध्यान देना शुरू कर दिया था जिससे वे स्वयं को भ्रष्ट होने जैसे देख रहे थे ।

1:28 “हमारे भाईयों ने यह कहकर हम को कच्चा कर दिया है” लोगों ने जासूसों पर उनके अविश्वास के लिए निन्दा करने की कोशिश की । शब्द “कच्चा” (बीडीबी 587, केबी 606) एक व्यक्ति के लिए रूपक होते हए भयभीत और इच्छा को खोने से रोकना है । (20:8, यहोशू 2:11; 5:1; 7:5; और संभवत: 14:8) ।

❖

NASB, REB **“बड़े और लंबे”**

NKJV **“महान और लंबें”**

NRSV

NJB, NIV **“समार्थी और लंबे”**

NET **“गिनती में अनेक और लंबे”**

यह विभिन्न अनुवादों से स्पष्ट है कि प्रश्न प्रथम शब्द के बारे में है । क्या यह पर्यायवाची या नये सूचनाओं को यह जोड़ता है ?

विशेषण का मुख्य तौर पर अर्थ ''महान'' है । यह इस्तेमाल किया गया है :

1. फैलाव में महान
2. संख्या में महान
3. अत्यन्तता में महान
4. महत्वता में महान

यह शब्द सामान्य और अत्यधिक रोमान्टिक चौड़ी क्षेत्र है, जो सिर्फ संदर्भ ही इसके अर्थ को स्पष्ट कर सकता है । सेप्ट्युजेन्ट इन शब्दों को समझते है जैसे ''अत्यधिक घना बसा हुआ और समार्थशाली'' । बाकी के अनुवादों की समस्याओं को पुराने निय में ''दानवों '' की जगह में रखा ।

❖ **''अनाकिम''** शब्द का अर्थ यथाशब्द ''लंबी गर्दन वाले'' है । यह दानवों को प्रदर्शित करती है (उत. 6) ।

विशेष विषय : इस शब्द का प्रयोग लंबे/सामर्थी योद्धाओं या जन समूह के लिए किया जाता है

ये बड़े/लंबे/सामर्थी लोग विभिन्न नामों के द्वारा बुलाये गये है :

1. नेफिलिम (बीडीबी 658) – उत. 6:4; गिनती 13:33
2. रिफेम (या तो बीडीबी 952 या बीडीबी 952II) उत. 14:5, व्य 2:11; 3:11, 13;यहोशू, 12:4; 13:12;II शमु. 21:16, 18, 20, 22; I इति. 20:4, 6,8
3. जमजुमिम (बीडीबी 273) जुजिम (बीडीबी 265) – उत. 14:5, व्य. 2:20
4. एमिम (बीडीबी 34) – उत. 14:5; व्य. 2:10–11
5. अनाकिम (अनाक के पुत्रों, बीडीबी 778) – गिनती 13:33; व्य. 1:28; 2:10–11, 21; 9:2, यहोशू 11:21–22; 14:12, 15

❖ **''वहाँ के नागर बड़े बड़े और ऊंचाई आकाश से बातें करती है''** भौतिक शास्त्र से हमने इन शहरों के बारे में कुछ घटना को प्राप्त किया है । लकीश एक दक्षिणी अमोरियों का शहर था, जिसकी दीवार 29 फीट पतली थी । इन शहरों की दीवारें एक प्रासगिंक ऊँची कगूंरा या मीनार था । एक व्यक्ति समझ सकता है कि इस्रायली कैसे घबराये हुये होंगे जब उन्होंने इन शहरों को देखा (''किला बनाना'' बीडीबी 130, केबी 148,क्वेल निष्क्रिय वृदन्त अर्थात् ''पहुंच के बाहर'') ।

यह अतियुक्ति ''आकाश सक बातें करती है'' उसी आलंकारिक तरह से उपयोग हुआ है जैसे बेबिलोन में जिगुरेट्स के नामों का प्रयोग हुआ है । (उत. 11:4) ।

1:29

NASB **''भौचक्के मत हो, न ही उनसे डरो''**
NKJV **''भयभीत मत हो और न ही उनका डर खाओ''**
NRSV **''भय मत खाओ और न डरो''**
TEV **''उन लोगों से भयभीत मत हो''**
NJB **''भय मत खाओ, उन लोगों से भयभीत मत हो''**

प्रथम क्रिया (बीडीबी 791, केबी 888, क्वेल अपूर्ण) अर्थात् ''काँपने का कारण'' । अरामिक में अर्थ ''काँपना'' और सिरियाई में ''दुर्घटना के कारण ऊपर आना या प्रचण्डता से ऊपर आना'' है (:21; 20:3; 31:6) ।

दूसरी क्रिया (बीडीबी 431, केबी 432, क्वेल अपूर्ण) का अर्थ ''भय'' या ''श्रद्धायुक्त'' भय है । यह भय के एिल यह सामान्य शब्द है ।

1. शत्रुओं में – व्य. 1:21, 29; 2:4 ; 3:2,22; 7:18, 19; 20:1, 3; 31:6 यहोशू 11:6
2. पृथ्वी के लोगों को परमेश्वर के लोगों का भय – व्य. 28:10 (यहोशू 4:24) यहोशू 8:24
3. इस्राइल को यहोवा का भय, श्रद्धायुक्त भय, आदर देना है – व्य. 4:10, 5:5; 6:2, 13, 24; 10:12, 20; 13:11; 14:23; 17:13, 19; 19:20; 21:21 25:18, 28:58, 31:12, यहोशू 4:24

1:30 ''तुम्हारा परमेश्वर यहोवा जो तुम्हारे आगे-आगे चलता है'' यह पद्यांश एक सामर्थी उत्साहना पद्यांश है जो परमेश्वर के विशेष दान को प्रकट करती है उसकी व्यक्तिगत उपस्थिति और प्रावधान । याद रखें पद: 30 में वह युद्ध पर उनके सामने जाताहै (9:3); पद 33 में वह उनकी अगुवाई के लिए निर्धन प्रदेश में उनके सामने सामेन जाता है ।

❖ **''वह आप तुम्हारी ओर से लड़ेगा''**, यह एक ''पवित्र युद्ध'' या हेरेम का उदाहरण है (बीडीबी 355, व्य. 2:24,3:6, 7:2; 20:16-18, यहोशू 6:17,21; 8:26; 10:1,28, 37; 11:12, 20-21) । यह परमेश्वर का न्याय अमोरियों । कनानियों के ऊपर उनके पाप के

कारण था, न कि परमेश्वर उसके लोगों पर कृपादृष्टि कर रहा है (उत. 15:16) । परमेश्वर ने कनान के लोगों को बहुत मौके दिये पश्चाताप के लिए, लेकिन उन्होने पश्चाताप नहीं किया, इसलिए उसका न्याय उनके ऊपर आया था । परमेश्वर अपने लोगों का भी न्याय करेगा, जब वे कनानियों की क्रियाओं को इसी प्रकार करेगें; (असिरिया और बेबीलोन निर्वासन) ! यहाँ, परमेश्वर उसके लोगों को भय मत खाओ कहता है लेकिन उस पर भरोसा रखने कहता है क्योंकि वह उनके पक्ष में है (व्य. 3:22; 20:4, यहोशू 10:14, 42; 11:5-6) !

1:31 "जिस रीति कोई पुरूष अपने पुत्र को उठाए चलता है उसी रीति हमारा परमेश्वर यहोवा हम को उठाये रहा" "उठा चलना" (बीडीबी 669, केबी 724, क्वेल अपूर्ण) शारीरिक रूप से किसी व्यक्ति या किसी चीज कोई उठाना या "किसी को संभालने" को प्रदर्शित कर सकता है । परमेश्वर जैसे पिता (माता-पिता) एक अदभुत बाईबल संबंधी, व्यक्तिगत पारिवारिक रूपक है (8:5, 32:6, निर्ग. 4:22, भ.स. 27:10; 68:5;103:13; निति; याशा. 1:2, 63:16, यिर्म 3:19, होशे 11:1-4, मलाकि 1:6 प्रे.का. 13:18) पुराने नियम में "पुत्र" इस्रायल के लिए, यहोवा के पितृभाव संबंध में संयुक्त रूप है, लेकिन दाऊद राजा और उसके विशेष राजकीय वंशावली के लिए एक व्यक्ति होताहै (मसीहा, भ.स. 2:2, 7; पृ.का. 13:33)

1:32 "इस बात पर भी" यह परमेश्वर के विशेष, व्यक्तिगत उपस्थिति और चिंता को शामिल करता है जो अब्राहम की बुलाहट में लेकर (उत. 13) निर्गमन कि है (निर्ग. - गिनती) ।

❖ **"तुमने अपने उस परमेश्वर पर भरोसा नहीं किया"** क्रिया (बीडीबी 52, केबी 63, हिलफिल कृदन्त) एक मुख्य सैद्धांतिक शब्द है । यह व्यक्तिगत संबंधी केन्द्र वाचा के आधार से है ।

विशेष विषय : विश्वास (पिसटिस (संज्ञा), पिसटियुओं (क्रिया) पिसटोस (विशेषण)

(क) बाईबल के यह एक महत्वपूर्ण शब्द है (इब्रा. 11:1,6) । यह यीशु के प्रचार का विषय है (मर. 1:15) । दो नई वाचा की मांग यहां पर मौजूद है : पश्चाताप और विश्वास (1:15, प्रे.का. 3:16,19; 20:21) ।

(ख) इसके शब्द साधन

1. पुराने नियम में 'विश्वास' शब्द का अर्थ, ईमानदारी, स्वामीभक्ति, या भरोसा करने योग्य और परमेश्वर के चरित्र का व्याख्या (वर्णन) न कि हमारा है ।

2. यह एक इब्रानी शब्द (एमुन, एमुनाह, बीडीबी 53) से आया हुआ है, जिसका अर्थ "निश्चित होना" या स्थिर रहना है । उद्धारक विश्वास एक मानसिक सहमत (सच्चाइयों को रखना), नैतिक जीवन (जीवनकला) और आदि रूप में एक संबंधी (एक व्यक्ति का स्वागतम्) और संकल्पित समर्पण (एक निर्णय) उस व्यक्ति से है ।

(ग) पुराने नियम में इसके प्रयोग

यह अवश्य ही महत्व देना है कि अब्राहम का विश्वास आने वाले मसीहा में नहीं था, लेकिन परमेश्वर का वायदा, कि उससे एक बच्चा और जातियाँ उत्पन्न होगी (उत. 12:2, 15:2-5, 17:4-8, 18:14) । अब्राहम ने इस वायदे का प्रत्युत्तर परमेश्वर में भरोसा रखकर दिया । उसके पास तब तक संदेह औरसमस्याएँ इस वायदे के बारे में था, जिसे पूरी होने के लिए 13 वर्ष का समय लिया था। उसका अपूर्ण विश्वास उसी तरह परमेश्वर के द्वारा स्वीकृत किया गया, परमेश्वर दोषी मानव जाति के साथ काम करने की इच्छा रखता है जो उसे प्रतिउत्तर और उसके वायदे में विश्वास करत है, यहाँ तक यदि उसका आकार एक राई के दाने के बराबर भी हो (मत्ती 17:20) ।

(घ) नये नियम में इसका प्रयोग

शब्द 'विश्वास' जो है यूनानी शब्द (पिसट्यू) से आया है, जिसे "विश्वास करना", निर्भरता और भरोसा रखना, में भी अनुवाद किया जा सकता है । उदाहरण के लिए, यहुन्नारचित सुसमाचार में संज्ञा प्रकट नहीं करता है, लेकिन कई बार क्रिया का प्रयोग हुआ है । यहु. 2:23-25 में यीशु नासरी के समान मसीहा के प्रति जैसे भीड़ की बाहरी प्रयोग के लिये "विश्वास करना" है यहु. 8:31-59 में और प्रे.का. 8:13, 18-24 । एक प्राथमिक प्रतिउत्तर से अधिक बढ़कर वास्तविक बाईबल संबंधी विश्वास है । यह एक चेले की क्रिया के द्वारा इसका अनुसरण अवश्य ही होना चाहिए (मत्ती 13:20-22, 31-32)

(ङ) विभक्ति के साथ इसका प्रयोग

1. एइस का अर्थ "अंदर" । यह अनोखी रचना विश्वासियों को यीशु में विश्वास भरोसा रखने में महत्व देती है ।

(i) उसके नाम में (यहु. 1:12;2:23; 3:18,I यहुन्ना 5:13)

(ii) उसमें (यहु. 2:11; 3:15, 18; 4:39; 6:40, 7:5, 31,39, 48; 8:30; 9:36; 10:42,;11:45, 48; 17:37, 43; मत्ती 18:6, प्रे.का. 10:45, फिलि. 1:29, I पत 1:8)

(iii) मुझमें (यहु. 6:35, 7:8; 11:25, 26) 12:44, 46:14:1,12; 16:9; 17:20)

(iv) पुत्र में (यहुन्ना 3:36; 9:35, I यहु.5:10)

(v) यीशु ने (यहु. 12:11; प्रे.का. 19:4, गत. 2:16)

(vi) ज्योति में (यहु. 12:36)

(vii) परमेश्वर में (यहु. 14:1)

2. *एन* का अर्थ "में" जैसे यहु. 3:15 में, मर 1:15, प्रे.का 5:14

3. *एपी* का अर्थ "मैं" या पर, जैसे (मती 27:42; प्रे. का. 9:42, 11:17; 16:31;22:19, रोमि 4:5, 24; 9:33; 10:11; I तिमु 1:16; I पत. 2:6) में

4. सम्प्रदान कारक के साथ विभक्ति नहीं है जैसे ग. 3:6, प्रे.का. 18:8; 27:25 I यहु. 3:25; 5:10 में

5. *होटी*, जिसका अर्थ "उस पर विश्वास करना" सारणी देता है जैसे क्या पर विश्वास करना है ।

(i) यीशु मसीह, परमेश्वर का एक पवित्र जन है (यहु: 6:69)

(ii) यीशु मसीह "मैं हू" हैं (यहु. 8:24)

(iii) यीशु में पिता और पिता उसमें हैं (यहु. 10:38)

(iv) यीशु, मसीहा है (यहु. 11:27; 20:31)

(v) यीशु, परमेश्वर का पुत्र है । (यहु. 11:27 ; 20:31)

(vi) यीशु, पिता के द्वारा भेजा गया था (यहु. 11:42, 17:8, 21)

(vii) यीशु ही एक, पिता के साथ था (यहुन्ना 14:10-11)

(viii) यीशु पिता से आया हुआ था (यहु. 16:27,30)

(ix) यीशु ने उसका परिचय, परमेश्वर के वाचा नाम में दिया, "मैं हूं" (यहुन्ना 8:24;13:19)

(x) हम उसके साथ रहेगें (रोमि 6:8)

(xi) यीशु मरा और फिर से जी उठा (I थिस्सु. 4:14)

1:33 जो तुम्हारे आगे आगे इसलिए चलता रहा कि डेरे डालने का स्थान तुम्हार लिए ढूंढे, और रात के आग में और दिन को बादल में प्रकट होकर चला, ताकि तुम को वह मार्ग दिखाए जिससे तुम चलो । परमेश्वर लोगों के सामने रात को आग में और दिन को बादल में प्रकट होकर चला, जिसे "शेकेना महिमा की बादल" से जाना जाता है (निर्गध 13:2-22, 11:19, 24; 19:16-18; 20-21; 24:15, 18; 33: 9-10; लैव्य 16:2;गिनती 9:15-23; 14:14 भ.स.74:14) यह बादल ईश्वरीय उपस्थिति का निर्वासन का चिन्ह है और यह पूरे बाईबल में पाया गया है (I राजा: 8:10;एहेज. 1:4 दानि. 7:13; मती: 24:30; 26:64, 26:64, प्रे.का. 1:9-1; I थिस्तु 4:17; प्रका. 1:17) वह बादलों पर आने वाला है ।

NASB (लिया गया) मूल ग्रन्थ : 1.34-40)

"परन्तु तुम्हारी वे बातें सुनकर यहोवा का कोप भड़क उठा, और उसने यह शपथ खाई निश्चय इस बुरी पीढ़ी के मनुष्यों में से एक भी उस अच्छे देश को देखने न पाएगा जिसे मैंने उनके पितरों को देने की शपथ खाई थी । यहुन्ने का पुत्र कालेब ही उसे देखने पाएगा, और जिस भूमि पर उसके पांच पड़े है, उसे मैं उसको और उसके वंश को भी दूंगा; क्योंकि वह मेरे पीछे पूरी रीति से हो लिया है ।और मुझ पर भी यहोवा तुम्हारे कारण क्रोधित हुआ और यह कहा तु भी वहां जाने न पाएगा । नून का पुत्र यहोशू जो तेरे सामने खड़ा रहता है, वह तो वहां जाने पाएगा, इसलिए तु उसको हिसाब दे; क्योंकि उस देश को इस्राइलियों के अधिकार के लिये लूट में चले जायेगें, और तुम्हारे जो बच्चे अभी भले बुरे का भेद नहीं जानते ; वे वहां प्रवेश करेगें, और उनको मैं वह देश दूंगा, और वे उसके अधिकारी होंगे । परन्तु तुम लोग घूमकर कूच करो और ला समुद्र के मार्ग में जंगल की ओर जाओं ।

1:34 **"यहोवा का कोप भड़क उठा और उसने यह शपथ खाई"** यही संदर्भ शपथ खाई (बीडीबी 989 केबी 1396, निफूल अपूर्ण) का प्रयोग हुआ है जब इस्रायल के साथ एक वाचा संबंधी पर परमेश्वर ने स्वयं को रखा था । अनाज्ञाकारिता श्राम के प्रति वाचा के परिणाम पर यहां पर स्वयं को सौंप रहा है । ध्यान दें कि परमेश्वर का वायदा अब्राहम से सफल होने वाली पीढ़िया थी, लेकिनश्राम सिर्फ एक पीढ़ी के लिए था, जो प्राथमिक बुराई (यहोवा का वायदा उन्हें कनान देने में लेकिन उनका अविश्वास) पीढ़ी की थी ।

1:35 सभी सग्रांमिक उम्र के अनुसार (20 वर्ष और उसने ऊपर के), जिन्होने यहोवा की आज्ञा का अनुसरण करने से इन्कार और देश को पाना चाहा, वे सजा को प्राप्त किये और वे निर्जन प्रदेश में उनकी मृत्यु तक घूमते रहे (38 वर्ष तक) नये नियम में इब्रा. की किताब अध्या 3–4 में इस अविश्वास के बारे में बताता है ।

सिर्फ दो जासूसों ने सुनिश्चित वृतान्त को लेकर आया, कालेब (पद. 36) और यहोशू (1:38) अलगावित थे । वाचा की अनाज्ञाकारिता का परिणाम इस्रायल पर और मूसा के लिए वाचा का श्राप या (व्य. 27–29 व्य. 3:26–27) ।

❖ **"अच्छे देश को"** यह एक बार–बार होने वाला आर्वतक संदर्भ है (निर्ग. 3:8 ; व्य. 1:35; 3:25, 4:21; 22; 8:7, 20; यहोशू 23:13) । अच्छी निर्दिष्ट (क) परमेश्वर की उपस्थिति (परमेश्वर अच्छा है, भ.स. 86:5; 106:1; 107:1; 118:1, 29; 145; 9; और आमोस की समानान्तर भी विशिष्ठ चिन्ह है 5:4, 4, 14, 15) और (ख) "जिस देश में मधु और दूध की धारा बहती है" (निर्ग.3:8, 17; 13:5; 33:3; गिनती 13:27; 14:8; 16:13, 14; व्य. 6:3; 11:9;26:9, 15; 27:3; 31:20 यहोशू 5:6) ।

1:36 **"जिस भूमि पर उसके पांव पड़े है"** वह भूमि जिसे कालेब को मिलेगा और हेब्रोन के चारों ओर उसके द्वारा सम्पत्ति पाने को स्थापन किया गया है । हम सोचते है कि यह एश्कोल घाटी के पास ही है (यहोशू 15:13) जहां दानवों का निवास था ।

❖ **"पूरी रीति से"** इसका अर्थ "पूरे मन से" (बीडीबी 569, केबी 583, पील अपूर्ण) यह बिना मिश्रित विचार को प्रकट करता है, कालेब ने यहोवा को उसके पूरे मन से प्रेम किया और उसके पीछे हो लिया । यह एक सच्ची भक्ति का लक्षण है (गिनती 14:24; 32:11–12; यहोशू 14:8, 9, 14; I राजा 11:6) । इस पद्यांश से यह मिलता है, "पूरे मन और ह्रदय के साथ" (व्य. 6:5; 10:12; 13:3; 30:2; I राजा 9:4; 11:4) ।

1:37 **"और मुझ पर भी यहोवा तुम्हारे कारण क्रोधित हुआ"** मूसा स्वयं की अनाज्ञाकारिता के लिए लोगों के ऊपर दोष लगाने की कोशिश कर रहा था (व्य. 3:26; जैसे आदम ने कोशिश किया, उत. 3:12) लेकिन संकेत है गिनती 20:7–13,24; 27:14; व्य. 4:21

क्रिया ''क्रोधित'' (बीडीबी 60, केबी 72),हितपल अपूर्ण) जो है संज्ञा ''नथुना'' या ''नाक'' से आया है । स्पष्ट रूप से यह प्रदर्शित करता है (1) नथुना का जगमगाना जैसे एक क्रोध का शारीरिक चिन्ह या (2) नासिका संबंधी आवाज से घर्घर करना । यह शब्द का प्रयोग अद्वैत क्रोध के लिये स्थिरता से प्रयोग किया गया है (ईश्वर को मनुष्य के आकार का मानना) (निर्ग. 32:12; व्य. 1:37; 4:21, 9:8, 20; II राजा ; 24:20)

इस शब्द का दूसरे रूप में प्रयोग ईश्वरीय संबंध में संदर्भ है ''विलम्ब से क्रोध करता है'' जो परमेश्वर के धीरज और संयम को महत्व देती है (निर्ग. 34:6 गिनती 14:18, नेह. 9:17; निति. 14:29) ।

1.38 **''नून का पुत्र, यहोशू, जो तेरे सामने खड़े होता है''** पद्यांश जो तेरे सामने खड़े होता है ; एक इब्रानी मुहावरा है जो एक अगुवे को प्रदर्शित करता है । यहोशू जो है मूसा का दाहिना हाथ मनुष्य और शायद यह उसके आनेवाली अगुवापन का किरदान की भविष्यवाणी थी ।

❖ **''उसको हियाव दो''** क्रिया (बीडीबी 304, केबी 302, पील आज्ञात्मक) का अर्थ ''समर्थी बनाना'' (3:28) यहोशू 1:6, 7, 9, 18 में यहोवा स्वयं यह करता है ।

❖ **''क्योंकि उस देश को इस्राइलियों के अधिकार में वही कर देगा''** यह वायदा फिर से पूर्वजों से की गई भविष्यवाणी (उत. 12, 15,18, 26) जो उनके पीढ़ियों का कनान पर अधिकार के बारे में था (3:28; 31:7, यहोशू 11:23) ।

1.39 **''फिर तुम्हारे बाल बच्चे जिनके विषय में तुम कहते हो कि ये लूट में चले जायेंगे''** यह गिनती 14:3,31 को प्रदर्शित करता है । क्योंकि युवाओं के अविश्वास के कारण परमेश्वर उनसे कह रहा है कि बच्चे निश्चित उस देश परअकधार करेगें जैसे उसने वायदा किया है ।

❖ **''जो बच्चे अभी बले और बुरे का ज्ञान नही जानते''** ऐतिहासिक रूप में यह उन बच्चों को प्रदर्शित करता है जो मिस्र से बाहर आये हुए थे । परमेश्वर ने उन पर जिम्मेदारी नहीं रखा जब तक वे वाचा की समझ और समर्पण के योग्य नहीं बने थे ।

इस मूल ग्रंथ में दो बातें/खंबे इसमें दिखाई देते है :-

(1) ''मैं उन्हें यह दूंगा'' (परमेश्वर की श्रेष्ठत्व, पद 8)

(2) ''वे उसे अपने अधिकार में कर ले'' (मानव जाति की पंसद और उत्तरदायित्व पद : 8 में)

विशेष विषय नीचे देखें :

विशेष विषय : जवाबदेही का वर्ष (जीवनकाल)

कलिसिया, पौलूस का अनुकरण करते हुए, उत: 3, पर जैसे मानव का पाप/बुराई का स्रोत है करके ध्यान केन्द्रित करती है । यह ऑगस्टीन/केल्विन के सिद्धांत पर पुष्टिकरण, जो पूर्ण दुष्टता पर महत्व देते है । (मानव जाति की अयोग्यता का प्रत्युतर परमेश्‍वर को असहाय था) । यह केल्विन के सिद्धांत के पांच मूल में से एक और मसीही के मुख्य सिद्धांत में बनी थी ।

किन्तु यहूदी गुरूओं ने उत:3 को कभी भी बुराई का स्त्रोत नहीं माना (कुछ ने उत: 6 पर ध्यानकेंद्रित किया), लेकिन प्रत्येक की जिम्मेदारी उनके ज्ञान और समर्पणता के आधार पर है । वे दो विचारों को स्थिति में रखेंगे (नेफर्स), एक अच्छा और एक बुरे को । एक वह अधिकतर बड़ी बन जाती है, इसलिए, मानव जाति सिर्फ व्यस्क की अवधि और वाचायुक्त ज्ञान/समर्पणता के बाद ही उत्तरदायित्व होते है । (बार मिजवाह, 13 वर्ष लड़कों के लिए और बेट मिजवाह 12 वर्ष लड़कियों के लिए) दूसरे बाईबल संबंधी इस आध्यात्मिक दृष्टि के अनुसार, योना 4:11 औरयाशा : 7:15–16 है ।

तुलनात्तमक शब्दों में इसे रखते है :

(1) पौलूस/ऑगस्टीन/केल्विन, परमेश्‍वर की श्रेष्ठता और मान जपति की आयोग्यता पर केन्द्रितभूत होते है ।

(2) यहुदी गुरू/यीशु मसीह/पौलूस, वाचायुक्त उत्तरदायित्व पर केन्द्रितभूत होते है ।

यह एक या/अथवा नहीं है, लेकिन दोनों/और ! अध्यात्मविद्या सिद्धांतों के प्रकट परसावधानी रखे । यह जानने पाए कि बाईबल संबंधी सच्चाई का प्रस्तुतिकरण खिंचावपूर्ण जोड़ों में किया गया है । विश्‍वासियों को भक्ति जीवन खिवांव के अंदर ही जीना है न कि इच्छा तीव्रता से,आसान उत्तरों का कलंक खेल को खेलने के द्वारा !

1:40 "लाल समुद्र के मार्ग से यह एक मार्ग जिसे राजा का मार्ग" के संबंध में मालूम होता है, जो अकावा की खाड़ी के किनारे एल्ताह से कादेश बर्निया तक जाती है (गिनती 14:258 । यह निर्गमन में मिस्त्रियों का पानी से पार होने को नहीं दिखाता है, जब तक इसका अर्थ "सामान्य निर्देश विषय में " ।

विशेष विषय : लाल समुद्र

I. नाम

(अ) शब्दानुसार नाम याम सुफ है ।

1. ''समुद्र की घासें'' या ''समुद्र की नरकट'' (मिस्रि मूल)

2. ''समुद्र की आखिरी छोर तक (पृथ्वी की)'' (सेमिरिक मूल)

(ब) यह प्रदर्शित कर सकता है

1. खारा जल, 1 राजा 9:26 (अकाबा की खाड़ी);यहु. 2:5 (मेडिट रेनियन समुद्र)

2. ताजा जल, निर्ग 2:3 ; याशा; 19:26

(स) सेफ्युजेन्ट ने प्रथम अनुवाद में इसे ''लाल समुद्र'' कहा । संभवत: ये अनुवाद इसे एदोम (लाल) की समुद्र से संबंधित किये थे । यह नाम लैटिन भाषान्तर और किंग जेम्स अंग्रेजी अनुवाद के द्वारा स्थिर किया गया ।

II. स्थापना

(अ) अनेक पानी के प्रथम अंश इस नाम के द्वारा प्रमाणित हुए है :

1. मिस्र और सीनै प्रायद्वीप केबीच पानी का संकरा अंश लगभग 190 मील लंबा था (स्युऐज की खाड़ी)

2. सीनै प्रायद्वीपऔर अरबिया के बीच पानी का अंश लगभग 112 मील लंबा (अकाबा की खाड़ी)

(ब) यह नील डेल्टा के समीप पर टेनिस जोआन अवारीस, रामसेस उत्तर पूर्वी भाग में छिदले दलदली क्षेत्र से संबंधित हो सकता है, जो मेनजालेह झी के दक्षिणी किराने पर है (दलदली प्रदेश) ।

(स) यह दक्षिण के गुप्त जलों में लाक्षणिक रूप से प्रयोग किये जा सकते है, कई बार समुद्र की छोर तक प्रयोग हुए है (पृथ्वी की) । इसका मतलब यह प्रदर्शित कर सकता है ।

1. आधुनिक लाल समुद्र (स्युएज की खाड़ी याअकाबा की खाड़ I राजा 9:26)

2. भारतीय समुद्र (हेरोजेटल 1.180)

3. परसिया खाड़ी (जोसेफस, एण्टिक 1.7.3)

III. गिनती 33 में सुफ

(i) गिनती 33:8 में पानी का अद्भुत रीति से विभाजन होना ही सुफ कहलाता है ।

(ii) गिनती 33:10,11 में याम सुफ के द्वारा इस्राईलियों को डेरे खड़े करने के लिए कहा गया ।

(iii) जल की प्रधान अं. की दो भिन्नताएँ :

1. प्रथम, लाल समुद्र नहीं है (स्युऐज की खाड़ी)
2. द्वितीय, संभवत: लाल समुद्र है (स्युऐज की खाड़ी)

IV. पुराने नियम में तीन प्रकार से सुफ का प्रयोग हुआ है :

1. यहोवा के द्वारा जल को विभाजित करा, इस्राइलियों को उस पार भेजना था, लेकिन मिस्रि सैनिकों को डुबाकर मारना था ।
2. लाल समुद्र की उत्तर दक्षिणी फैलाव (स्युऐज की खाड़ी)
3. लाल समुद्र की उत्तर पूर्वी फैलाव (स्युऐज की खाड़)

V. संभवत: याम सूफ का अर्थ "समुद्र नरकट" नहीं है क्योंकि

1. लाल समुद्र (नाभकीय जल) में कोईनरकट वृक्ष जिससे कागज बनता है) नही था/है ।
2. मिस्त्री शब्दसाधन में भूमि को अनुमानित किया गया है,न कि झील को ।

VI सेमिटिक मूल शब्द "छोर" से सुफ आया है, और दक्षिणी की गुप्त अनजान जल को प्रदर्शित करती है (देखें बेर्नर्ड एफ. बेट्स, लाल समुद्र या नरकट समुद ? याम सुफ का क्या है वास्तविक अर्थ इन अपरोयेस टू द बाईबल बोल.1, पृ.क्र. 291-304).

NASB (व्याख्या किय गया) मूलग्रंथ 1:41-46

"तब तुमने मुझ से कहा, हम ने यहोवा के विरूद्ध पाप किया है, अब हम अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञा के अनुसार चढ़ाई करेगें और लड़ेंगे । तब तुम अपने-अपने हथियार बाधकर पहाड़ पर बिना सोचे समझे चढ़ने को तैयार हो गए । तब यहोवा ने मुझसे कहा, 'उनसे कह दे कि तुम मत चढ़ो, और न लड़ो, क्योंकि मैं तुम्हारे मध्य में नहीं हूं कहीं ऐसा न हो कि तुम अपने शत्रुओं से हार जाओ ।' यह बात मैंने तुमसे कह दी, परन्तु तुम ने न मानी, किन्तु ढिठाई से चहोवा की

आज्ञा का उल्लंघन करके पहाड़ पर चढ़ गये । तब उस पहाड़ के निवासी एमोरियों ने तुम्हारा सामना करने को निकलकर मधुमक्खियों के समान तुम्हारा पीछा किया, और सेईरदेश के होर्मा तक तुम्हें मारते–मारते चले आए । तब तुम लौटकर यहोवा के सामने रोने लगे; परन्तु यहोवा ने तुम्हारी न सुनी, न तुम्हारी बातों पर कान लगाया। और तुम कादेश में बहुत दिनों तक पड़े रहे, यहां तक कि एक युग हो गया ।

1:41 "हमने यहोवा के विरूद्ध पाप किया है, "अब हम अपने परमेश्वर की आज्ञानुसार चढ़ाई करेंगे और लड़ेंगे" इसका प्रगटीकरण परिणाम संबंधी पश्चाताप है । अध्यात्मविद्यासे यह कई बार मौके को चुक जाने को दिखाता है, क्योंकि अविश्वास के कारण, पुन: नहीं हो सकता है । इस संदर्भ में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है कि वे यहोवाकी आज्ञा को नहीं मान रहे थे (पद 43) । यह अध्यात्मिक सच्चाई कई पुराने नियम की ऐतिहासिक वृतान्तों का मुख्य केन्द्र बना हुआ है ।

1:42 "मैं तुम्हारे मध्य में नहीं हूं" विजय को प्राप्त करना उनका संग्रामिक सामर्थ नहीं था, लेकिन यहोवा की उपस्थिति थी (पढ़ 43) ।

1:43 इस्राइल के समानान्तर व्याख्या पर ध्यान दें :

(1) "तुमने नहीं सुना" – बीडीबी 1033, केबी 1570 क्वेल अपूर्ण

(2) "तुमने आज्ञा के विरूद्ध विद्रोह किया" – बीडीबी 598, केबी, हिलफिल अपूर्ण

(3) "स्वयं के विचार से कार्य किया" – बीडीबी 267, केबी 268, हिलफिल अपूर्ण

यदि इस्राइल, यहोवा की बात पहले सुने होते और ऐसा ही किये होते तो वे सफलता को प्राप्त करते, लेकिन अब ऐसा करके,यह उनके लगातार स्वयं स्थापित असभ्यता को दिखाता है ।

इस संदर्भ में स्पष्ट दिखाता है कि आज्ञाकारिता उसके वाचायुक्त वायदों, उपस्थिति और सामर्थ की पूर्णतया से संबंधित है ।

1:44 "उस पहाड़ी के निवासी एमोरियों ने" देखें विषेश विषय: पलिश्तिके इस्राइली पूर्व के निवासियों 1:4 पर

- NASB "कुचल डाला"
  NKJV "तुम्हें बाहर निकाल दिया"
  NRSV "तुम्हें मार डाला"
  TEV "तुम्हारा शिकार किया"
  NJB "तुम्हारा पीछा किया"

क्रिया (बीडीबी 510, केबी 507, हिलफिल अपूर्ण) का अर्थ ''भारकुट खण्डों में करना''। यह गिनती 14:45 में बताया गया है ।

विशेषण का उपयोग जैतून के कूटके हुए तेल के लिए हुए था । (निर्ग.39:40; गिनती 28:5) । इसका प्रयोग इनके नाश के लिए हुआ (क) सोने का बछड़ा (व्य. 9:21)और (ख) मूर्तियों के टुकड़े-टुकड़े किये जाने के लिए (मीका, 1:7)

❖ **''सेईट से''** सेईट दर्शाता है एदोम को ।

❖

NASB, NKJV
NJB **''होर्मा तक''**
NRSV, TEV **''दूरी जितनी होर्मा तक''**

होर्मा का अर्थ ''शाप का स्थान'' है । शब्द (बीडीबी 356) का अर्थ ''नाशवान के लिये समर्पित'' है, जो गिनती 21:3 को प्रभावित करती है । इसे वास्तविक रूप से जेफात कहा गया है । (न्या. 1:17) इस्राइलियों ने इसे नाश करने के बाद, उन्होंने इसे भक्तिपूर्ण नाश हुआ/यहोवा के लिए (मरीहो के समान, यहोशू 6-7) इसे बेर्शबा के उत्तरी पूर्व, शिमौन के जातियु बटवारें में स्थान दिया गया ।

शब्द-संसाधन (बीडीबी 723III) संकेत करता है कि कनानियों/एमोरियों ने इस्रालियों का पीछा एदोम (सेईट) से बेर्शेबा के उत्तर पूर्व क्षेत्र तक किया, जहां उन्होंने पूर्णतया से उन्हें हराया । यहोवा उन विद्रोहियों और हठी लोगों के साथ नहीं था ।

1:45 ''तब तुम लौटकर यहोवा के सामने रोने लगे'' बाहरी रूप से लोग रोने लगे, लेकिन परमेश्वर उनके हृदय को जानता था । यह दुख परिणामों के आधार पर था, न कि पश्चाताप के लिए था ।

❖ **''परन्तु यहोवा ने तुम्हारी न सुनी, न तुम्हारी बातों पर कान लगाया''** ऐसा नहीं है कि परमेश्वर ने उनकी नही सुनी, लेकिन उसने उन पर ध्यान नहीं दिया । उसने उनकी सुनी, लेकिन कहां ''नहीं''। पाप हमेशा परिणाम को लेकर आता है यहाँ तक क्षमा किया गया पाप भी !

चर्चा योग्य प्रश्न

यह एक मार्गदर्शक अध्ययन टीका है जिसका मतलब बाईबल के अनुवाद करने के द्वारा आप ही स्वयं उत्तरदायी होगें हमारे पास जो प्रकाश है उसी पर प्रत्येक को चलना है । आप, बाईबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में प्रधान है । आपको सिर्फ टीका का लिखने वाले पर ही नहीं छोड़ देना है ।

ये विवादपूर्ण प्रश्न आपको इस पुस्तक मुख्य प्रकाशन के द्वारा सोचने में सहायक बनेगी । वे सोचने में उत्साहपन लेकर आयेगें न कि निश्चितता को ।

1. व्य. की मुख्य उद्देश्य क्या है ?
2. सीहोन और ओग यहां संक्षेप रूप में क्यों है जबकि वे अध्याय 2 और 3 में पूर्ण विवाद किया गया है ?
3. मूसा के न्यायाधीश पद्धति की एक बड़ी विषय की सूची बनाओं ?
4. दानव कहां से आये थे ?
5. क्यों इस्रायल पर परमेश्वर इतना क्रोधित था ?
6. क्या इस्रालिययों का पश्चाताप परमेश्वर के निर्णय को प्रभावित किया ?

*****

व्यवस्था विवरण 2

आधुनिक अनुवादों का वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
निर्जन वर्ष	ऐतिहासिक पुन: दृष्टि (1:1-3:29)	निर्जन में वर्षकाल	कादेश से अमोन तक
	1:46-2:8 अ	1:46-2:1	
2:1-7			2:1-7
		2:2-6	
		2:7	
2:8-15		2:8-9	2:8-13
	2:8 ब -13 अ		
		2:10-12	
	2:13 ब - 15	2:13-15	2:13 ब-15
2:16-23	2:16-25	2:16-19	2:16-25
		2:20-23	
2:24-25		2:24-25	
राजा शीहोन की पराजय		राजा शीहोन को इस्राइल हराता है	शीहोन के राज्य की विजय
2:26-37	2:26-30	2:26-29	2:26-29
		2:28-30	2:30-37
	2:31-37	2:31-37	

तृतीय चक्र अध्ययन (देखें पृ. vii प्रस्तावना भाग में)

लेखक के वास्तविक विचार इस वाक्य खण्ड तुल्यता पर

यह एक मार्गदर्शक अध्ययन टीका क्रम है,जिसका अर्थ, बाईबल के अनुवाद करने के द्वारा आप स्वयं ही उत्तरदायी होंगे । हमारे पास जो प्रकाश है उसी पर प्रत्येक को चलना है । आप, बाईबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में प्रधान है। आपको सिर्फ टीकाक्रम को लिखने वाले पर नहीं छोड़ देना है ।

एक क्रम से अध्याय को पढ़िये । कर्ता या विषय के पहचाने (अध्ययन चक्र #3, पृ.vii)चार आधुनिक अनुवादों को जो ऊपर है उनके साथ आपके विषय को तुलना कीजिए । वाक्यखण्ड प्रेरणा से नहीं है, लेकिन यह लेखक के विचार को जानने की कुंजी है, जो व्याख्या का हृदय है । प्रत्येक वाक्यखंड में एक और सिफ एक विषय है ।

(क) प्रथम वाक्यखण्ड

(ख) द्वितीय वाक्यखण्ड

(ग) तृतीय वाक्यखण्ड

(घ) इत्यादि

अध्याय 2 का संक्षेप रेखाचित्र

(क) एदोम के साथ इस्राइल का संबंध (पद, 4-7)

(ख) मोआब के साथ इस्राइल का संबंध (पद, 8-15)

(ग) अम्मोन के साथ इस्राइल का संबंध (पद 6-19)

(घ) पद 20-23 तक रिफेम एक अप्रधान वचन से संबंधित है ।
(देखें विशेष विषय 1:28 में)

(ङ) यरदन के पूर्वी किनारे पर एमोरियों के साथ इस्राइल का संबंध

वचन और संक्षिप्त वचन अध्ययन

NASB (व्याख्या) मूल ग्रंथ : 2:1-7

"तब उस आज्ञा के अनुसार, जो यहोवा ने मुझको दी थी, हम ने घुमकर कूच किया और लाल समुद्र के मार्ग के जंगल की ओर गए और बहुत दिन तक सेईट पहाड़ के बाहर-बाहर चलते रहे । तब यहोवा ने मुझेसे कहा, तुम लोगों को इस पहाड़ के बाहर-बाहर चलते हुए बहुत दिन बती गए, अब घूमकर उत्तर की ओर चलो । और तुम प्रजा के लोगों को मेरी यह आज्ञा सुना, कि तुम सेईट के निवासी अपने भाई एसावियों की सीमा के पास होकरन जोने पर हो; और वे तुम से डर

जायेगें । इसलिए तुम बहुत चौकस रहो; और न छेड़ना, क्योंकि उनके देश से मैं तुम्हें पांव रखने की जगह तक न दूंगा, इस कारण कि मैंने सेईट पवर्त एसावियों के अधिकारमें कर दिया है । तुम उनसे भोजन रूपये से मोल लेकर खा सकोगें, और रूपया देकर कुआं से पानी भरके पी सकोगें । क्योंकि तुम्हारा परमेश्वर यहोवा तुम्हारे हाथों के सब कामों के विषय तुम्हें आशीष देता आया है, इस भारी जंगल में तुम्हारा चलना फिरना वह जानता है; इन चालीस वर्षों में तुम्हारा परमेश्वर यहोवा तुम्हारे संग-संग रहा है और तुम को कुद घटी नहीं हुई ।

2.1 “**जंगल**” अनेकों जंगल निर्गमन से जुड़े हुए हैं ।

विशेष विषय : निर्गमन का जंगल

(क) शूर काजंगल – उत्तर पूर्व मिस्र में (निर्ग. 15:22)

(ख) पारान का जंगल – मध्य सीनै प्रायद्वीप (उत. 21:21, गिनती, 10:12, 12:16, 13:3, 26

(ग) पाप का जंगल –दक्षिणी सीनै प्रायद्वीप (निर्ग. 16:1; 17:1; गिनती 33:11,12; सीनै का जंगल भी कहा गया है निर्ग: 19:12, निगती 1:1, 19; 3:4, 9:1,5)

(घ) जीन का जंगल – दक्षिणी कनान (गिनती 13:21; 20:1, 27:14; 33:36; 34:3; व्य. 32:51)

❖ “**लाल समुद्र के मार्ग से**” यह अराबा मार्ग (अकाबा की खाड़ी के मार्ग पर) को प्रदर्शित करती है जो यरदन दरार घाटी में है,जो लाल समुद्र की उत्तर और दक्षिणी दोनों तरफ बहती है (पद 8) । यह एक चौड़ी घाटी है जो एल्ताह की शहर या अकाबा की खाड़ी पर एजियोन गेबर के पास से प्रारंभ होती है और एदोम और मोआब और अमोरी से दमिश्क के राज्य, सीरिया के हृदस से जाती है । पुराने नियम में राजा का मार्ग कहा गया है । (गिनती 20:17, और 21:22)

शब्द लाल समुद्र (बीडीबी 410 निर्साणित 693 के साथ) यर्था है । नरकट का समुद्र/घासें । यह शब्द अनजान और गुप्त जल दक्षिण की ओर के लिये प्रयोग हुआ है । यह पानी के प्रधान अंश को प्रदर्शित कर सकती है इस्रायली निर्गमन में पार किये और, जैसे यहां और 1:40, पानी के प्रधान अंश जो सीनै प्रायद्वीप की पूर्वी तरफ अकाबा की खाड़ी पर स्थित है । पुराने नियम के एक पद्यांश में शब्द भारतीय समुद्र को प्रदर्शित करता है । देखें विशेष विषय 1:40 में ।

❖ **"जो यहोवा ने मुझसे कहा था"** व्यवस्थाविवरण स्वयं वर्णन करता है जैसे एक प्रकाशन यहोवा से मूसा को (पद : 1, 2, 9, 17, 31) यहोवा ने उसके लोगों को इनके द्वारा निर्देशित किया :

(क) मूसा को सीधा प्रकाशन

(ख) शेकेना की चाल महिमा का आकाश

(ग) उरीम और थुमीम का प्रयोग (महायाजक)

❖ **"सेईट पर्वत"** यह एदोम की भूमि को प्रदर्शित करती है (पद 5; 1:2 निर्ग. 3:1; 17:6)

2:3

NASB	**"चक्कर लगाया"**
NKJV, NRSV	**"किनारे किनारे चला"**
TEV	**"भटकते रहना"**
NJB	**"बहुत दूर चले गये"**

इस क्रिया (बीडीबी 685, केबी 738, क्वेल अनिश्चित निर्माण पढ़ 3 में औरएक आज्ञातम्क पद 1 में) का अर्थ "बाहर बाहर घूमना", "चक्कर लगाना", "चारों ओर" बुरी अविश्वास पीढ़ी के कारण इस्रालियों के पास सही निर्देश नहीं था । वे 38 वर्ष तक कादेश-बर्निया के चारों ओर चक्कर मारते रहे । लेकिन मूसा को यहोवा विशेष, स्पष्ट निर्देश देने वाला है । "चक्कर लगाना" या "किनारे-किनारे चलना" इस मूल शब्द में अच्छी बैठती है ।

अब घूमकर उत्तर की ओर चले यह गिनती 20 से संबंध रख सकती है । जहां इस्रालियों ने पूछा कि वे एदोम की भूमि को पार करना है, लेकिन एदोमियों ने उन्हें जाने नहीं दिया । उन्होने पूछा कि हमें अपने देश से होकरजाने दें और उन्होंने भी कहा नहीं । यह एक शीघ्र होने वाली घटना का ज्ञाज्ञ तथ्य है (आईसीसी. पृ.34) यहां वे पूछ रहे है कि वे राजा के मार्ग सेहोकर जानाचाहते है जो इन देशों के बीच से होकर जाता है । वे भोजन और पानी खरीदना भी चाहते है, लेकिन एदोमियों और मोआबियों (लूत और एसाब के द्वारा इस्राइल के संबंधी) ने कहा "नहीं" । एदोम से होकर जाने की बजाय वे उनके सीमा के बाहर से गये ।

इसी प्रकार अनेक इब्रानी शब्द, इस एक (बीडीबी 815, केबी 937) पास राशिभूत है यथार्थ अर्थ (यहां) और एक पुष्टिकरण, आलंकारिक अर्थ, "घूमकर" इब्रानी शब्द कई बार "पश्चाताप" के लिये अनुवाद हुआ । (II राजा 17:13, II इति 30:6; याशा 44:22; यिर्म 3:11-4:2, होशे 14:1)

2:4 **"आज्ञा"** इस शब्द (बीडीबी 845, केबी 1010, पील आज्ञात्मक) के समान "नई दिशा" अपनाना (बीपीडी 815, केबी 937, क्वेल आज्ञात्मक पद;3 में, दिखाता है कि यहोवा की आज्ञाओं को मूसा शत प्रमाणित कर रहा है । (जैसे हीथपील अनिश्चित प्रयोग हुआ जैसे एक आज्ञार्थक पद; 5 में "उन्हें न छेड़ना") । वह व्यक्तिगत तौर से उनकी यात्रा का निर्देश दिया ।

❖

NASB	**"तुम्हारे भाईयों"**
NKJV,	**"तुम्हारे भाईयों"**
NRSV	**"तुम्हारे सगोत्र"**
TEV	**"तुम्हारे दूरस्थ संबधी"**
NJB	**"तुम्हारे संबधी"**

इब्रानी शब्द "भाई" के दुविधापन को अंग्रेजी अनुवाद दिखाता है (बीडीबी 26) । इसका प्रयोग कई बार एदोम के लिए हुआ है (एसाव की वंशावली, गिनती 20:14; व्य. 2:4, 8, ओबघाह, पद : 10)

❖ **"वे तुम से डरेगें"** यह एक भविष्यवाणी का कथन हे, जो छुटकारे का गीत की ओर जाता है जिसे मरियम ने लाल समुद्र पार, अद्‌भुत रीति से होने के कारण परामेश्वर की स्तुति के लिजए गाई थी । परमेश्वर ने बताया कि "एदोम और मोआब, इस्राइलियों से डरेगें" (निर्ग:15:15)

2:4, 9, 19 इस अध्याय के पूरे भाग में परमेश्वर के प्रभुत्व से संबंधित अनेक सूची योग्य संदर्भ है :-

"मैं नही दूंगा" (पद 4, 9 19)
"मैने दे दिया है" (पद 5,9)
"यहोवा ने दिया" (पद 12)
"हमारा यहोवा परमेश्वर हमें दे रहा है" (पद 29)
"हमारे परमेश्वर ने उसको हमारे द्वारा हरा दिया" (पद 33)

यह अध्याय अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं में परमेश्वर की प्रभुत्व को दर्शाता है (32:8, नहे. 9:2) क्यों प्रत्येक वाक्यखण्ड प्रभाव डालाता है कि यहोवा ही है जिसने एक निश्चित जन सकूह को निवास करने के लिए एक देश दिया । यह अध्याय दिखाता है कि यहोवा ने केवल इस्राइल को

देश नहीं दिया, लेकिन उसने अमुक को प्रत्येक देश दिया । कुछ लोगों ने उनकी (देश) भूमि, पापों के कारण खोई, (उत. 15:16) और इसाइल भी एक अवधि के लिए उसकी (देश) भूमि को खोई (असिरिया और बेबीलोन की बुधुआई) उसकी पाप अनेक ईश्वरों पर विश्वास करने वालों केदिनों में, यह एक अद्‌भुत कथन है एक ही ईश्वर पर विश्वास करने वालों के द्वारा । एक ही और सिर्फ एक ही परमेश्वर है (व्य. 6:4-6) वही सिर्फ अकेला है जो एदोमियों मोआबियों और अमोरियों इत्यादि भी देश देता है (सेप्टुयुजेन्ट (LXX) में व्य. 32:8)

NASB, NRSV,

REB **"इसलिए बहुत चौकस रहो"**

NKJV, **"इसलिए तुम बहुत ही चौकसपूर्वक रहो"**

TEV **"अगले पद; 5 के साथ इस शब्द संसाधन कामिश्रण में, उन्हें न छेड़ना"**

NJB **"और तुम सुरक्षितपूर्वक रहोगे"**

मूलार्थक वाक्यखण्ड "इसलिए बहुत चौकस रहो" (एक संगम, क्रिया (बीडीबी 1036, केबी 1581, निफेल अपूर्ण) और क्रिया विशेषण (बीडीबी 547) । सेप्टयुजेन्ट भी के समान है ।

इस वाक्यखण्ड को, अनेक नमुनों में, व्यवस्थाविवरण की पुस्तक में कई बार प्रयोग किया गया है (2:4; 4:9, 15, 23; 6:12, 8:11; 11:16; 12:13, 19, 30 15:9, 24:8) । यह संकेत करता है "अपने मन को चौकस रखों" "ध्यान दें, जो आप कर रहे हो आपके कार्यो की दुविधापन के विषय में स्पष्ट रूप से विचारें " ।

2:5

NASB **"तुम्हें पांव रखने का ठोर तक न दूंगा"**

NKJV **"एक पांव तक रखने न दूंगा"**

NRSV, NJB **"पांव रखने की जगह तक न दूंगा"**

TEV **"एक पांव को स्थिर रखने न दूंगा"**

यह एक अपूर्व इब्रानी शब्द है (बीडीबी 204) । यह एक पांव रखने की जगह को बताता है । इसी के समान मूल 11:24 और यहोशू 1:3 में प्रयोग हुआ है । एक विचार में यह यहोवा की ओर से उत्साहना का शब्द है । उसने एदोम औरमोआब दोनों को देश दिया हुआ था । इसके प्रत्येक इंच पर उनका अधिकार था । वह इस्राइल को देश देने की क्रिया में था। उसका उपहार स्वरूप देश सुरक्षित था ।

अब इसका अन्ततः अवश्य ही, पाप के कारण ही से, इन देशों ने (एदोम और मोआब) उनके देश को खोया और लोगों के जैसे नष्ट हुए । सभी उपहार स्वरूप देश अधीन थे । यह भी इस्रायल की सच्चाई है (असिरिया और बेबिलोन बहिष्कार करता है) सभी परमेश्वर की वाचायें (उत. 6 और 15 के अलावा) अधीन है ।

उसके मुक्ति देने का वायदा निश्चित है (निरपेक्ष) लेकिन प्रत्येक व्यक्ति/राष्ट्र अवश्य ही प्रत्युत्तर और लगातार प्रत्युत्तर में विशिष्ठ कार्यलीन होना है । एक लगातार होने वाली, आज्ञाकारी विश्वास प्रामाणिक संबंधित है । पुराने और नये नियम दोनों में यहोवा, विश्वास, पश्चाताप, आज्ञाकारिता, दीर्घ प्रयत्न की आकांक्षा करता है ।

2:6 इस्रायल को उनके देश के ऊपर एदोन का प्रभुत्त्व देख, जिसे परमेश्वर (यहोवा) नेदियाथा, उन्हें भोजनऔर पानी दोनों को खरीदना था ।

1. "भोजन मोल लो" (बीडीबी 991, केबी 1404, क्वेल आज्ञत्मक)
2. "पानी खरीदो" (बीडीबी 500, केबी 497, क्वेल आज्ञात्मक)

2.7 "**इन चालीस वर्षों में तुम्हारे परमेश्वर यहोवा तुम्हारे संग-संग रहा हे, और तुम को कुछ घटी नहीं हुई है**" यह पद्यांश परमेश्वर के प्रेम को बतताताहै, तब भी जब इस्राइल ने उसके विरोध में विद्रोह किया था । (परमेश्वर के वायदा जो उन्हें कनान देश दने में, उनमें विश्वास की कमी पाई गई)

जंगल में भटकने का समय, इस्राइल की पीढ़ी को थोड़े से विश्वास के कारण एक न्यास था, लेकिन बाद में यह यहोवा की व्यक्तिगत उपस्थिति और प्रावधान में बदल गया । यहूदी गुरू इसे यहोवा और इस्रायल के बीच आनन्दपूर्ण मिलन की अवधि कहते है । यहोवा ने प्रबंध किया :

1. सुरक्षा
2. व्यक्तिगत नीति
3. भोजन
4. पानी
5. कपड़े जो कभी नहीं फटने पाए
6. युद्ध में विजय

NASB मूल ग्रंथ : 2:8–15

''यों हम सेईर निवासी और अपने भाई एसावियों के पास से होकर, अराबाके मार्ग, और एलत और एस्योनगेबर को पीछे छोड़कर चले । फिर हम मुड़कर मोआब के जंगल के मार्ग से होकर चले । और यहोवा ने मुझसे कहा, मोआबियों को नसताना, और न छेड़ना, क्योंकि मैं उनके देश से कुछ भी तेरे अधिकार में न कर दूंगा क्योंकि मैंने आर को लुतियों के वंशजों के अधिकार में किया है । (पुराने दिनों में वह वहां एमी लोग बसे हुए थे, जो अनाकियों के समान बलवन्त और लंबे लंबे और गिनती में बहुत थे । और पुरानें दिनों में सेईर में होरी लोग बसे हुए थे, परन्तु एसावियों ने उनको उस देश से निकाल दिया, और अपने सामने से नष्ट करके उनके स्थान पर आप बस गए, जैसे कि इस्राइलियों ने यहोवा के दिए हुए अपने अधिकार के देश में किया । अब तुम लोग कूच करके जेरेद नदी के पारजाओ । तब हम जेरेद नदी के पास आए । और हमारे कादेश बर्ने को छोड़ने से लेकर फेरेद नदी पर होने तक अड़तीस वर्ष बीत गए, उस बीच में यहोवा की शपथ के अनुसार उस पीढ़ी के सब योद्धा छावनी में से नष्ट हो गए । और जब तक वेनष्ट न हुए तब तक यहोवा का हाथ उन्हें छावनी में से मिटा डालने के लिए उनके विरूद्ध बढ़ा ही रहा ।''

2:8 ''यों हम सेईर निवासी और अपने भाई एसावियों के पास से होकर'' इस ''भाइयों'' का प्रयोग कुछ ताने की तरह का है । वे संबंधी थे । वे एक ही पूर्वजों, इसहाक और रिबका से आये हुए थे, लेकिन वे संबंधियों के सिवाय हर प्रकार का व्यवहार कर रहे थे ।

'सेईर' एदोम देश में स्थित पर्वतीय पक्ति को प्रकटीकरण करती है । इसलिए 'सेईर' और ''एदोम'' पर्यायवाची है ।

2.8,27 ''अराबा के मार्ग'' यह ''राजाओं के प्रधान सड़क को दिखाता है'', जो आकाबा की खाड़ी से दमिश्क तक जाती है (पद1 और गिनती; 20:17, 19; 21:22) ।

2.8 ''एलात'' शब्दानुसार यह ''ताड़ के वृक्षों'' को दिखाता है (बीडीबी 19) । संभवत: यह एफियोन–गेबेर के समीप है (I राजा:9:26), जो अकाबा के खाड़ी के उत्तरी छोर पर स्थित है ।

❖ **''मोआब के जंगल के मार्ग ''** मेकमिलन बाईबल एटलस, मानचित्र 10, इस निर्जन मार्ग को समानान्तर में जैसे ''राजाओं के प्रधान सड़क'' के रूप में दिखाता है, लेकिन पूर्व के लिए है । दक्षिणी छोर एदोम से होकर जाता है और जिसे ''एदोम के जंगल के मार्ग '' के नाम से जाना जाता है । (II राजा 3:8) । राजा का प्रधान सड़क और यह छोटा निर्जन मार्ग, रब्बात–बेने–

अम्मोन पर, जो यरीहों के पूर्व में स्थित है, वहां मिलता है ।

2.9 "मोआबियों को न सताना और न छेड़ना" यह एदोम के बारे में 2:5, से समानान्तर है । शब्द अलग अलग है लेकिन विचार एक है ।

दोनों क्रियाएं आज्ञार्थक है :-

1. "सताना" (बीडीबी 894 III, केबी 1015, क्वेल आज्ञात्मक, निर्ग 23:22, एस्ते 8:11)
2. "छेड़ना" (बीडीबी 173, केबी202, हितपील आज्ञार्थक, पद 19, 24, नीति 25:4,दानि. 11:10)

❖ **"आर"** यह या तो सामान्य में मोआब या इसके राजधानी शहर से संबंध है । (गिनती, 21:1528, व्य. 2:9, 1829; याशा 15:1) यह अम्मोन नदी के बायी किनारे पर स्थापित था ।

❖ **"लूतियों के वंशजों के अधिकार"** देखें उत. 19:38 ।

2:10-12 ये आयतें एक सम्प्रदायिक संबंधी व्याख्या है, जैसे पद 20-23; 3:9,11,13-14 है । ये सभी दानवों के लिए शब्द है; (क) एमिम (पद 10,11) (ख) अनाकिम (पद 10, 11, 21) और (ग) रपीम (पद 11, 20) । इन शब्दों का अर्थ हो सकता है या तो (1) बडी यालंबी आकर में ; (2) एक विशेष जाति संबंधी उत्पत्ति के लिए; या (3) आगामी याशायाह और यिर्मयाह में, इसका प्रयोग मृत्यु के प्रदेश के लिए हुआ है । संभवत: यह यहां पर आकार को दिखाता है । देखे विशेष विषय 1:28 में ।

2:12 "होरी" यहां हुरीयों (एबीसी वोल, 3, पृ. 335-338)और होरी (बीडीबी 360) के बीच संबंध के विषय में कुछ शर्त है । मैं विश्वास करता हूं कि वहां विभिन्न प्रकार के लोग थे,हालांकि यहां पर स्वामताभिमानी होने को कुछ नहीं है (नेट बाईबल पृ. 348 # 5) । होरी एक सेईर/एदोम के प्रदेश में रहने वाले जाति समूह है, पहले एदोम एक देश था (उत. 14:6, 36:20-30)

2:13 "अब तुम लोग कूच करके पार जाओ" ये दोनों क्रियाएं (बीडीबी 877, केबी 1086 और बीडीबी 716, केबी 778) दो क्वेल आज्ञात्मक है । मूसा को सचमें क्या करना है अभी तक

यहोवा कह रहा है ।

❖ **"जेरेद नदी"** यह मोआब ओर एदोम के बी की एक वादी का नाम है (गिनती 21:12 वादी एक धारा से बही हुई इकट्ठी मिट्टी से पूर्ण शिकार जहां पानी वर्षा के ऋतु में बहती है, एक ऋतु संबंधी स्त्रोत, न कि नदी है । पानी की धारा से इक्टठी मिट्टी प्राय: एक "मार्ग" का रूप लेती है । यह एदोम और मोआब के बी सीमा का रूप लिया ।

शब्द "जेरेद" का अर्थ (बीडीबी 279) मालूम नहीं हुआ ।

2:14 "अब यह हमारे अड़तीस वर्ष कासमय लिया था" यह जंगल में भटकने के का एक सारांश पद है (पद: 7)।

2:14-16 "उस पीढ़ी के सब योद्धा" प्रत्येक पुरूष 20 और 50 वर्ष की उम्र के बीच को योद्धा के रूप में सम्मिलित हुआ है (निर्ग 30:14; 38:26,गिनती 1:3, 14:29) । इन सभी बुरी अविश्वास पीढ़ी (विश्वास की कमी यहोवा के वायदे दिये जाने पर) को मरना था (पद 15) उससे पहले कि सब नये इस्रायली उस वायदे को देश को प्राप्त करते है ।

❖ **"यहोवा की शपथ के अनुसार"** देखें गिनती 14:28-29, व्य. 1:34-35

2:15 "यहोवा का हाथ देखें" विशेष विषय नीचे दिया गया है ।

विशेष विषय : एक मानव के जैसे परमेश्वर को वर्णित किया गया है (ईश्वर को मनुष्य केआकार का मानने का सिद्धांत)

(क) पुराने नियम में भाषा के प्रकार बहुत सामान्य है ।

(I) शारीरिक देह के अंग

1. आँख - उत. 1:4,31; 6:8; निर्ग. 33:17; गिनती 14:14; व्य 11:12; जर्कयाह 4:10
2. हाथ - निर्ग. 15:17,गिनती 11:23; व्य. 2:15
3. भुजा - निर्ग. 6:6;15:16 गिनती 11:23; व्य. 4:34;5:15
4. कान - गिनती, 11:18; I शमु. 8:21; II राजा 19:16; भ.स. 5:1;10:17; 18:6
5. चेहरा - निर्ग 32:30; 33:11;गिनती, 6:25; व्य. 34:10; भ.स. 114:7
6. अंगुली - निर्ग; 8:19; 31:18; व्य. 9:10; भ.स. 8:3
7. आवाज - उत. 3:8, 10; निर्ग. 15:26; 1919, व्य. 26:17; 27:10
8. चरण - निर्ग. 24:10 यहोजेकल;43:7
9. मानव रूप - निर्ग. 24:9-11, भ.स. 47; याशा: 6:1; यहे. 1:26
10. यहोवा का दूत - उत. 16:7-13; 22:11-15;31:11, 13; 48:15-16;

निर्ग. 3:4,13-21; 14:19;न्या. 2:1; 6:2; 13:3-22

(II) शारीरिक क्रियाऐं

1. सृष्टि की बनावट पर बोलना - उत. 1:3, 6, 9, 11, 14, 20, 24, 26
2. अदन (उदा. की आवाज) में चलना - उत. 3:8; 18:33; हब्बकूक; 3:15
3. नेह के जहाज के दरवाजे को बंद करना - उत. 7:16
4. बलिदानों की सुगंध लेना - उत. 8:21; लैव्य 26:31;आमोस 5:21
5. नीचे आना - उत. 11:5; 18:21; निर्ग 3:8, 19:11; 18, 20
6. मूसा को दफन करना - व्य. 34:6

(III) मानवीय भाव

1. पछताना/पश्चाताप - उत 6:6-7, निग. 32:14, न्या. 2:18, I शमु 15:29-35, आमोस; 7:3,6
2. क्रोध - निर्ग. 4:14, 15:7; गिनती 11:10; 12:9; 22:22; 25:3, 4; 32:10, 13, 14 व्य. 6:5, 7:4, 29:20
3. ईर्ष्या - निर्ग. 20:5; 34:14; व्य. 4:24; 5:9, 6:15; 32:16, 21; यहोशू 24:19
4. विमुख/घृणा - लैव्य 20:23, 26:30; व्य. 32:19

(IV) पारिवारिक रूप

(i). पिता

1. इस्रायल का - निर्ग. 4:22, व्य. 14:1; 39:5
2. राजा का - II शमु 7:11-16, भस. 2:7
3. पिता सदृश क्रियाओं के लक्षण - व्य. 1:31; 8:5; 32:1, भ.स. 27:10; नीति 27:10;यिर्म. 3:4; 22; 31:20; होशे 11: 1-4; मला. 3:17

(ii) माता-पिता - होशे 11:1-4

(iii) माता - भ.स. 27:10 (पालन-पोषण करने वाली माता के समान); याशा: 49:15; 66:9-13

(iv) जवान विश्वासयोग्य प्रेमी – होशे 1–3

(ख) इस भाषा के प्रकार को प्रयोग करने का कारण

(i) स्वयं को मान जाति पर जाहिर करने को परमेश्वर के लिए यह आवश्यक था । परमेश्वर का व्यापक विचार जैसे पुरूष के लिये एक ईश्वर को मनुष्य के आकार मानने का एक सिद्धांत है क्योंकि परमेश्वर आत्मा है !

(ii) मानव जीवन के अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप को परमेश्वर लेता है और गिरे हुए मानवों के सन्मुख स्वयं को प्रकट करता है । (पिता, माता, अभिभावक, प्रेमी)

(iii) हालांकि परमेश्वर आवश्यक रूप से कोई भी शारीरिक रूप में सीमित नहीं रहता है (निर्ग. 20; व्य. 5)

(iv) ईश्वर को मनुष्य के आकार मानने का सिद्धांत अन्तत: यीशु मसीह का अवतार है । परमेश्वर शारीरिक, छुनेयोग्य बना (1 यहुन्ना : 1:1–3) परमेश्वर का संदेश, परमेश्वर का वचन हुआ (यहुन्ना; 1:1–18)

NASB मूल ग्रंथ 2:16–25

"जब सब योद्धा मरते–मरते लोगों को बीच में से नष्ट हो गए है । तब यहोवा ने मुझसे कहा, अब मोआब की सीमा, अर्थात आर को पार कर; और जब तू अम्मोनियों के सामने जाकर उनके निकट पहुंचे, तब उनको न सताना और न छेड़ना, क्योंकि मैं अम्मोनियों के देश में से कुछ भी तेरे अधिकार में न करूंगा, क्योंकि मैंने उसे लूत के वशंजों के अधिकारमें कर दिया है । (वह देश भी खाइयों का गिना जाता है क्योंकि पुराने दिनों में खाई, जिन्हें अम्मोनी जामाजुम्मी कहते थे, वे वहां रहते थे; वे भी अनाकियोंके समान बलवान और लंबे–लंबे और गिनती में बहुत थे; परन्तु यहोवा ने इनकों अम्मोनियों के सामने से नष्ट कर डाला, और उन्होंने उनको उस देश से निकाल दिया, और उनके स्थान पर आप रहने लगे, जैसे कि उसने सेईर के निवासी एवासियों के सामने से होरियों को नष्ट किया, और उन्होंने उनको उस देश से निकाल दिया और आज तक उनके स्थान पर वे आप निवास करते है । वैसाही अव्वियों को, जो अज्ज़ा नगर तक गावों में बसे हुए थे, उनको कप्तोरियों में जो कप्तोर से निकले थे नष्ट किया, और उनके स्थान पर आप रहने लगे) । अब तुम लोग उठकर कूच करो, और अर्नोन के नाले के पार चलो सुनो, मैं देश समेत हेराबोन के राजा एमोरी सीहोन को हाथ में कर देताहूं, इसलिए उस देश को अपने अधिकार में लेना आरंभ करो,और उस राजा से युद्ध छेड़ दो । और जितने लोग धरती पर रहते है उन सभी के मन में आज ही के दिन से तेरे कारण डर और थरथराहट

समवाने लगूंगा; वे तेरा समाचार पाकर तेरे डर के मारे कांपेंगे और पीड़ित होंगे ।

2:16 "सब योद्धा अंत में नष्ट हो गये" यह परमेश्वर के प्रेम और परमेश्वर के न्याय के बीच में तुल्यता दिखाता है । परमेश्वर का उद्देश्य नाश करना नहीं है, लेकिन उसके लोगों को उनकी गलतियों में से खीसखने में सहायता करना है । इसलिए, वह इन लोगों को 38 वर्ष तक भटकने और मृत्यु दंड की आज्ञा सुनाई, लेकिन उसने उन्हें भोजन खिलाया, उसने प्रेम किया, और उसने उनके लिए पूर्ति कराई । यह अचानक मृत्यु नहीं थी लेकिन यह असमय मृत्यु थी । हर एक व्यक्ति जो 20 वर्श की उम्र और उससे बढ़कर जो कादेश-बर्निया तक आये थे, सिफ यहोशू और कालिब के अलावा (छोड़कर) अब सब मर चुके थे ।

2:19 यह 2:5 और 2:9 से समानान्तर है । ये पद 9 के क्रिया के समान ही है । यहां प्रथम (बीडीबी 849, केबी 1015) आज्ञार्थक है अर्थ में, लेकिन रूप में नहीं है । द्वितीय (बीडीबी 173, केबी 202) एक हितपील आज्ञार्थक है । लूत के द्वारा अम्मोनि लोग इस्राइलियों के संबंधी थे ।

2:20 "(वह देश भी रपाइयों का गिना जाता था)" यह एक जाति संबंधी समूह था जो इस स्थान पर निवास करते थे । वे जमजुमीम के नाम से भी पुकारे जाते थे । पद 21 हमें बताता है कि वे दानवों में से थे (पद 9) देखें विष विषय 1:28 में ।

❖ "जमजुमीम" देख उत: 14:5

2:21 लूत (पद 9-10, 21-22) और एसाव (पद 5, 22) की पीढ़ियों पर यहोवा विश्वास योग्य बना हुआ था । ठीक वही "पवित्र युद्ध" शब्द कोष का प्रयोग इस्राएल के विजेताओं के लिए विजय की व्याख्या का प्रयोग एदोम और अम्मोन की विजय उनके जाति संबंध देश का व्याख्या करने के लिए हुआ है ।

2:23

NASB, NRSV
TEV, REB **"अविव्म"**
NKJV, **"अविम"**
NJB **"अविव्यों"**

इन शब्दों के (बीडीबी 732) दो अर्थ है :

(क) एक जन समूह जो पलिशति देश के दक्षिण में निवास किये हुए थे । वे आईगीनलोग (पलिश्ति) के द्वारा विजय को प्राप्त किये थे । यहां तक आलब्राइट ने उन्हें हिकसोस निर्णय के साथ संयुक्त करता है (एबीसी बोल. 1 पृ. 531) इस अध्याय में स्थानों के वास्तविक निवासियों

की सूची है जिन्होंने पराजय और अपने अधिकार को खोया था ।

(ख) आगामी यहोशू में यह शब्द बेन्जामीन के जातीय व्याख्यान में एक शहर का नाम हुआ (यहोशू 18:23) । कुछ स्नातकों को यह संदेह हुआ है कि ये लोग ''ऐ'' से आये थे ।

❖ **''कप्तोरियों ने जो कप्तोरी से निकले थे''** ये शब्द संभवत: क्रेत, साइप्रस, कापादो किया, उत्तरी मिसग को द्वीप हो सकता है । (उत. 10:13) । हम पूर्णतया से नहीं जानते हैं । कप्तोरियों (कप्तोर का बहुवचन) संभवत: पलिश्तियों के संबंध या पड़ोसी थे (उत. 10:14; यिर्म, 47:4; आमोस 9:7)

2:24 इस आयत में अनेक आज्ञाएँ है :

1. ''उठो'' – बीडीबी 877, केबी 1086, क्वेल आज्ञात्मक, उत. 13:17
2. ''कूच करो'' – बीडीबी 652, केबी 704, क्वेल आज्ञात्मक, व्य. 1:19–21
3. ''पार चलो'' – बीडीबी 716, केबी 778, क्वेल आज्ञात्मक, याशा. 23:12
4. ''देखो'' – बीडीबी 906, केबी 1157, क्वेल आज्ञात्मक
5. ''आरंभ करो'' – बीडीबी 320 III , केबी319, हिलफिल आज्ञात्मक, व्य. 2:31
6. अधिकार में लो – बीडीबी 439, केबी 441, क्वेल आज्ञात्मक, व्य. 1:8, 21; 2:32; 9:23
7. ''युद्ध छेड़ दो'' –बीडीबी 173, केबी 20, हितपेयल आज्ञात्मक, व्य 2:5, 9, 19,दानि: 11:10

यहोवा आज्ञा, उत्साहपन, चुनौती उसके लोगों को दे रहा है ताकि वे उस पर भरोसा और उसके वचन की आज्ञा को मानने पाएं उनके माता–पिता ने नहीं किया था । यदि वे विश्वास में अक्यासिक है तो यह देश उनका था ।

❖ **''अमोरी''** देखें सूची 1:4 में । इस राज्य की राजधानी हेशबोन थी । यह रूबेनके जाति संबंधी प्रदेश के विभक्त से हुआ ।

❖ **''जैसे यहोवा का हाथ''** यह परमेश्वर के बारे में एक मुनष्य–शरीर–रचना का वर्णन है (पद 15) । परमेश्वर के पास हाथ नहीं है । उसके पास शारीरिक अंग नहीं है । परमेश्वर आत्माहै, लेकिन सिर्फ अर्थपूर्ण बातें परमेश्वर के बारे में, शब्दों से उसके बारे में बोलनेसे हम समझ सकते है ।

2.25 ''मैं समवाने लगूंगा'' ये दो शब्द पद 24 में आज्ञात्मक है । परमेश्वर एक योद्धा के समान उनके बदले में तैयार था यदि वे उस पर भरोसा रखते है और स्थानिक निवासियों के साथ युद्ध के

मैदान में प्रवेश करने पर था ।

❖ "डर और थरथराहट" प्रथम शब्द का अर्थ (बीडीबी 808) "भय में होना" या "भयभीत" है ।

1. इस्रायल के शत्रु उनसे भयभीत होगे – व्य. 2:25; 11:25; भ.स. 105:38
2. इस्रायल यदि पाप करता है तो वे यहोवा से भयभीत होगें – व्य. 28:66-67
3. यहोवा से भयभीत होना है –भ.स. 119:120

द्वितीय शब्द का अर्थ (बीडीबी 432) "भय" है ।

1. परमेश्वर का भय – निर्ग. 20:20
2. परमेश्वर को आदर – भ.स. 2:11, 5:8; 90:11; 119:38
3. मृत्यु का भय – भ.स. 55
4. इस्रायल का भय – व्य. 2:25

❖ "**जितने लोग धरती पर रहते है**" यह एक स्पष्ट अतिश्योक्ति है (पूरी पृथ्वी, 4:19; दानि 9:12) । यह कनान के निवासियों के बारे में बता रही है ।

❖ "कापेंगे और पीड़ित होंगे" यह "भयभीत और भय" से समानांतर है । प्रथम क्रिया (बीडीबी 919, केबी 1182, क्वेल पूर्ण) का अर्थ "कापंना" या "फड़कना" है (नीति 29:9, याशा, 14:9) । द्वितीय क्रिया (बीडीबी 296, केबी 297, क्वेल पूर्ण का अर्थ "नृत्य" "तेजी से चक्कर खाना" (विलाप 4:6) या पीड़ा से शरीर को मोड़ना है (याशा 23:4, 26:18 (जन्म देना))

NASB मूल ग्रंथ 2:26-31

"मैंने कदेमोत नामक निर्जन प्रदेश से हेशबोन के राजा सीहोन के पास तेल मेल की बतों कहने को दूत भेजे, मुझे अपने देश में से होकर जाने दे, मैं राजपथ पर चलाजाऊंगा औरदाहिने और बाएं हाथ न मुड़ुगां । तुम रूपया लेकर मेरे हाथ भोजनवस्तु देना कि मैं खाऊँ, और पानी भी रूपया लेकर मुझको देना कि मैं पीऊँ; केवल मुझे पांव-पांव चले जाने दे, जैसा सेईर के निवासी एसावियों ने और आर के निवासी मोआबियों ने मुझसे किया, वैसा ही तु भी मुझसे कर, इस रीति मैं यरदन पार होकर उस देश में पहुंचुंगा जो हमारा परमेश्वर यहोवा हमें दे रहा है । परन्तु हेशबोन के राजा सीहोन ने हमको अपने देश में से होकर चलने न दिया, क्योंकि तुम्हारे परमेश्वर यहोवा ने उसका चित्त कठोर और उसका मन हठीला कर दिया था, इसलिए कि उसको तुम्हारे हाथ में कर दे, जैसा कि आज प्रकट है । यहोवा ने मुझसे कहा, सुन मैं देश समेत सीहोन के तरे वश में कर

देने पर हूं । उस देश को अपने अधिकार में लेना आरंभ कर ।

2.26 "केदमोत" यह अमोन नदी के उत्तरी क्षेत्र (या आबादी) को प्रस्तुत करता है; लेकिन कहाँ स्थित है मालूम नहीं है । आगामी यह एक लेवियों का शहर बना (यहोशू 21:37)

2:27 "मुझे अपने देश में से होकर जाने दे, मैं राजपथ पर चला जाऊंगा" प्रथम क्रिया (बीडीबी 716, केबी 778, क्वेल कोहोरटेटिव) का अर्थ प्राय: इन ऐतिहासिक सारांश में हुआ है (2:4, 8, 13, 14, 18, 24, 27, 28, 29, 30; 3:18,21, 25, 27, 28; 4:14, 21, 22, 26) । दूसरी पाठ्य पुस्तक संबंधी लक्षण यह है कि इब्रानी शब्द "मार्ग"या "सड़क" के साथ दोहरा संबंध सूचक है । यही एक मार्ग को बताता है कि वे मुख्य राजपथ से हट न जायें । यह राजा के राजपथ को निर्देश करता है जो एदोम, मोआब और सीहोन के राज्य से होकर गुजरता है । मूसा स्वीकृत करता है कि वे, यहां तक कि जब उनका राजा इस्रायल को जगुजरने से मना कर रहा था, तब भी वे इस राज्य सेबिना हानि पहुंचे ही चले गए । यही प्रस्ताव वही है जो कि मूसा ने एदोम से किया था (पद 29) (पद 6) ।

❖ **"मैं दाहिने और बाँए हाथ न मुडुगाँ"** ध्यान दें कि मूसा एक संयुक्त विचार से कह रहा है । बाईबल में कई सारे भ्रम के होने से, बाईबल संबंधी प्रकाशन के संयुक्त व्यवहार बनाम आधुनिक, पश्चिमी समाजों पर अकेले व्यक्ति की दृष्टि से हानि के लिए सूचित किया जा सकता है । अकेल व्यक्ति के अधिकार और सौभाग्य के पास पुराने नियम के सामाजिक एकत्रीकरण किया हुआ है ।

यह संदर्भ पुराने नियम मुहावरा पर आधारित बाईबल संबंधी विश्वास जैसे एक "मार्ग" और "पथ" है । (भ.स. 119:105) । परमेश्वर की इच्छा स्पष्ठ रूप से चिन्हित है । यह विचारयहां शब्दानुसार है (राजपथ) इसलिए संदर्भ "दायें"और "बायें"मुड़ना शब्दानुसार है । सामान्यत: यह आलकांकिर आत्मिक जीवन के लिए प्रयोग हुआ है । (गिनती 20:17, 22:26 व्य 5:32; 17:11, 20; 28:14, यहोशू 1:7; 23:6;1 राजा 22:2) ।

2:30 "तुम्हारे परमेश्वर यहोवा ने उसका चित्त कठोर और उसका मन हठीला कर दिया है" प्रथम क्रिया (बीडीबी 904, केबी 115) हिलफिल पूर्ण) का अर्थ "कठोर होना" एक "हठ" और "हठीलापन" विचार से है :

1. क्वेल अपूर्ण का प्रयोग 1:17; 15:18 में
2. हिलफिल का प्रयोग निर्ग; 7:3;13:15 में परमेश्वर ने फिरौन के हृदय को निर्गमन से पहले कठोर कर दिया उसके संबंध में है ।
3. यहोवा की चेतावनी इस्राइलियों के लिए कि उनके हृदय कठोर या हठी न होने पाए व्य. 10:16 में हिलफिल का प्रयोग हुआ है ।

गिनती 2 इस संदर्भ के सीहोन के हृदय (इच्छा) को अदभुत कठोर करने समानान्तर है ।

द्वितीय क्रिया (बीडीबी 54, केबी 69, पीयल अपूर्ण) का अर्थ ''सामर्थी होना'' है । प्राय: यह सकारात्मक रूप से उपयोग होता है, (व्य. 15:7, II इति. 36:13) ।

फिरौन के साथ जो हुआ यह उसी से मिलता-जुलता है : (क) परमेश्वर ने उसके मन को कठोर किया (निर्ग. 7:3, 9:12:10:1, 20 27; 11:1; 14:4, 8, 17) या (ख) फिरौन ने स्वयं के मन को कठोर किया (निर्ग. 8:15, 32, 9:34) । ये पदें परमेश्वर के प्रभुत्व और मनुष्य को स्वयं इच्छा दिये जाने इन दोनों को दिखाता है । यह संदर्भ अर्थ प्रकट करता है कि फिरौन (निर्गमन में) और सीहोन (व्यवस्था विवरण में) के पास स्वयं इच्छा थी या क्यों मूसा ने आरंभ में उन्हें आरभिंक शांति के समय का प्रस्ताव दिया ? झंझट यह है कि परमेश्वर सभी चीजों में नियंत्रण रखने वाला है । परमेश्वर ने परिस्थितयों को रखा लेकिन उन्होंने इन्कार किया (देखें हाईसेइगिंस ऑफ द बाईबल, पृ.142-143) । इसी विरूद्ध मत को रोमि. 9 और 10 दिखाता है । अध्याय 9 परमेश्वर के प्रभुत्व पर ध्यान केन्द्रित करता है जबकि अध्याय 10 में अनेक विश्व संबंधी प्रस्ताव है (पद 4 ''प्रत्येक'', पद 11,13, ''जो कोई भी'', ''पद'' 112, ''सभी'' (दोबारा)) । देखें विशेष विषय जो नीचे दिया गया है ।

विशेष विषय : प्रभु कठोर हुआ

यह विरूद्ध मत अब सैद्धांतिक युद्ध के बीच सैद्धांतिक प्रकारों में स्पर्धा बन चुका है :

1. परमेश्वर का प्रभुत्व बनाम मानवीय स्वयं इच्छा
2. आर्गस्टीन बनाम पिलेग्युस
3. कल्विन बनाम अर्मिनियस

मेरे अनुसार दोनों बाईबल संबंधी सच्चाई हैं । दोनों सच्चाईयां अवश्य ही सौद्धांतिक क्रम में रखना चाहिए है । ''वाचा'' के सामान्य विचार उनको एक साथ रखता है । परमेश्वर हमेशा पहले कार्यक्रम रखता है और गिरे हुए मानव जाति को बुलाता है । (यहु. 6:44, 65) लेकिन हमारे चुनावों के लिए हम ही उत्तरदायी है (यहु. 1:12, 3:16) मानव जाति का उत्तरदायित्व और इसके आज्ञापत्र परिणाम एक मानव जाति आजादी पर है (प्राण शक्ति) । नैतिक क्रियाऐं वास्तविक चुनावों पर आधारित है । धर्मग्रंथ दोनों सच्चाईयों को स्वीकार करता है (सैद्धांतिक मूल) ।

ध्यान दें कि परमेश्वर का प्रभुत्व ''मैं तेरे वश में कर देने पर हूं'' और मानव जाति की

स्वयं इच्छा "देश को अपने अधिकार में लेना आरंभ कर" !

संभवत: यह निश्चित है कि हमारे लिए सैद्धांतिक कठिनाईयें प्राचीन इब्रानी सैद्धांतिक मुहावरों को हमारी नासमझने की बात पहले से ही कही गई है । इस्रायल का एक ही अनोखे ईश्वर में विश्वास रखना सभी बातों पर यह रक्षा करती है । यहोवा सभी चीजों का मूल था यह एक इब्रानी निश्चितता एक ही ईश्वर में विश्वास रखना था । कुछ भी नही हुआ । सिर्फ एक और सिर्फ एक कारण था – यहोवा। मूल ग्रंथ यह स्वीकृत करता है कि यह आज कल के लोगों में इसका कारण बना है :

1. परमेश्वर के विषय में बुरे गुण
2. परमेश्वर के प्रभुत्व का एक तत्व रूप स्वीकृत करता है ।

विशेष विषय – हृदय

यूनानी शब्द कार्डिया का प्रयोग सेप्ट्युजेन्ट में और नये नियम में हुआ ताकि इब्रानी शब्द लेख को प्रभावित करने पाएँ । इसका प्रयोग कई प्रकार से हुआ है । (बाअयेर, अर्नडट, गिन्गरिच और डान्कर ए ग्रीक-इंग्लिंश लेक्सिकोन पृ. 403-404) :

1. शारीरिक अंग का केन्द्र, एक व्यक्ति के लिए आलंकार (प्रे. का. 14:17, II कुरू. 3:2-3, याकूब 5:5)
2. आत्मिक (नैतिक) जीवन का केन्द्र
   (अ) परमेश्वर हृदय को जानता है (लूका 16:15, रोमि. 8:27, I कुर. 14:25, I थिस्सु. 2:4 प्रका. 2:23)
   (ब) मानव जाति के आत्मिक जीवन का प्रयोग (मती 15:18-19; 18:35, रोमि. 6:17, I तिमु. 1:5,II तिमु. 2:22, I पत. 1:22)
3. विचारशक्ति जीवन का केन्द्र (बुद्धि,मती 13:15; 24:48, प्रे. का. 7:23; 16:14; 28:27, रोमि 1:21;10:6; 16:18 II कुर. 4:6, इफि. 1:18; 4:18;याकूब 1:26; II पत.1:19, पृ.का. 18:7 मन के साथ में हृदय पर्यायवाची है II कुर. 3:4-15 और फिलि. 4:7)
4. इच्छा का केन्द्र (ईच्छा, प्रे.का. 5:9; 11:23; 1 कुर. 4:5; 7:37 II, कुर. 9:7)
5. भावनाओं का केन्द्र (मती 5:28, प्रे. का. 2:26, 37; 7:54; 21:13; रोमि. 1:24; II कुर. 2:4; 7:3; इफि. 6:22;फिलि. 1:7)

6. आत्मा के कार्य के लिए अनोखा स्थान (रोमि. 5:5,II कुर. 1:22, गल. 4:6 (हमारे ह्दय में यीशु मसी,इफि 3:17)) ।

7. ह्दय एक पूरे व्यक्ति को आलकांरिक रूप से प्रकटीकरण करता है (मती 22:37, को व्य. 6:5 से लिया गया है । विचार, लक्ष्य और ह्दय के गुणयुक्त क्रियाएं एक व्यक्ति के प्रकार को जाहिर करती है ।

पुराने नियम के पास कुछ चित्त को आकर्षित करने वाले शब्दों का प्रयोग :

(i) उत. 6:6; 8:21, परमेश्वर अपने ह्दयमें दुखित हुआ (होशे: 11:8-9 को भी देखें)

(ii) व्य. 4:29; 6:5 "पूरे मन और पूरे ह्दय के साथ"

(iii) यहेजे. 18:31-32, "एक नया ह्दय"

(iv) यहेज. 36:26, एक नया ह्दय बनाम "एक पत्थर का ह्दय"

2:31 पद 24 से तीन आज्ञात्मक बातों को दुहराया गया है :

1. "देखा" - बीडीबी 906, केबी 115, क्वेल आज्ञात्मक
2. "आरंभ कर" - बीडीबी 320, केबी 319, हिफिल आज्ञात्मक
3. "अधिकार में लेने" - बीडीबी 439, केबी 441, क्वेल आज्ञात्मक

NASB मूल ग्रंथ 2:32-37

"तब सीहोन अपनी सारी सेना के साथ निकल आया और हमारा सामना करके युद्ध करने को सहस तक चढ़ आया। हमारे परमेश्वर यहोवा ने उसको हमारे द्वारा हरा दिय और हमने उसको पुत्रों और सारी सेना समेत मार डाला । उसी समय हमने उसके सारे नगर ले लिए, और एक-एक बसे हुए नगर का स्त्रीयों और बाल-बच्चों समेत यहां तक सत्यानाश किया कि कोई न छूटा । परन्तु पशुओं को हमने अपना घर कर लिया, और उन नगरों की लूट भभ हमने ले ली जिनको हमने जीत लिया था । अर्नोन के नाले के छोर वाले अरोएट नगर से लेकर, और उस नाले के नगर से लेकर गिलाद तक कोई नगर ऐसा ऊंचा न रहा जो हमारे सामने ठहर सकता था; क्योंकि हमरे परमेश्वर यहोवा ने सब को हमारे वश में कर दिया । परन्तु तुम अम्मोनियों के देश के निकट वरन एब्बोक नदी के उस पार जितना देश है, और पहाड़ी देश के नगर जहां-जहां जाने से हमारे परमेश्वर यहोवा ने हम को मना किया था, वहाँ तुम नहीं गये ।"

2.32 ''हमारा सामना करने के लिए निकल आया'' सीहोन हार गया क्योंकि उसने उसके किला बने हुए शहरों को छोड़ा और मैदान पर पराजित हुआ । यह एक अच्छा उदाहरण है जहां परमेश्वर उसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए मानव घमंड का उपयोग करता है ।

❖ **''यहस''** वास्तविक स्थान का पता नही है, लेकिन यह सीहोन के राज्य में यरदन के पूर्वी किनारे पर स्थित है और संभवत: दक्षिण की राजधानी, हेशबोन, क्योंकि इस्राइली दक्षिण की ओर से आ रहे थे ।

2.33 ''परमेश्वर ने उसको हमारे द्वारा हरा दिया'' जैसे पद 31 में, परमेश्वर का प्रभुत्व (पद 32 अ, ''परमेश्वर ने सौंप दिया'' बीडीबी 678, केबी 733 क्वेल अपूर्ण) और मानव आजादी (पद 32 ब, ''हमने हराया'' बीडीबी 645, केबी 697, हिफिल अपूर्ण) दोनों स्पष्ट रूप से स्वीकृत है ।

2.34 ''हमने किसी को न छोड़ा'' यह पंक्ति पवित्र युद्ध का एक सिद्धांत है (हेरेम, बीडीबी I 355 3:6) सभी लोग मारे गये क्योंकि ये लोग बहुत समय से पाप करते आ रहे थे (व्य. 7:16, 20:14) । उत. 15:16 में लिखा है कि ''अमोरियों का अधर्म अब तक पूरा नहीं हुआ है'' और इसलिए परमेश्वर ने उनके प्रत्युत्तर के लिए एक लंबा समय इंतजार कियाथा । वे पश्चाताप् नहीं किये जाते, तो वे सीनै पर्वत पर दिये गये सिद्धांत और आराधना को नष्ट कर दिये होते । ''पवित्र युद्ध एक न्याय और सुरक्षायुक्त घिराव था !

2.37 ''परन्तु पशुओं को हमने अपना कर दिया और उन नगरों की लूट भी जिनको हमने जीता था'' यहां एक सीमित निषेध का उदाहरण है (3:6-7; यहोशू; 8:2, 27; 11:14) वे कुछ लूट का मा ले सके उसके बाद वे लोगों को नष्ट किये यह । पुराने नियम के पवित्र युद्ध का एक भाग था । युद्ध परमेश्वर का है, और इसलिए, लूट के मालों पर भी (यरीहो, यहोशू7)।

2:36

NASB	**''नगर जो घाटी में है''**
NKJV,	**''शहर जो दर्श में स्थित है''**
NRSV	**''शहर जो कि स्वयं वादी में है''**
TEV	**''शहर जो घाटी के बीच में है''**
NJB	**''शहर जो घाटी के नीचे में है''**

अंग्रेजी अनुवादों में भिन्नताएं संभव को दिखाती है । मेरे अनुसार एक वादी में शहर को नहीं बनाया गया हो, क्योंकि बाढ़ों के आने के कारण से इसलिए घाटी अच्छी प्रतीत होती है ।

❖ **"कोई नगर ऐसा न रहा जो हमारे सामने ठहर सकता था"** परमेश्वर के लोगों के पास रूकावट थी क्योंकि शहरों की अच्दी बड़ी किलों से बना हुआथा, और निवासी भी बहुत लंबे थे । अब यहूदी कह रहे है, ये लोग बड़े बड़े है, लेकिन हम परमेश्वर की सहायता से इसे करेगें (व्य. 1:28)

2.37 विजय प्राप्त करने काक्षेत्र बहुत ही विधिपूर्वक था (अलौकिक आज्ञा से पद 5,9,19)

विवादपूर्ण प्रश्न :

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है जिसका मतलब बाईबल के अनुवाद के लिए हम स्सयं ही उत्तरदायी होगें । हममें जो प्रकाश है उसी में प्रत्येक को चलना है । आप बाईबल और पवित्र आत्मा अनुवाद करने में प्रधान है । आपको टीकाक्रम लिखने वाले पर ही नहीं छोड़ देना है ।

ये विवादपूर्ण प्रश्न आपको इस पुस्तक के मुख्य प्रकाशन के भाग को सोचने के लिए सहायता प्रदान करती है । वे विचार उत्तेजक से है न कि अन्तिम है ।

1. मानचित्र पर विजय प्राप्त क्षेत्र का अनुसरण करें ।
2. दानव कैसे थे ?
3. पद 34 के साथ एक व्यक्ति कैसा बर्ताव करता है ?

*****

व्यवस्था विवरण 3

आधुनिक अनुवादों का वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
राजा ओग पराजित हुआ	ऐतिहासिक पुन: दृष्टि (1:1-3:29)	राजा ओग से इसका विजय होता है	ओग के राज्य का युद्ध
3:1-11	3:1-7	3:1-2	3:1-7
		3:3-7	
2:1-7	3:8-17	3:8-10	3:8-11
		3:11	
यरदन के पूर्वी देश का विभाजन हुआ		वह जाति जो यरदन के पूर्व पर स्थित हुई	यरदन पार को अलग-अलग हिस्सों में बांटना
		3:12-13 अ	
		3:13 ब-14	
		3:15-17	मूसा से आगे की शिक्षा
3:18-22	3:18-22	3:18-20	3:18-20
		3:21-22	
मूसा को देश में प्रवेश होने से मनाही		मूसा का कनान में प्रवेश होने से इन्कार	3:23-28
3:23-29	3:23-29	3:23-25	
		3:26-28	
		3:29	3:29

तृतीय अध्ययन चक्र (देखें पृ. vii प्रस्तावना भाग में)

लेखनके वास्तविक विचार का अनुसरण इस वाक्यखण्ड तुल्यता पर

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है जिसका मतलब हमारे बाईबल अनुवाद करने पर हम स्वयं ही जिम्मेदार होगें । हममें जो प्रकाश है उसी में प्रत्येक को चलना है । आप बाईबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में प्रधान है । आपको सिर्फ टीकाक्रम लिखने वाले पर ही नहीं छोड़ देना है·

एक स्थान में बैठकर अध्याय को पढ़ो । विषय को पहचानिये (अध्याय चक्र #3, पृ.viii) आपके विषय को विभाजन करते हुए चार आधुनिक अनुवाद जो ऊपर दिये गए है उसके साथ तुलना करो । वाक्यखंड प्रेरणायुक्त नहीं है, लेकिन यह लेखक के वास्तविक विचार को अनुसरण करने की कुंजी है, जो अनुवाद का हृदय है । प्रत्येक वाक्यखंड में सिर्फ एक और एक ही विषय है :

1. प्रथम वाक्यखण्ड
2. द्वितीय वाक्यखण्ड
3. तृतीय वाक्यखण्ड
4. इत्यादि

शब्द और वाक्यखण्ड का अध्ययन

"तब हम मुड़कर बाशान के मार्ग से चले । बाशान का ओग नामक राजा अपनी सारी समेत हमारा सामना करने को निकल आया कि एद्रेई से युद्ध करें । तब यहोवा ने मुझे कहा, उससे मत डर, क्योंकि मैं उसको सारी सेना और देश समेत तेरे हाथ में कर रहा हूं। जैसातुने हेशबोन के निवासी एमोरियों ने राजा सीहोनसे किया है वैसा ही उससे भी करना । इस प्रकार हमारे परमेश्वर यहोवा ने सारी सेना समते बाशान के राजा ओग को भी हमारे यहां तक मारते रहे कि उनमें से कोई भी न बच पया । उसी समय हमने उनके सारे नगरों को ले लिया कोई ऐसा नगर न रह गया जिसे हमने उनसे न ले लिया हो । इस प्रकार अर्गोब का सारा देश जो बाशान में ओग के राज्य में था और उसमें साठ नगर थे, वह हमारे वश में आ गया । ये सब नगर गढ़ वाले थे, और उनकी ऊंची ऊंची शहरपनाह, फाटक और बेड़े थे । इनको छोड़ बिना शहरपनाह के भी बहुत से नगर थे । जैसा हमने हेशबोन के राजा सीहोन के नगरों से किया था, वैसा ही हमने इन नगरों से भी किया, अर्थात सब बसे हुए नगरों को स्त्रियों और बाल बच्चों सहित पूर्णत: नष्ट कर डाला । परन्तु सब घरेलु पशु और नगरों की लूट अपनी कर ली ।

3.1 "ऊपर... मार्ग" यह राजा के मुख्यमार्ग को प्रकट करता है । यह यरदन–पार मार्ग था जो एदोम, मोआब और अम्माने के बीच से होकर सीधा गया था। यह एक व्यापारियों के समूह का मार्ग या जो अकाबा की खाड़ी से दमिश्क तक जाता था ।

❖ **“बाशान”** इस नाम का अर्थ “कोमल” (बीडीबी 143) है ; जो प्रधान खेती संबंधी देश के विचार से है (चट्‌टाने नहीं) । यह एक बहुत ही ऊपजाऊ और जंगल से भरा हुआ देश है जो यार्मोक नदी के उत्तर क्षेत्र यरदन पार उत्तरी में है या संभवत: याबोक नदी से हार्मोन पर्वत के उत्तरी क्षेत्र यरदन पार उत्तरी में है या संभवत: याबोक नदी से हर्मोन पर्वत के दक्षिण के पास, जिसका अर्थ यह कुछ क्षेत्रों के भाग को शामिल करता है जिसे गिलाद के नाम से जानते है ।

❖ **“ओग, बाशान”** का राजा देखें गिनती” 21:33-35; व्य. 1:4

❖ **“एद्रेई पर”** यह शहर यार्मुक नदी के शूल पर स्थित है और यह एक राजकीय ठहरने का स्थान था । राजधानी अस्तेरोत से उत्तर तक था । ओग ने यहाँ पर इस्रायल का सामना किया, संभवत: नदी का प्रयोग एक रक्षक स्थान के रूप में हुआ है ।

3.2 **“यहोवा ने मुझे कहा”** देखें सूची 2:2 पर ।

❖ **“उससे मत डर”** क्रिया (बीडीबी 431, केबी 432, क्वेल अपूर्ण का प्रयोग आज्ञार्थक विचार से हुआहै) का प्रयोग कई बार व्यवस्थाविवरण में हुआ है (1:19; 21,29, 2:4;3:2,22; 4:10) परमेश्वर उनके लिए लड़ाई कर रहा है (पवित्र युद्ध, गिनती : 21:34, यहोशू 10:8, 11:6)

❖

NASB	**“मैंने उसे तरे अधिकार में कर दिया है ।”**
NKJV, NRSV	**“मैंने उसे तेरे हाथ में कर दिया है”**
TEV	**“मैं उसे देने पर हूं ।”**
NJB	**“मैं उसे तुम्हारे वश में रखा है”**

❖ और हम उसको यहां तक मारते रहे जब तक उनमें से कोई भी न बच पाया यह “पवित्र युद्ध” की वास्तविकता और भाषा है । यह इब्रानी विचार हेरेम को या “रूकावट के नीचे” को प्रभावित करत है (पद 6) । निम्नलिखित पुराने नियम के निर्देश इस शब्द के लिए एक पुन: प्रस्तुति नमुना है जो दिखता है कि किस प्रकार से इसे विभिन्न तरह से प्रयोग किया गया है । हेरेम का विचार या “पवित्र युद्ध” “रूकावट” या “प्रतिबंध” :

1. पूर्ण नाश – जितने श्वासं लेने वाले है उन्हें जीवित नहीं छोड़ा गया, कुछ भी वस्तु को नहीं लिया गया (व्य. 20:16–18; I शमु. 15:3, यहोशू 7)

2. सभी लोगों के मार दो, लेकिन पशुओं को छोड़ दो (व्य. 2:34, 35, 3:6, 7

3. सिर्फ पुरूषों को मार डालो (व्य. 20:10–15)

3:4 "अर्गोब का प्रदेश" शब्द प्रदेश (बीडीबी 286) का अर्थ शब्दानुसार "एक डोरी" इसका प्रयोग हुआ :

1. एक डोरी रस्सी

2. एक मापने वाली कतार

3. देश का भाग (प्रदेश, यहोशू: 17:5, या उत्तराधिकार, व्य. 32:9, यहोशू; 17:14)

4. लोगों का एक समूह (भविष्यवक्ताओं की बंधने, 1 शमु. 10:5, 10)

❖ **"अर्गोब"** यह शब्द (बीडीबी 918) एक प्रदेश या देश क्षेत्र का नाम है इसकी भूमि बाशान के देश में है (3:4, 13,14; I राजा 4:13) । संभवतः मूल का संबंध "मिट्टी का ढोंका" (बीडीबी 918) या "देर" से है, लेकिन यह अनिश्चित है ।

3:5 "ये सब नगर गढ़ बोले थे, और उनकी ऊंची ऊंची शहरपनाह, फाटक और बेड़े थे " ये सब नगर ज्वालामुखी पर्वत के टुकड़ों से बनाये गये थे और बहुत ही बड़े–बड़े थे । वे एक डराने वाली दृष्टि को प्रस्तुत करते है । उनकी आकार ने शायद वहां रहने वाले लोगों की आबादी को प्रभावित की है । किन्तु, इस्राइलियों का विश्वास दानवों के भय से बढ़कर मजबूत था । (2:20–24) ।

युनाइटेड बाईबल सोसाइटीस की हेण्डबुक ऑन ड्यूटरोनोमि में यह प्रदर्शित हुआ है कि "फाटक और बेड़े" शायद दो फाटक एक बेड़े की धातु दोनों के घेरे हुए होती है, पृ. 68–69 शायद यही बहुवचन "फाटकों" की व्याख्या करता है :

1. वहाँ एक से अधिक फाटक होंगे या

2. यह शायद फाटक के भीतरी और बाहरी चरित्र होगें । (बन्द स्थान)

3:6

NASB	
NKJV, NRSV	**"पूर्ण रूप से नष्ट"**
TEV	**"नष्ट हुआ"**
NJB	**"नाश का श्राप"**
REB	**"गंभीर रूकावट के नीचे"**
JPSOA	**"दण्ड की आशा दिया गया"**

इस क्रिया (बीडीबी 355, केबी 353) का प्रयोग इस पद में दोहरा है (हिफिल आज्ञात्मक और हिफिल अनिश्चित सत्यता) । इसका मूल अर्थ परमेश्वर को कुछ समर्पित करना है । जिसके द्वारा यह मनुष्य के प्रयोग के लिए अत्यधिक पवत्रि होती है और अवश्य ही नष्ट होनी चाहिए । निरंतर इसका प्रयोग "पवित्र युद्ध" संदर्भ (2:34, 7:2, निग:22:20 यहोशू 6:17, 21) स्वीकृत करने की विजय और इसके द्वारा, नाश होना परमेश्वर का है । इन तुलनात्मक संदर्भों में परमेश्वर का समर्पित होने वाली चीजें कनानी औरउनकी सम्पत्ति है । उनका न्याय हुआ क्योंकि उनके हठी पाप और पश्चाताप करने में अनिच्छुक होने के कारण था (उत. 15:16, लैव्य : 18:24-26; व्य. 9:5) ।

एक "पवित्र युद्ध" की चर्चा के लिए देखें एनसियन्ट इस्रायल, बाय रोलेन्ड डीबॉक्स, बोल. 1 पृ. 258-267 ।

NASB **मूल ग्रन्थ 3:8-11**

"यो हमने उस समय यरदन के उस पार रहने वाले एमोरियों के दोनों राजाओं के हाथ से अर्नोन के नाले से लेकर हेर्मोन पर्वत तक का देश ले लिया । हेर्मोन की सीदोनी लोग सिर्यो6, और एमरोरी लोग सनीर कहते है ।) समथर देश के सब नगर, और सारा गिलाद, और सल्का, और एद्रेई तक जो ओग के राज्य के नगर थे, सारा बाशान हमारे वश में आ गया । जो रपाई रह गए थे उनमें से केलव बाशान का राजा ओग रह गया था, उसकी चारपाई जो लोहे की है वह अम्मोनियों के रब्बा नगर में पड़ी है, साधारण पुरूष के हाथ के हिसाब से उसकी लंबाई नौ हाथ की और चौड़ाई चार हाथ की है ।

3.8 "यो हमने देश..... दोनों राजाओं से लिया" पद 24 में लिखा है यह "परमेश्वर का सामर्थी हाथ था", जो ईश्वर का मनुष्य रूप लेना परमेश्वर के सामर्थ और शक्ति को दिखाता है । दुबारा यहाँ पर परमेश्वर के प्रभुत्व के बीच और मनुष्य के प्रयत्न में पारस्पिरिक क्रिया है ।

❖ “**हेर्मोन पर्वत**” हेर्मोन पर्वत देश की उत्तरी सीमा पर था जिसे परमेश्वर ने इस्राइलियों को दिया था । यह चिन्नेरेथ (गलील) के झील के उत्तरी, लबानोन के पूरे क्षेत्र में स्थापित बहुत बड़ी पर्वत है। इसका नाम हेरेम से (बीडीबी 356)(समर्पित चीज) और कई मंदिरों के स्थानों से संबंधित है (एनसियन्ट इस्रायल, रोलेन्ड डिवॉक्स, बोल 1, प1. 279, 282)। यह विजय प्राप्त देश कीउत्तरी सीमा है । (न्या. 1:1) ।

❖ “सीदोनिया” यह प्राचीन पुनुकियामें प्रधान शहर है, (I राजा 16:31) यह सूर निचली सीमा पर स्थापित थी, जो बाद में एक मुख्य शहर हुई । सूर के बदले इसका प्रदर्शित होना इस मूल ग्रन्थ के प्राचीनतम को दिखाता है ।

❖ “**सिर्योन**” इस शब्द (बीडीबी 972,I इति. 5:23, श्रेष्ठ 4:8, यहे. 27:5) शाल्मनेसर III , एक असिरिया राजा जिसने दमिश्क पर आक्रण किया था उसके विचारों में पाया गया है ।

3.10

NASB, TEV “**समथर**”
NKJV, “**समतल भूमि**”
NRSV, NJB “**समतल स्थान**”

इस शब्द (बीडीबी 449) का अर्थ “एक समतल स्थान” है । यह एक समतल या समतल स्थान को प्रदर्शित कर सकता है । यहाँ पर यह अर्मोन नदी और हेशबोन शहर के बीच की समथर को प्रकट कर रहा है (4:43; यहोशू 13:9, 16, 17, 21; यिर्म. 48:8,21) । य समथर मोआब का भाग या और फिर रूबेन के जातीय पैतृक धन हुआ । (यहोशू : 20:8)

❖ “**गिलाद**” इस शब्द (बीडीबी 166) का अथऋ या प्रारंभिक नहीं मालूम हुआ है । एक प्रचलित परिभाषा (शब्द खेल) उत. 31:48 में दिया गया है, यह इन्हें प्रदर्शित कर सकता है :

1. एक जाति (गिनती 26:29; न्या 5:17)
2. एक देश (उत. 37:25)

यह हमेशा एक क्षेत्र, जो यरदन नदी के पूर्वी किनारे से बाशानदेश के उत्तरी अर्नोन नदी तक है प्रकट करती है ।

❖ **"सल्का"** यह शहर बाशान के दक्षिण पूर्व सीमा का रूप प्रतीत होता है और प्राय: हेर्मोन पर्वत के साथ हुआ, ताकि बाशान के फैलाव को नियुक्त करने पाएँ (यहोशू 12:5; 13:11; I इति 5:11)

3:11 यह एक संप्रदायक संबंधी समालोचन जान पड़ता है, जैसे 2:10–12, 20;8:9 केसमान

❖ "रपाई" इसका अर्थ हो सकता है (1) एक जाति समूह (2) दानव ; या (ग) मृतक के राज्य । यहां परदानवों के विषय में कहा गया है, ऐसा प्रतीत होता है । देखें विशेष विषय 1:28 में ।

❖

NASB, NKJV **"उसकी चारपाई जो लोहेकी थी"**
NRSV, NJB **"उसकी चारपाई, लोहे की चारपाई थी"**
TEV **"उसकी चारपाई, पत्थर की बनी हुई थी"**
REV **"भूरी चट्टान उसकी पत्थर पर बनी हुई कब्र"**

शब्द (बीडीबी 793) का मूल अर्थ "एक लकड़ी की बनायी रचना" है । यह एक लकड़ी की जाली, पलंग, कुर्सी/सिंहासन के लिए प्रयोग हो सकता है। यहाँ यह एक सोने के स्थान को बताता है :

1. बिस्तर (II शमु. 17:28; अय्यू 7:13; भ.स. 6:6; 41:3; आयोस 6:4
2. पलंग (निति. 7:16)
3. बक्स शव रखने का पत्थर पर बनी हुई कब्र, एक व्यक्ति काअंतिम विश्राम स्थान/सोने का)

यह संभव है कि "लोहा" भूरे चट्टान के पत्थर की बनी हुई कब्र के रंग को प्रकट करें (नेट बाईबल, पृ. 350) । नोडोट बोल. 1,प. 741, में लिखता है, कोई भी सलाह के लिए शब्दानुसार सहायक नहीं है कि यह पत्थर से बनी हुई कब्र है ।

❖ **"रब्बा"** यह अम्मोन राज्य की राजधानी थी (यहोशू 13:25) वर्तमान में यह यरदन, अम्मान की राजधानी है ।

❖ **"एक साधारण हिसाब से"** शब्दानुसार यह, एक व्यक्ति हिसाब से है एक "विशेष हिसाब" के मुहावरे के लिये है । देख नीचे दिये विशेष विषय पर ।

विशेष विषय – हाथ की नाप

बाईबल में दो तरह के हाथ के नाम है (बीडीबी 52, केबी 61) । प्रचलित हाथ की नाप, एक मध्यम व्यक्ति की सबसे लंबी अंगुली और उसकी कोहनी के बीच की दूरी है, लगभङ सामान्य तौर में, 18 इंच है (उत. 6.15; निर्ग. 25:10,17, 23; 26:2, 8,13, 16; 27:1, 9, 12,13, 14, 16, 18; गिनती 35:4, 5; व्य. 3:11) । और एक दीर्घकाल हाथ की नाम (राजकीय हाथ की नाप) जो निर्माण कार्य में होती है (सुलेमान का मंदिर) जो मिस्र में प्रचलित था (21 अंगुलियां), पलिश्ति (24 अंगुलियां) और बेबिलोन में (30 अंगुलियां) । लगभग यह 21 इंच की लंबाई थी (यहे. 40:5; 43–13) ।

पुराने समय में नापने के लिए मनुष्य के शरीर के अंगों का प्रयोग होता है । पुराने समय के पूर्वी पास के लोग प्रयोग में लाते थे :

1. लंबाई, कोहनी में मध्य अंगुी तक (हाथ की नाम)
2. चौड़ाई, बाहर तनी हुई अंगुठा से छोटी अगुंली तक (काता, निर्ग. 28:11, 39:9; I शमु. 17:4)
3. बंद मुठ्ठी कीसीभ चार अंगुली के बीच की लंबाई (चौड़ी हाथ, निर्ग. 25:25; 37:12; I राजा 73/6; II इति 4:5)
4. अंगुली की मध्य जोड़ लंबाई (चौड़ी अंगुली यिर्म 52:21)

हाथ की नाप (बीडीबी 52, केबी 61) पूर्ण रपू से प्रमाण के अनुसार नहीं किया गया था, लेकिन दो मूल लंबाईयां थी :

(अ) साधारण पुरूष के कोहुनी से मध्य अंगुली (लगभग 18 इंच, व्यं 3:11)

(ब) राजकीय हाथ का हिसाब एक खण्ड लंबा था (लगभग 20 इंच, II इति, 3:3; यहे. 40:5; 43:13)

NASB मूल ग्रन्थ : 3:12–27

"जो देश हमने उस समय अपने अधिकार में ले लिया वह यहाहै, अर्थात अर्नोन के नाले के किनारे वाले अरोएर नगर से ले सब नगरों समेज गिलाद के पहाड़ी देश का आधा भा जिसे मैंने रूबेनियों औरा मादियों को दे दिया, और गिलाद का बचाहुआ भाग, और सारा बाशान, अर्थात अर्गोन का सारा देश जो ओग के राज्य में था, इन्हें मैंने मन्श्शे के आधे गोत्र को दे दिया। (साराबाशान को रपाईयों का देश कहलाता है । और मनश्शेई याईट ने गशूरियों और माकावासियों की सीमा तक अर्गोब कासारा देश ले लिया और बाशान के नगरों का नाम अपने नाम पर

> हब्बोत्याईट रखा और वही नाम आज तक बना है ।) और मैने गिलाद देश माकीर को दे दिया, और रूबेनियों और गदियों को मैंने गिलाद से ले अर्नोन के नाले तक का देश दे दिया, अर्थात उस नाले का बीच उनकी सीमा ठहराया और यब्बोक नदी तक जो अम्मोनियों की सीमा है । और किन्नेरेत सेले पिसगा की ढलान के नीचे के अराबाके ताल तक, जो खारा ताल भी कहलाता है, आराबा और यरनदन के पूर्व की ओर का सारादेश भी मैं ने उन्हीं को दे दिया ।''

3:12 ''रूबेनियों और गादियों'' ये दो जातियों ने सीहोने के राज्य पर कब्जा किया (यहोशू 18:15-25, 24-28) ।

3:13 ''आधे गोत्र'' युसुफ के पुत्रों ने मनश्शे और एप्रेम को आधे-गोत्र में बनाया (उत. 41:50-2; 48:1-7) । मनश्शे का पैतृक धन अलगाया हुआ था, यरदन के पूर्वी किनारे पर आया और पश्चिमी किनारे पर आया था ।

3.14 ''याईट'' ''पुत्र के'' बजाय इसका अर्थ ''पीढ़ी का'' (गिनती 32:41) है । अनेकों पीढ़िया इस वंश में लुप्त हुआ है । पद 12-13 व्यवहार में सामान्य और पद 14-17 अधिक जानकारी देता है (एनआईसी, ड्यूटरोनोमि, क्रेइजि, पृ. 121) ।

❖ **''वहीं नाम आज तक बना है''** यह वाक्य खंड घटना की बजाय बाद की अवधि को प्रकट करता है (2:22; 3:14; 4:38; 10:8, 15; 29;28; यहोशू 7:26; 8:28, 29; 9:27; 13:13; 14:13; 16:10;22:3; 17; 23; 8; न्या. 1:21, 26; 10:4:18:12, 30; 19:30) । पद 5 एक मिलता-जुलता आघात दिखाई पड़ता है । विचारणीय विषय ''कितना अधिक'' आगामी है । यह ''शीघ्र के बाद'' (यहोशू 625, 23:9) को प्रकट कर सकता है या इसकामतलब आगामी पीढ़िया हो सकती है । किसने मूसा के वचनों को लेख प्रमाणित किया ? किसने पंचग्रन्थ को संयुक्त किया ? कौन अंतिम सम्पादक था ? आधुनिक विद्या इन प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सकती है।

❖ **''मनश्शे का पुत्र''** पुत्र का अर्थ यहां सीधे पुत्र की बजाय पीढ़ी है (I इति. 2:22) ।

❖ **''गशूरियों और मकावाशियों''** ये विभिन्न कुल और जाति संघ है बीडीबी 178 और 591 । वे बाशान देश की उत्तरी सीमा निवासी थे (यहोशू 13:13) । इस्राइल ने इन लोगों से युद्ध नहीं किया ।

❖ **"हब्बोत्याईद"** इसका अर्थ शहरों, प्रदेशों या राज्य जो याईट के लिये है ।
(बीडीबी 795 II)

3:15 **"माकरी"** इस व्यक्ति के बारे में निगती 32:39-40 अधिक जानकारी देता है ।

3:17 **"अराबा"** यरदन घाटी के लिए यह एक दूसरा नाम था, जो गलील के झील के ऊपर से बहकर अनन्तर मृत सागर के नीचे से सीनै प्रायद्वीप में अकाबा की खाडी में जाती है । (देखें सूची 1:1) में । एक फटन भूतत्व है जिससे यरदन नही हेर्मोन पर्वत की चोटी से मृत सागर तक बहती है ।

❖ **"चिन्नेरेत"** यह(बीडीबी 490) गलील के शहर के नाम है जो एक बड़ी झील के लिए परिणाम था जो बाईबल में अनेकों नामों के द्वारा जानी जाती है ।

(क) चिन्नेरेत (गिनती 34:11, यहोशू 12:3; 13:27)

(ख) गलीली (मती 4:18, मर. 1:16 यहु. 6:1)

(ग) गन्नेसरेत (लूका 5:1)

(घ) तिबिरियस (यहु. 6:1, 21:1)

❖ **"पिशगाह"** इस पर्वात (बीडीबी 820) को पहचान ने के साथ या नीबो पर्वत के अत्यधिक निकट (बीडीबी 612, I12:49;34:1) संभवत: वे एक रचना की दो चोटियां या पर्वतपृष्ठ का नाम और इसकी ऊंची चोटी हैं ये पर्वत अराबा के ऊपर मोआब के समतल भूमि के नाश का परिणाम है । यह नाम पुराने नियम में नेबों के बजाय अत्यकिध सामान्य है (गिनती 21:20, 23:14; व्य. 3:17, 27; 4:49; 34:1) ।

❖ **"अराबा की ताल"** यह (4:49, यहोशू 3:16; 12:3; समतल की ताल भी कहा गया है II राजा 14:25 में) नमकीन समुद्र का दूसरा नाम है (उत. 14:3; गिनती 34:3, 12; यहोशू 3:16; 15:2,5:18:19) या जैसे वर्तमान में इसे मृत सागर के नाम से पुकारा गया है । इसे पूर्वी समुद्र के नाम से भी पुकारा जाता है (यहे. 47:18 योएल 2:20, यकर्याह: 14:2) या सिर्फ समुद्र (याशा. 16:8; यिर्म 48:32) ।

NASB मूल ग्रन्थ 3:18-22

"उस समय मैंने तुम्हें यह आज्ञा दी, तुम्हारे परमेश्‍वर यहोवा ने तुम्हें यह देशा दिया है कि उसे अपने अधिकार में रखों; तुम सब योद्धा हथियारबंद होकर अपने भाई इस्राइलियों के आगे आगे पार चलो । परन्तु तुम्हारी स्त्रियां और बाल बच्चे और पशु जिन्हें मैं जातना हूं कि बहुत से है, वह सब तुम्हारे नगरों में जो तुम्हें मैने दिए है रह जाएँ । और यहोवा तुम्हारे भाइयों को वैसा विश्राम दे जैसा कि उसने तुम को दिया है, ओर वे उस देश के अधिकारी हो जाएँ जो तुम्हारा परमेश्‍वर यहोवा

उन्हें यरदन पार देता है, तब तुम भी अपने अपने अधिकार की भूमि पर जो मैंने तुम्ही दी है लौटोगे । फिर मैंने उसी समय यहोशू से चिताकर कहा तू ने अपनी आंखों से देखा है कि तेरे परमेश्वर यहोवा ने इन दोनों राजाओं से क्या-क्या क्किया है, वैसा ही यहोवा उन सब राजाओं से करेगा जिनमें तू पार होकर जायेगा । उन से न डरना क्योंकि जो तुम्हारी ओर से लड़ने वाला है वह तुम्हारा परमेश्वर यहोवा ।''

3.18 ''तुम्हारे परमेश्वर यहोवा ने तुम्हें यह देश दिया है'' यह अराबा के पूर्वी किनारा (यरदन पार) को प्रकट करता है ।

❖ **''हथियारबंद होकर अपने भाई इस्राइलियों के आगे होकर चलो''**, क्योंकि रूबेन, गाद और मनश्शे का आधा, यरदन के पूर्वी किनारे पर बसे हुए थे । जिन्हें पहले से ही जीता गया था, उन्हें अब युद्ध में पहले जाना था और वहां उनके भाईयों के देश के लिए लड़ना था (पद 19-20) स्वयं बसने के पहले

3:19 ''अत्यधिक पशुओं का समुदाय'' अधिक पशुओं का समुदाय जिन्हें उन्होंने दोनों युद्ध पर नष्ट किया था (क) मिस्र और (ख) यरदान पार राष्ट्र

❖ **''जिसे मैने तुम्हें दिया है''** सभी आशीषों का श्रोत परमेश्वर है (प्राय: उपयोगी क्रिया दिया है (बीडीबी 678, केबी 733, क्वेल पूर्ण) उन्होंने स्वयं के लिए युद्ध नाशों को नही प्राप्त किया था ।

3.20 ''यहोवा तुम्हारे भाइयों को वैसा विश्रमा दे'' इब्रानियों की किताब पचग्रंथ पर नया नियम ही टीकाक्रम बहुत ही अच्छा है । इब्रा. 4 में, शब्द विश्राम तीन प्रकार से प्रयोग हुआ है ।

1. जैसे परमेश्वर ने सृष्टि के बाद विश्राम किया, सातवां दिन विश्राम, सब्त
2. इस्राइलियों ने वायदे के देश को जीतने के बाद इस्राइलियों ने विश्राम किया । (12:10; 25:19; यहोशू 23:1)
3. स्वर्ग, अनंत विश्राम सातवें दिन

यहां विश्राम सुरक्षा को प्रगट करता है #2)

3.21 क्योंकि यहोवा के प्रबंधन जंगल में और यरदन पार में विजयी, होने के कारण, इस्राइलियो को उन पर भरोसा रखना और आगे बढ़ना है ।

3.22. **''जो तुम्हारी आरे से लड़नेवाला है, तुम्हारा परमेश्वर यहोवा है''** यह मानवीय प्रयत्न, बुद्धि या साधनों नहीं है किन्त परमेश्वर की सामर्थ है (1:30; 20:4; निर्ग. 14:14;15:3)

NASB मूल ग्रन्थ 3:23-29

"उसी समय मैने यहोवा से गिडगिड़ाकर विनती की, हे प्रभु यहोवा, तू अपने दास को अपनी महिमा और बवंत हाथ दिखाने लगा है, स्वर्ग में और पृथ्वी पर ऐसा कौन देखता है जो तेरे से काम और पराक्रम के काम कर सकें ? इसलिये मुझे पार जाने दे कि यरदन पार के उस उत्तम देश को, अर्थात उस उत्तम पहाड़ और लबानोन को भी देखने पाऊँ । परन्तु यहोवा तुम्हारे कारण मुझ से रूष्ठ हो गया और मेरी न सुनी; किन्तु यहोवा ने मुझसे कहा बस कर; इस विषय में फिर कभी मुझसे बातें न करना । पिसगा पहाड़ की चौटी पर चढ़ जा और पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों ओर दृष्टि करके उस देश को देख लो, क्योंकि तु इस यरदन के पार जाने न पाएगा । और यहोशू को आज्ञा दे, और उसे ढाढँस देकर दृढ़ कर, क्योंकि इन लोगों के आगे-आगे वही पार जायेगा और जो देश तु देखेगा उसको वही उनका निज भाग करा देगा । तब हम बेतपोर के सामने की तराई में ठहरे रहें ।"

3:23-29 यह मूसा की तरफ से एक व्यक्तिगत विषय है । बाईबल में सिर्फ यही एक जगह है हमारे पास जहाँ मूसा ने स्वयं के लिए विनती की है । दूसरे जगहों में उसने लोगों के लिए या देश के लिए प्रार्थना किया । यह मूसा के ह्रदय एक व्यक्ति का रूप है ।

3:23-

NASB NKJV
NJB **"विनती किया"**
NRSV **"विनथ किया"**
TEV **"गिड़गिड़ाकर प्रार्थना किया "**

मैनें प्रभू से गिड़गिड़ाकर विनती की (बीडीबी335, केबी334, हितषेल अपूर्ण, I राजा, 8:33, 47, 59, II रति 6:37, अय्यु.8:5, 9:15, भ.स. 30:8, 142:1, होरो.12:4) मूसा वायदे के देश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देने के कारण दुखित में था ।

3:24 "हे प्रभु यहोवा" "प्रभु" के लिए शब्द यहाँ पर शब्द एडोनाई है (बीडीबी10), जो इब्रानी राज्य, "मालिक", "गुरू", "पति", या "प्रभु" के लिए है । परमेश्वर का शब्द इब्रानी शब्द यहोवा है (बीडीबी217) । वह प्रभु, यहोवा कह रहा है । मूसा की लेखों मे यह नियुक्ति बहुत ही कम प्रयोग किया गया है । यह मूसा के प्रार्थना की भाषा है । देखें विशेष विषय, ईश्वर के नामों 1:3 में ।

❖ ‘‘तु अपने दास को अपनी महिमा और बलवन्त हाथ दिखाने लगा है’’ मूसा विनती कर रहा है कि यहोवा पर, उसके घनिष्ठ ज्ञान, उसके चरित्र (देखें पूरी सूचियाँ 4:31 और 10:17 में) उसके कार्य, यरदन पार जाने के लिए यहोवा दयालु हो जाये, लेकिन यहोवा मनुष्यों की प्रतिष्ठा पाने वाला नहीं है ।

‘‘स्वर्ण में और पृथ्वी पर ऐसा कौन देवता है जो तेरे से काम और पराक्रम के काम कर सके’’ क्या यही विषय है कि अनेक देवताओं से परमेश्वर सर्वोत्तम परमेश्वर है, जिसे हेनोथिस्म कहा गया है (निर्म.15:11 और व्य. 4:7, 5:7, देखें द ज्यूस बाइबल स्टडी, पृ.379–380) ? क्या इसका मतलब मूसा दूसरे देवताओं की मौजुदगी को इन्कार नहीं कर रहा है, लेकिन यह कि परमेश्वर सबसे सामर्थी है ? या क्या एक ही ईश्वरपर विश्वास रखने का सिद्धांत (4:35, 39, 6:4, निर्ग. 20:2–3, याशा, 43:11, 44:6, 8, 24, 45:5, 6–7, 14, 18, 21, 22) एक और सिर्फ एक परमेश्वर ? वास्तविक रूप से हम नही जानते है । मैं यह विश्वास करता हूँ कि मूसा अन्य देवताओं को प्रकट नहीं कर रहा है लेकिन दूसरे आत्मिक सेनाओ को, उदा. कई बार एलोहिम का गया है । (भ.स. 8:5, 82:1, 6, I शमु.28:13) ।

3:25 ‘‘इसलिए मुझे मैं प्रार्थना करता हूँ यरदन पार जाकर देखने पाऊँ’’ इस वाक्य खण्ड में दो क्रियाएँ है :

(क) ‘‘पार होना’’ – बीडीबी 716, केबी, 778, क्वेल कोहेर्हेटिव ।

(ख) ‘‘देखना’’ – बीडीबी 906, केबी, 1157 क्वेल अपूर्ण, लेकिन कोहेर्हेटिव विचार में ।

3:26 ‘‘प्रभु रूष्ठ हो गया था’’ यह एक ईश्वर–मनुष्य–रचना भाषा में एक उदाहरण है ‘‘रूष्ठ’’ बीडीबी टी20, केबी780, देखें विशेष विषय 2:5 में) । किस प्रकार से हम मानव शब्दों का बिना प्रयोग करें परमेश्वर के रूष्ठ होने की व्याख्या कर सकते है ? हम नहीं कर सकते है लेकिन हमें अवश्य याद रखना चाहिए कि परमेश्वर एक मनुष्य नहीं है और कार्य, सोच मनुष्यों जैसे नहीं है, हम मानव शब्दों को परमेश्वर के गुण की व्याख्या करने के लिए और जानने के लिए कि पाप में गिरे हुए मनुष्य परमेश्वर को पूर्ण रूप से व्याख्या नहीं कर सकते है ?

मूसा का मण्डली में पाप (32:51, गिनती 20:10–12, 27:14–14) मण्डली परिणामों को लेकर आया ।

❖ ‘‘तुम्हारे कारण’’ देखें सूची 1:34, 37 में ।

❖ ‘‘बस कर इस विषय में फिर कभी मुझसे बातें न कर’’ मूसा बार बार प्रार्थना कर रहा था (गि. 20:2–13, 27:13, व्य. 1:37, 3:23–27), ‘‘मुझे माफ कर दो, कृपया करके मुझे वायदे के देश में प्रवेश होने दो ।’’ परमेश्वर ने कहा नहीं, अब फिर से मत पूछना (बीडीबी414, केबी 418, हिजिल आज्ञार्थक) ।

3:27 इस पद और पद 28 में मूसा के प्रार्थना का जवाब आज्ञाओं में एक सूची है :

क.	"चढ़ जा"	बीडीबी 748, केबी 828,	क्वेल आज्ञात्मक
ख.	"दृष्टि कुट"	बीडीबी 669, केबी 724,	--,,--
ग.	"देख"	बीडीबी 906, केबी1157,	--,,--
घ.	"आज्ञा दे"	बीडीबी 845, केबी 1010,	--,,--
ड.	"ढाढस दे"	बीडीबी 304, केबी 302,	--,,--
च.	"दृढ़ कर"	बीडीबी 5.4, केबी 65,	--,,--

परमेश्वर ने इस्राइलियों और मूसा के लिए प्रावधान बनाया । (यहोशू को सामर्थी करके पद 28 ब, स)

❖ "पिशमा की चोरी" देखें सूची पद 17 में ।

"पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों आरे दृष्टि करके उस देश को देख लो, यह परमेश्वर के प्रेम और उसके क्रोध का वास्तविक उदाहरण है ।" "मैने तुमसे कहा तुम नहीं जा सकते, लेकिन मैं तुम्हें इसे देखने दूँगा ।"

"क्योंकि तू इस यरदन के पार जाने न पाएगा" परमेश्वर व्यक्तियों का प्रतिष्ठा लेने वाला नही है । मूसा परमेश्वर से अनाज्ञाकारिता किया इसलिए परिणामों को उसने सहा (अरयु 34:11, भ.स. 28.4, 62:12, निति. 24:12, I कुर. 3.8, II कुर. 5:10, गल. 6:7-10, II तिमु 4:14, I पत. 1:17, प्रका. 2:23, 20:12, 22:12) ।

3:29 "बेतपोर" यह शब्दानुसार पोर का घर/मन्दिर था (बीडीबी 112) । पोर एक पर्वत या शहर था जो उत्तरी मोआब में स्थित था । यह इस्रायल के मूर्तिपूजा करने का स्थान था (बाल, ऊपजाऊ देने वाले की आराधना, गिनती 22-23) । यह रूबेन का पैतृक धन बना (यहोशू 13:20) ।

विवादपूर्ण प्रश्नें :-

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है जिसका अर्थ बाइबल के अनुसाद करने पर हम स्वयं ही उत्तरदायी होंगे । हममें जो प्रकाश है उसी में प्रत्येक को चलना है । आप, बाइबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में प्रधान है । आपको टीकाक्रम को लिखने वाले पर ही नही छोड़ देना है ।

ये विवादपूर्ण प्रश्ने आपको इस पुस्तक के मुख्य प्रकाशन के भाग को सोचने के लिए सहायता प्रदान करती है । ये सिचार उत्तेजक हेतु से है न कि अन्तिम है ।

(क) परमेश्वर के बारे में कौन सा सैद्धांतिक ज्ञान इस वर्णन से हम सीखते है ?

(ख) किस प्रकार आप पद 3 और पद 6 के परमेश्वर को नये नियम के परमेश्वर से संबंधित करोगे ?

(ग) क्या पद 24 दूसरे देवताओं की उपस्थिति के बारे में बताता है ?

(घ) कैसे परमेश्वर पद 27 में मूसा को दया और अब तक न्याय को दिखाता है ?

व्यवस्था विवरण 4

आधुनिक अनुवादों का वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
आज्ञाकारिता पर मूसा की आज्ञा	प्रथम व्याख्यान की समाप्ति	इस्राइलियों के आज्ञाकारी होने के लिए मूसा निवेदन करता है	बेतपोर पर स्वधर्म त्याग के साथ तुलनात्मक वास्तविक बुद्धि
4:1-8	4:1-4	4:1-4	4:1-8
		4:5-6	
		4:7-10	होरेब पर प्रकाशन, इसकी मांगे
4:9-14	4:9-14		4:9-14
मूर्तिपूजा से बचे रहो		4:11-14	
4:15-24	4:15-20	4:15-24	4:15-20
			दण्ड की आज्ञा आना और बातचीत का विषय
	4:21-24		4:21-24
4:25-31	4:25-31	4:25-31	4:25-28
			4:29-31
			परमेश्वर के चुने जाने पर महिमा का होना
4:82-40	4:32-40	4:32-40	4:32-34
			4:85-38
			4:39-40
यरदन के पूर्वी ओर शरणास्थान की शहरें	एक परिशिष्ठ	यरदन के पूर्वी ओर शरणस्थान की शहरें	शरण स्थान की शहरें
4:1-43	4:41-43	4:41-43	4:41-43
परमेश्वर के व्यवस्था की प्रस्तावना	मूसा का दूसरा व्याख्यान	परमेश्वर के व्यवस्था दिये जाने की प्रास्तावना	मूसा का दूसरा संभाषण
4:44-49	(4:44-26:19-28)		(4:44-11:32)
	4:44-49	4:44-49	4:44-49

तृतीय अध्ययन चक्र (देखें पृ. 7(VII)प्रस्तावना भाग में)

लेखक के वास्तविक विचार का अनुसरण इस वाक्य खण्ड तुल्यता पर

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है। जिसका मतलब हमारे बाइबल अनुवाद करने पर हम स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। हममें जो प्रकाश है उसी में प्रत्येक को चलना है। आप, बाइबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में प्रधान है। आपको सिर्फ टीक्रम लिखने वाले पर ही नहीं छोड़ देना है।

एक स्थान में बैठकर अध्याय को पढ़िये। विषय को पहचानिये (अध्ययन चक्र 3, पृ.vii) आपके विषय को विभाजन करते हुए चार आधुनिक अनुवाद जो ऊपर दिये गये है उसके साथ तुलना करो। वाक्यखण्ड प्रेरणायुक्त नहीं है, लेकिन यह लेखक के वास्तविक विचार का अनुसरण करने की कुंजी है, जो अनुवाद का ह्दय है। प्रत्येक वाक्यखण्ड में सिर्फ एक और एक ही विषय है :

(क) प्रमि वाक्यखण्ड
(ख) द्वितीय वाक्यखण्ड
(ग) तृतीय वाक्यखण्ड
(घ) इत्यादि

शब्द और वाक्य खण्ड अध्ययन

NASB मूल ग्रन्थ : 4:1-4

❖ जिसे मैंने उन्हें अधिकारी होने के लिए दे रहा हूँ इस वाक्यखण्ड में दो क्रियाएँ है :

1. देना – बीडीबी 678, केबी 733, क्वेल क्रिया कृदन्त
2. अधिकार करना– बीडीबी 429, केबी 441, क्वेल अनिश्चित निर्माण

यह कथन आधारित है :

1. अब्राहम से परमेश्वर का वायदा उत. 12:1–3,15:18–21
2. इसहाक से परमेश्वर का वायदा उ3. 26:3–5
3. याकूब से परमेश्वर का वायदा उत. 28:13–15,35:9–12
4. इस्राायल से परमेश्वर का वायदा, उत. 15:16, निर्ग 6:4,8, व्य. 4:38,40, 19:10,20:16, 21:23, यहोशू 1:2,3,6,11,13,15, 2:9, 24, 18:3, 21:43, 24:13

परमेश्वर ने इस्रायल को एक विशेष देश दिया/वायदा किया, लेकिन इस्रायल को (1) प्राप्त करना, (2) निवास करना और (3) वाचा में विश्वसनीय रहना (4:40, 7:12-13, 8:1-20) ।

5:32 न तो उससे दाएँ और बाएँ मुड़ना, यह परमेश्वर के वचन से संबंधित एक मुहावरा है जैसे एक मार्ग या सड़क को स्पष्ठ रूप से व्याख्या करने के लिए है (भ.स.119:105, नीति. 6:23) परमेश्वर के स्पष्ट मार्ग/सड़क से अलग होना पाप था (9:12,16,17:11,20, 28:14, यहोशू 1:7, 23:6, 31:29, 2 राजा, 22:2, 2 इति. 34:2, नीति 4:27) देखें संक्षिप्त लेख 2:27 में ।

5:33 तुम मार्ग पर चलते रहो, इस संदर्भ में चलने का अर्थ जीवन कला है बीबीडी 229, केबी 246, क्वेल अपूर्ण) । बाइबल संबंधी विश्वास सिर्फ व्यवस्था को रखने से ही नहीं, यह प्रतिदिन की जीवनकला है : एक दिन में 24 घंटे, एक सप्ताह, 7 दिनों में, विश्वास के द्वारा परमेश्वर से संबंध रखना है । यह विश्वास एक भक्तिपूर्ण जीवन में प्रकटीकरण होना अवश्य है । और तुम्हारा भला हो, क्रिया (बीडीबी 373, केबी370, क्वेल पूर्ण) शब्दानुसार सुंदर या अच्छा है । विशेषण का प्राय: प्रयोग वायदे के देश की व्याख्या जीवन की व्याख्या करता है, जो वाचा के आज्ञाकारी होते है उन के लिए परमेश्वर वायदा करता है (15:16, 19:13) ।

विवादपूर्ण प्रश्न –

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है जिसका अर्थ है कि बाइबल के अनुवाद जो आप स्वयं करते है उसके उत्तरदायित्व भी आपही होंगे, हममें से प्रत्येक के पास जो ज्योति है उसमें चलना है । आप, बाइबल और पवित्रात्मा व्याख्या करने में मुख्य है । आपको सिर्फ टीकाक्रम लिखने वालों पर ही नहीं निर्भर होना है ।

ये विवादपूर्ण प्रश्न, पुस्तक के इस भाग के मुख्य विचारणीय विषय में से आपको सोचने के लिए सहायता करता है । उनके विचारने का अर्थ उत्तेजक है, न कि अंतिम है ।

1. व्यवस्था और अनुग्रह के बीच क्या संबंध है ? क्या मसीहियों को दस आज्ञा मानना चाहिए ?
2. व्यवस्था का उद्देश्य क्या है ?
3. क्यों दस आज्ञाओं में भिन्नता है जब निर्ग, 20 और व्य. 5 को तुलना करते हैं ?
4. सब्त का उद्देश्य क्या है ? क्यों हम शनिवार को आराधना नहीं करते हैं ?
5. पद 16-21 में हम कौन सी एकरूप विषय देखते है ?

*****

व्यवस्था विवरण 6

आधुनिक अनुवादों के वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
महा–आज्ञा	पहली आज्ञा का अर्थ	महान–आज्ञा	व्यवस्था का सार यहोवा को प्रेम करना है (5:32–6:13)
6:1–3	6:1–3	6:1–3	
6:4–5	6:4–9	6:4–9	6:4–9
6:6–9			
अनाज्ञाकारिता के विरूद्ध चौकसी		अनाज्ञाकारित के विरूद्ध चेतावनी	
6:10–5	6:10–15	6:10–15	6:10–13
			ईमानदारी के लिए विनती
			6:14–16
6:16–19	6:16–19	6:16–19	
6:20–25	6:20–25	6:20–25	6:20–25

अध्ययन चक्र तीन (देखें पृ.7 प्रस्तावना संबंधी भाग में)

लेखक के निम्नलिखित वास्तविक विचार इस वाक्यखण्ड तुल्यता पर

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टीकाक्रम है जिसका अर्थ बाइबल की अनुवाद जो आप स्वयं करते हैं उसके जिम्मेदार भी आप ही होंगे । हममें से प्रत्येक को जो प्रकाश हममें है उसपे चलना चाहिए । आप, बाइबल और पवित्रात्मा अनुवाद करने में मुख्य है । आपको सिर्फ टीकाकरण लिखने–वाले पर ही निर्भर नहीं होना है ।

एक स्थान में बैठकर अध्याय को पढ़िये । विषयों को पहचानिये (अध्ययन चक्र–3,पृ8) ऊपर दिये गये चारों आधुनिक अनुवाद के साथ आप अपने विषय विभाजन से तुलना करें । वाक्यखण्ड, ईश्वर–प्रेरित नहीं है, लेकिन यह लेखक के वास्तविक विचार को अनुसरण करने की कुंजी है, जो अनुवाद का ह्दय है । प्रत्येक वाक्यखण्ड में एक और सिर्फ एक विषय है ।

1. प्रथम वाक्यखण्ड
2. द्वितीय वाक्यखण्ड
3. तृतीय वाक्यखण्ड
4. इत्यादि ।

पृष्ठभूमि-

टीकाक्रम लिखने वालों के बीच में यहाँ पर कुछ विवाद हो रहे हैं । जैसे अध्याय 6 दस आज्ञाओं का एक अंतिम रूप लेता है यह विचारों की वृद्धि पर एक भाग की प्रस्तावना दस आज्ञाओं में प्रस्तुत किया गया है । 5:28-33 के कारण मुझे यह स्पष्ट दिखाई देता है कि हम एक नये भाग को प्रारंभ कर रहे है जो आज्ञाकारी होने के महत्व देता है ।

(अ) कई लोगों ने स्वीकृत किया है कि अध्याय 6 प्रथम आज्ञा की विस्तार है जो हमारे जीवन में यहोवा की प्रधानता को स्थापित करता है ।

(ब) इस अध्याय में अब्राहम से किये गये यहोवा के वास्तविक वायदे उत,12:1-3 और उनकी परिपूर्णता होने का (6:1,3,10,18 और 23) स्थाई महत्व है ।

शब्द और वाक्यखण्ड अध्ययन-

NASB मूल ग्रन्थ 5:28-33

1 "यह वह आज्ञा, और वे विधियाँ और नियम है जो तुम्हें सिखाने की तुम्हारे परमेश्वर यहोवा ने आज्ञा दी है । तुम उन्हें उस देश में मानों जिसके अधिकारी होने को तुम यरदन नदी आज्ञा के उस पार जाने पर हो । 2 तू और तेरा बेटा और तेरा पोता यहोवा का भय मानते हुए उसकी उन सब विधियों और आज्ञाओं पर जो मै तुझे सुनाता हूँ, अपने जीवन भर चलते रहें, जिससे तू बहुत दिन तक बना रहे । 3हे इस्रायल सुन, और ऐसा ही करने की चौकसी कर, इसलिए कि तेरा भला हो, और तेरे पूर्वजों के परमेश्वर यहोवा के वचन के अनुसार उस देश में जहाँ दूध और मधु की नदियाँ बहती है, तुम जनसंख्या में बहुत हो जाओ ।

6:1 "आज्ञा, विधियाँ और नियम" देखें विशेष विषय 4:1 में ।

❖ तुम्हारे परमेश्वर यहोवा देखें विशेष विषय : ईश्वरों के नाम 1:3 में ।

❖ सिखाना... मानें अध्याय 6, के साथ अध्याय 5 की समाप्ति, आज्ञापालन की आवश्यकता होने में एक दृढ़ महत्व को गुण दोष से बतलाया जा सकता है (5:29, 31,32,33,6:1, 2, 3, 4, 17, 24 और 25) । इसी आज्ञापालन की आवश्यकता के महत्व को नये नियम में दुहराया गया है, लूका 6:46, यहू, 14:21, याकूब 2:14-26, 1 यहु. 5:2) । एक तरह से हम उसे दिखा सकते है कि सचमुच हम उससे प्यार करते है तो उसने जो बोला है करने के लिए हमें उसे करना है (मानना है) । इस आज्ञापालन की केन्द्रियभूत प्रथम परमेश्वर की ओर है उसके बाद हमारे वाला के भाई/बहन की तरफ है । परमेश्वर अनुग्रह में हमेशा आरम्भिक लेता है (वाचा की लाभ), तथापि वह हमसे उसके वाचा के भागों को मानने की आशा रखता है ।

❖ उस देश में जिसके अधिकारी होने को जा रहे हो, यह सचमुच, उत. 12:1–3 को प्रकट करता है । पुराने नियम में अब्राहम संबंधी वायदा देश के रूप को दृढ़ किया है जबकि नेय नियम में अब्राहम संबंधी वायदा संतान के रूप को दृढ़ किया है (यहुदा के कुल, यिशै का परिवार, दाऊद की वंशावली)

6.2 तू और तेरा बेटा और तेरा पोता यहोवा का भय मानें, परिवार के आदर और आराधना के विषय को व्यवस्था विवरण में दर्शाया गया है (4:9–10, 5:29, 6:13, 11:19, 32:46) । यह व्य. 5:9 के विपरित अध्यात्मवादी संबंधी है ।

❖ भय मानते हुए... चलते रहें आदर (बीडीबी 431, केबी 432, क्वेल अपूर्ण) को प्रमाणित किया गया है, उसके सभी वाचा की मांगों को मानने (बीडीबी 1036, केबी 1581, क्वेल अनिश्चित निर्माण) से है ।

❖ अपने जीवन भर ध्यान दें कि यह जीवनकला पर महत्व देता है – प्रतिदिन आज्ञापालन, सिर्फ विशेष आराधना अवधि या वार्षिक त्यौहारों में ही नहीं । बाइबल संबंधी विश्वास एक जीवनकला विश्वास और पश्चाताप का अनुसरण करने के द्वारा प्राथमिक विश्वास और पश्चाताप है (मर. 1:15,, प्रे.का. 3:16, 19, 20:21) ।

❖ चलते रहें देखें संक्षिप्त लेख 5:1 में

❖ जिससे तू बहुत दिन तक जीवित रहे इस वाक्यखण्ड का अनुवाद प्राय: व्य, 5:6 के मेल में हुआ है जैसे एक व्यक्ति के दीर्घायु का वायदा, जो उनके माता–पिता का आदर करते हैं ।

किन्तु व्य. 4:40, 5:16, 33, 6:2, 11:9 में इस वाक्यखण्ड का प्रयोग बारम्बार होने के कारण, स्पष्ट रूप से यह एक स्थिर समाज, के लिए एक मुहावरा है न कि एक व्यक्ति के दीर्घायु के लिए परमेश्वर की वाचा की नियुक्ति एक भक्तिपूर्ण, स्थिर, स्वास्थ्य, उत्पादक समाज उंचे पद पर नियुक्त करने के लिए किया गया है । (पद 3, और पूरी संक्षिप्त लेख 4:40 में)

6.3 ध्यान दे कि कैसे क्रियाएँ और विचारों को बारम्बार दुहराया गया है ।

❖ इसलिए कि तेरा भला हो, यह वाक्यखण्ड पद.2 के ताकि तू बहुत दिन तक बना रहे की समान्तर है, ध्यान दे कि यह वाक्यखण्ड 5:33; 15:16; 19:13 में भी पाया गया है ।

❖ उस देश में जहां दूध और मधु की धाराएँ बहती है तुम बहुत हो जो जाओ, इसे निद्धिष्ट होने की आवश्यकता है कि यहोवा की मूल विधि, देशों को अपने पास खींचने का कारण, इस्रायल को अनोखे रूप से आशीष करना था । किन्तु, इस्रायल की अनाज्ञाकारिता, इस कथा को प्रभावशाली कभी होने की अनुमति नहीं दिया । अब्राहम की संतानों के

इतिहास को समझने में व्य. 27-29 की भाग आशीष और श्राम, मुख्य आधार है । विशेष रूप से उन्हें भरपूर होने के लिए कहा गया था, कि उनको बढ़ती होगी यदि वे परमेश्वर का अनुसरण करते हैं और यदि वे अनाज्ञाकारी होते है तो श्राप की बढ़ती होगी । इस्रायल की इतिहास अनाज्ञाकारी में से एक है ।

वाक्यखण्ड, उस देश में जहां दूध और मधु की धाराएँ बहती है; जो अग्रेटिक और मिस्त्री लेख प्रमाण दोनों में पलिश्ति देश को संकेत करने के लिए, शास्त्र संबंधी वाक्यखण्ड है । प्राय: इसका प्रयोग हुआ है (निर्ग. 3:8, 17; 13:5; 33:3; लैव्य; 20:24; गि. 13:27 14:8; 16:13; व्य. 6:3; 11:9; 26:9; 27:3; 31:20)

NASB मूल ग्रन्थ 6:4-9

> "हे इस्रायल सुन, यहोवा हमारा परमेश्वर है, यहोवा एक ही है; तू अपने परमेश्वर यहोवा से अपने सारे मन और सारे जीव, और सारी शक्ति के साथ प्रेम रखना । और ये आज्ञाएँ जो मैं आज तुमझको सुनाता हूं वे तेरे मन में बनी रहे, और तू इन्हें अपने बाल बच्चों को समझाकर सिखाया करना, और घर में बैठे मार्ग पर चलते, लेटते, उठते, इनकी चर्चा किया करना । और इन्हें अपने हाथ पर चिन्ह के रूप में बांधना और ये तेरी आंखों के बीच टीके का काम दें । और इन्हें अपने अपने घर के चौखट की बाजुओं और अपने फाटकों पर लिखना ।"

6:4 "सुन", यह इब्रानी क्रिया शेमा है (बीडीबी 1033, केबी 1570, क्वेल आज्ञात्मक) देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 4:1 में । इसका अर्थ सुनो इसलिए कि करो । यह बाईबल संबंधी वाचा का केन्द्रितभूत है । व्य. में इस क्रिया का प्रयोग संकेत करता है कि इसका प्रयोग पूजन विधि के अनुसार, आराधना की समयों में निर्धारित किया गया है (4:1, 5:1, 9:1; 20:3; 27:9-10)

व्य. 6:4-6 की इस प्रार्थना को, द्वितीय मंदिर की दिनों से लेकर (516 बी.सी.) आज के दिन तक सुबह और शाम और प्रत्येक आराधना के समय में यहुदी लोगों के द्वारा दुहराया जाता है । यह उनके विश्वास का मुख्य अंगीकार है ।

❖

NASB, NRJV	
NET NIV	"एक ही प्रभु है"
NRSV, TEV	"अकेला प्रभु"
NJB	"सिर्फ यहोवा"
LXX	"एक ही प्रभु है"
JPSOA	"अकेला प्रभु"
REB	"हमारा एक यहोवा परमेश्वर है"

यहाँ क्रिया नहीं है । यह अदैतवाद (एक ही परमेश्वर) के प्रति यहुदी निश्चितता का मुख्य आधार है (हालाकि इसे स्वीकृत किया जाना अवश्य है कि इस मुख्य आध्यात्मिक सच्चाई को संदर्भ रूप में बताया नहीं गया है)। इस्रयल उसके पड़ोसियों के जो अनेक देवताओं में विश्वास करते थे विषेशकर कनानियों के महत्व जो वे अनेक स्थानिक बाल देवता पर देते थे, इस्रायली उनसे बहुत दूर थे ।

यह विकसित अदैतवाद तत्व ज्ञान संबंध है (4:35, 39) या अभ्यासिक अदैतवाद है (5:7) इस विषय पर अत्यधिक चर्चा है । यह मालूम होता है, क्योंकि पद:14 में दूसरे देवताओं की चर्चा के कारण, वास्तविक रूप में वह यह प्रकट कर रहा है, इस्रायल के समझ के अनुसार, सिर्फ एक ही परमेश्वर है । विकसित, दार्शनिक, सत्व विधा संबधी अदैतवाद ने पुराने नियम में निश्चित अवस्था के वाक्यशैली को पूर्ण नहीं ढूढ़ता है । जब तक व वीं शताब्दी के भविष्यवक्ताएँ ढूढ लेते है । (याशा. 43:9–11; 45:21–22; यिर्म; 2:11; 5:7, 10) । नया नियम इसी समझ का अनुसरण करता है (रोमि. 3:30; 1 कुरि. 8:4, 6: I तिमि: 2:5; याकू. 2:19) ।

6:5 और तुम अपने परमेश्वर यहोवा से सारे मन, और सारे जीव और सारी शक्ति के साथ प्रेम रखना, यह एक सामर्थी महत्व है जो स्वीकृत करता है कि परमेश्वर को हमारा उत्तर देना, हमारे पूर्ण व्यक्तिगत को संलग्न करता है । यीशु मसीह ने इसी पद को लैव्य 19:18 केमिश्राण के साथ व्यवस्था की पूरी अस्तित्व को निश्चित करने के लिए कहा ।
मती;22:36–38; मर. 12:29–34; लूका 10:27–38) । जीस. पृ. 123–125 ।

6:6 इन वचनों को, ये वचन, यहोवा की वाचा, को प्रकट करता है, जो मूसा के द्वारा दिया गया था ।

❖ वे तेरे मन में बनी रहें, इब्रानी में मन (बीडीबी 523) एक व्यक्ति के जीवन को सीधे केन्द्रितभूत करने की ओर संकेत करता है । पुराने नियम में भी आंतरिक विश्वसनीय होने का अर्थ होता है, जैसे नये नियम में भी यही महत्व देता है व्य. 4:29; 6:5, 10:12; 1:13, 18; 13:; 26:16; 30:2, 6, 10; नये नियम में, सारी बुद्धि के साथ मर; 12:30 लूका 10:27) कई बार हम पुराने नियम की वाचा को एक बाहरी व्यवस्था होना और नये नियम की वाचा को आंतरिक विश्वास है करके इन दोनों के बीच एक दूरी बनाकर गलती करते है । संभवत: हमने इस भ्रम को यिर्म; 31:31–34 में है, से पाते है, जो एक नये मन को महत्व देता है । किन्तु पुराने नियम में भी, प्रत्येक विश्वासी को, उसके प्रभु परमेश्वर की ओर

उसकी पूरी व्यक्तित्व, क्रियाएँ, और विचार को नियंत्रित करना था ।

6:7 तु इन्हें अपने बच्चों को समझकर सिखाया करना, क्रिया (बीडीबी 104; केबी 1606, पीयल पूर्ण) का अर्थ, चतुर करना और पीयल में सिर्फ इसी का प्रयोग हुआ है । अग्रेटिक में शब्द का अर्थ दुहराना है । इस पद में यह मुख्य महत्व दिखाई जान पड़ता है । यहुदी गुरू इस पद का प्रयोग स्वीकृत करने के लिए करते है कि शेमा सुबहर और शाम दुहराया जाना चाहिए । हमें प्रतिदिन की क्रियाओं के पूर्ण अवधि के दौरान हमारे जीवन में परमेश्वर की इच्छा के बारे में बात करना है । यह माता-पिता कि जिम्मेदारी है कि जीवन कला के विश्वास पर लागू करें (व्य. 4:9; 6:20-25; 11:19; 32:46, देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 4:9 में) यह रूचिमय है कि शिक्षा के इन विभिन्न समक्षों की बहाव उसी साहित्य संबंधी नमूना जैसे भ.स. 139:2-6 और नीति; 6:20-22 में ही गिरती है ।

विश्वासियों का प्रेम स्वीकृत है (बीडीबी 12, केबी 17, क्वेल पूर्ण) व्य. की यह एक विशिष्ठ गुण है जो यहोवाकी वाचा में आज्ञापालन को संयुक्त करने केएि जैसे एक व्यक्ति का प्रेम यहोवा के लिए प्रमाण है । (5:10;6:5, 79; 10:12; 11:1, 13; 13:; 19:9; 30:6; 16, 12) । देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 5:10 में ।

शब्द मन और प्राण का प्रयोग एक साथ प्राय: एक पूर्ण व्यक्ति को प्रदर्शित करने के लिए किया गया है (4:29; 10:12; 11:13; 13:3; 26:16; 30:2, 6,10) ।

शब्द प्राण (बीडीबी 659) मनुष्यों और जानवरों के जवीन स्त्रोत (स्वांस) की व्याख्या करता है (उत. 1:20-30; 2:7,19; 7:22; अय्यु 34:14-15; भ.स; 104:29, 30; 146:4; सभो 3:19-21) यहां पर तीव्र इच्छा को प्रकट करता है ।

शक्ति (बीडीबी 547) का अर्थ प्रचुर या सामर्थ है (II राजा 23:25) । ये तीन शब्द मन, प्राण, शक्ति एक पूर्ण व्यक्ति को प्रस्तुत करते है और इसलिए इस वाक्यखण्ड पूरे मन के साथ के समानान्तर में है । ध्यान दें इस संबंध सूचक सारे जो है तीन बार महत्व देने के लिए दुहराया गया है ।

यीशु मसीह के द्वारा इस आज्ञा को यही महा - आज्ञा के रूप में बताया गया है (मती 22:34-40)मर; 12:29-3; लूका; 10:25-37) विभिन्न प्रकार के यदुदी अगुवों के लिए इनमें से प्रत्येक को व्याख्यान किया गया है । किन्तु इसे समझना अवश्य है कि यीशु मसीह और प्रेरितों काजीवन पुराने नियम से नये नियम तक एक अवस्थान अवधि थी । ये दो व्यवस्थाएँ परमेश्वर को प्रेम करना (व्य. 6:5) और अपने भाई को प्रेम करना (लैव्य. 19:18) निश्चित रूप से नई वाचा का सारांश भी है ।

प्रश्न जैसे, कैसे नये नियम के विश्वासियों को प्रत्युत्तर देना चाहिए ? पुराने नियम

के व्यवस्थाओं को देखें :

(1) हाऊ दू रीड द बाइबल फॉर ऑल इट्स वर्थ, डुगलस स्टूअर्ट, पृ.165–169

(2) क्रेकिंग ओल्ड टेस्टामेंट कोड्स डी. ब्रेन्ट सेण्डि एंड रोनाल्ड एल.

माता–पिता के इस जिम्मेदारी के महत्व को नीति; 22:6 में दुहराया गया है । हम आधुनिक चर्च स्कूल में माता–पिता के प्रशिक्षण के स्थानको नहीं ले सकते है, लेकिन सचमुचमें यह इसका शेष पूर्ति कर सकता है ।

6:8 और इन्हें अपने हाथ पर चिन्ह के रूप में बांधना, और ये तेरी आंखों के बीचटीके का काम दें, सचमुच में यह वाक्यखंड एक लक्षण के रूप में प्रयोग किया हुआ मालूम पड़ता है (LXX) । संदर्भ, परमेश्वर के वचन के लिए जीवन शैली शिक्षा का मौका है । किन्तु, यहुदी गुरूओं ने इस पद को बहुत यथाशब्द लिया और एक छोटे संदूक (टेलीफोन) में लपेटकर, जिसमें टोरह के धर्मग्रंथों में कुछ चुने हुए को रखा गया था, अपने बाँ हाथ के चारों ओर एक चर्मपट् से लपेटना प्रारंभ किया । इसी प्रकार के संदूक कोभी उनके माथे में तस्में से बांधा । इन टीके (बीडीबी 377) या ताबीज को व्य. 11:18 और मती 23:5 में भी प्रदर्शित किया गया है ।

6:9 और उन्हें अपने–अपने घर के चौखट की बाजुओं और अपने फाटकों परलिखना दुबारायह एक लाक्षणित संकेत की अनुमान है कि परमेश्वर की एक हिस्से को पास में रखना, न सिर्फ हमारे गृहस्थी जीवन में, लेकिन हमारे सामाजिक जीवन में भी (उदा. फाटक, 21:19, 22:15, 24) जैसे कि घर की द्वार (बीडीबी 265) को रोमी और युनानी समाज में प्राय: दुष्टात्मा की जगह के रूप में देखा गया था, यहुदी समाज में यह परमेश्वर की उपस्थिति को प्रस्तुत किया हुआ है (उदा. वह स्थान, जहाँ पर फसह की लहु को लगाया गया था, निर्ग, 12:7, 22, 23) ।

तुम्हारे फाटक (बीडीबी 1044), सामाजिक सभा और न्याय के स्थान को प्रकट कर सकती है (उदा. नगर के फाटकों की समान) । सामान्य तौर में, इन छोटे बक्सों और फाटक में चिन्ह लगाने वाला (मेजुजा), धर्मग्रन्थ के अनेक संग्रहित पद्यांशों को रखती है : व्य, 6:4–9, 11:13–21, निर्ग. 13:1–10, 11–16.

NASB मूल ग्रन्थ 6:10-15

जब तेरा परमेश्वर यहोवा तुझे उस देश में पहुचाएँ, जिसके विषय में उसने अब्राहम, इसहाक और याकूब नामक तेरे पूर्वजों से तुझे देने की शपथ खाई, और जब वह तुझ को बड़े-बड़ और अच्छे नगर, जो तूने नहीं बनाए, और अच्छे-अच्छे पदार्थो से भरे हुए घर जो तूने नहीं भरे, और खुदे हुए कुएँ, जो तूने नहीं खोदे, और दाख की बारियाँ और जैतून के वृक्ष, जो तूने नहीं लगाए, ये सब वस्तुएँ वह जब दे, और तू खाके तृप्त हो, 12 तब सावधान रहना, कहीं ऐसा न हो कि तू यहोवा को भूल जाए, जो तुझे दासत्व के घर अर्थात् मिस्त्र देख से निकाल लाया है । 13अपने परमेश्वर यहोवा का भय मानना, उसी की सेवा करना, और उसी के नाम की शपथ खाना । 14 तुम पराए देवताओं के, अर्थात् अपने चारों ओर के देशों के लोगों के देवताओं के पीछे न हो लेना, 15क्योंकि तेरा परमेश्वर यहोवा जो तेरे बीच में है, वह जल उठनेवाला ईश्वर है, कहीं ऐसा न हो कि तेरे परमेश्वर यहोवा का छाप तुझ पर भड़के, और वह तुझ को पृथ्वी पर से नष्ट कर डाले ।

6:10-11 यह दिखाता है कि कनानियों के देश पर इस्रायल अधिकार करने वाला था (उत.15:16) । वह, उनके घरों, खेतों और दाख की बारियों को लेगी । तथापि पद 12, इस बात पर महत्व देता है कि उसे यह कभी नहीं भूलना है कि इन सभी को प्रभु ने उन्हें दिया हु और यह उनका निजी कमाई का नहीं है (4:9, 8:11-20, भ.स.103:2) । यदि वे यहोवा को भूले, तो वापस यहोवा उसे ले लेगा । वे उनके घरों को, खेतों को, और दाख की बारियों को खो देगें (28:27-48) । अद्‌भुत प्रेम ने वाचा के संबंध को प्रारंभ किया, लेकिन मानव के आज्ञापालन ने इसे धारण किया।

6:12 सावधान रहना क्रिया (बीडीबी 1036, केबी 1581, निफाल आज्ञात्मक) का प्रयोग प्राय: व्यवस्थाविवरण में हुआ है, लेकिन सामान्य तौर में क्वेल मूल में हुआ है । निफाल 2:4; 4:9, 15, 23; 6:12, 8:6, 11; 11:16; 12:13, 19, 30; 15:9; 239; 24:8 में पाया गया है और सामान्य तौर में सावधान होने के साथ पाया गया है ।

❖ कहीं ऐसा न हो कि तुम भूल जाये क्रिया (बीडीबी 1013, केबी 1489, क्वेल अपूर्ण) व्यवस्थाविवरण में एक बार बार होने वाली चेतावनी है (4:9, 23, 31, 31; 6:12 8:11, 14, 19 (दुबारा) 9:7; 25:19) ।

❖ जो मुझे दासत्व के घर से अर्थात मिस्र देश से निकाल लाया है, व्यवस्थाविवरण के पुस्तक का यह लगातार महत्व है कि परमेश्वर का प्रेम इस्रायल के ऊपर प्रथम

आया (व्य. 4:10; 5:29; 6:2) । पुराने नियम को व्यवस्था के रूप में और नये नियम को अनुग्रह के रूप में गुण दोष बतलाना, यह दुर्भाग्य है (मार्टिन लुथर) ।

6:13 यह पद अनेक बातों को बताता है कि यहोवा के लिए इस्रायल को बहुत सी चीजों को करना है जब वे विजयी होकर वायदे के देश में प्रवेश करते है :

(1) सिर्फ अपने परमेश्वर यहोवा का भय मानना – बीडीबी 431, केबी 432, क्वेल अपूर्ण

(2) उसकी आराधना करो – बीडीबी 712, सेवा करना केबी 773, क्वेल अपूर्ण

(3) उसके नाम की व्यर्थ न लेना – बीडीबी 989, केबी 1396, निफाल अपूर्ण, देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 5:11 में ।

ये सभी आराधना को संलग्नकरते है और मूसा की लेखों में प्राय: प्रयोग किया गया है ।

6:14 यह पद दूसरे मांग को जोड़ता है पद 13 की सूची में :

(4) दूसरे देवताओं के पीछे न हो लेना – बीडीबी 229, केबी 246, क्वेल अपूर्ण

यहां पर कनानियों के उपजाऊ देने वाले देवताओं की आराधना करना कठोरता से मना किया गया था।

❖ देवताओ.... देवताओं, ने एलोहिम और (बीडीबी 43) एल (बीडीबी 43) के शब्द है । देखें विशेष विषय 1:3 में ।

6:15 क्योंकि तेरा परमेश्वर यहोवा जो तेरे बीच में है, यही सृष्टि करने का, उद्देश्य था, परमेश्वर उनके साथ रहना चाहता है जिन्हें उसने अपने स्वरूप और समानता में बनाया है (उत: 1:26–27) । यह मसीह संबंधी विषय, इम्मानुयल, जिसका अर्थ परमेश्वर हमारे साथ है (याशा; 7:14, मती 28:20)

❖ जल उठनेवाला परमेश्वर, इस इब्रानी शब्द का अर्थ ईर्ष्या रखने वाला या जल उठने वाला हो सकता है (बीडीबी 888, व्य. 4:24; 5:9 देखें संक्षिप्त लेख 4:24 में । जल उठना, एक प्रेम शब्द है । हम सिर्फ उनके लिए जल उठते है जिनके लिए हमारे पास एक गहरी, बनी हुई प्रेम है । यह परमेश्वर के प्रेम कीशरीर रचना रूप में मान और पारिवारिक शब्दों में निर्दिष्ट दूसरी निश्चय सहित वचन है । देखें विशेष विषय 2:15 में ।

❖ तेरे परमेश्वर यहोवा का का कोप तुझ पर भड़के और वह तुझ को पृथ्वी पर से नष्ट कर डाले, जैसे खेलेटरी, परमेश्वर की प्रेम मे समान है, वही किताब परमेश्वर के क्रोध को प्रकट करता है । वही किताब जो हमें उसके पफेम के साथ व्याकुल करता है, उसके क्रोध के साथ आरंभ कर देता है (भड़के बीडी 354, केबी 351, क्वेल अपूर्ण 11:16-17; 31:16-1, न्या. 2:14; 6:13; और नष्ट करना या सर्वनाश करना बीडीबी 1029; केबी 1552, हिफिल पूर्ण, 1:27; 2:22; 9:20, यहोशू 9:24) । परमेश्वर के प्रेम और उसके क्रोध के बीच के समझने का एक अच्छा तरीका व्य. 5:9 के साथ 7:9 की जब तुलना करेगें । जैसे परमेश्वर मुख्य पापों की जीवन शैली को, पिता से पुत्र और पुत्र से तीसरी और चौथी पीढ़ीयों तक भेंट कराता है, वह विश्वास की आशीष को हजारों पीढ़ीयों तक भेंट कराता है जो उससे प्रेम करते है । परमेश्वर के प्रेम का तिरस्कार ही परमेश्वर का क्रोध हे । याशायाह परमेश्वर के क्रोध को उसका अनोखा काम कहता है (याशा: 28:21) ।

NASB मूल ग्रन्थ 6:16-19

तुम अपने परमेश्वर यहोवा की परीक्षा न करना, जैसे कि तुम ने मस्सा में उसकी परीक्षा की थी । अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञाओं चेतावनियों और विधियों को जो उसने तुझको दी है, सावधानी से मान्ना । और जो काम यहोवा की दृष्टि में ठीक और सुहावना है वही क्रिया करना, जिससे कि तेरा भलाहो, और जिस उत्तम देश के विषय में यहोवा ने तेरे पूर्वजों से शपथ खाई उसमें तू प्रवेश करके उसका अधिकारी हो जाए, कि तेरे सब शत्रु तेरे सामने से दूर कर दिए जाएँ, जैसे कि यहोवा ने कहा था ।

6:16 तुम अपने परमेश्वर यहोवा की परीक्षा न करना, जैसे कि तुम ने मस्सा में उसी परीक्षा की थी, उस जगह का नाम परीक्षा मस्सा (बीडीबी 650) रखा गया था । यह एक घटना की संदर्भ है जो निर्ग. 17:1-7 में हुआ (परीक्षा किया था बीडीबी 650, केबी 702, पीपल पूर्ण) यहां पर लोगों ने परमेश्वर के प्रावधान और उपस्थिति के विरूद्ध बड़बड़ाने लगे (व्य. 9:22; 33:8) । उन्होंने विश्वास की कमी को दिखाया (भ.स. 95:8, इब्रा. 3-4) इसे दुबारा मत करना (परीक्षा पीयल अपूर्ण) इस पद का प्रयोग यीशु के द्धारा उसके परीक्षा के अनुभव में शैतान को कहा गया था (मती 4:7; लूका 4:12) ।

6:17 तू अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञाओं को सावधानी से मानना देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 6:3 में । आज्ञापालन पर निरन्तर महत्व (देखें 5:1 में) वाचा के संबंध के लिए अति

प्रबल और मचान को स्थापित करती है । परमेश्वर के सभी वाचाएँ मुनष्यों के साथ, उसके द्धारा बिना शर्त के प्रारंभ हुआ है, लेकिन मनुष्य को अवश्य ही शर्त रूप से उत्तर देना चाहिए (5:32, 33; 6:1, 2, 3, 17, 24, 25) ।

❖ आज्ञाएँ... चेतावनियों... और विधियों देखें विशेष विषय 4:1 में ।

6:18 यहां पर तीन शब्द है जो इस्रायल के अनुभवों को नियम के अनुकुल बनाता है :

1. वही करना जो ठीक है – क्रिया बीडीबी 793I, केबी 889 क्वेल पूर्ण, करना

(अ) ठीक :– बीडीबी 449 का अर्थ ठीक या सुहावना है, निर्ग; 15:26; व्य. 6:18;12:25, 28; 13:18; 21:9

(ब) अच्छा :– बीडीबी 373 II ; दुबारा प्रयोग हुआ, सुहावना क्या है, उत. 16:6; व्य. 12:28 (बीडीबी 375III पद 24)

2. जिससे कि तेरा भला हो, – बीडीबी 405, केबी 408, क्वेल अपूर्ण, भला हो, 4:40; 5316, 29, 33 ; 6:3, 18; 12:25; 22:7

ध्यान दें कि ये सभी तीन, 12:25, 28 में पाया गयाहै । यदि इस्रायल वाचा के मांगों को रखना है, यहोवा उन्नत और दीर्घायु उनमें लायेगा ।

6:19 तेरे सब शत्रु तेरे सामने से दूर कर दिये जाएँ, परमेश्वर ने उन्हें वायदे के देश को दिया (दूर करने के द्धारा बीडीबी 213, केबी 239 क्वेल अनिश्चित निर्माण उत: 15:16–21) । उसने उन्हें सैनिक विजय को दिया, लेकिन इस्रायल को तब भी अपने आप को तैयार करना और जाकर लड़ना था । सभवत: यह उत्तर की आवश्यकता को दिखाने के लिए एक अच्छी मिश्रण थी । (यहोशू : 1–12)

NASB मूल ग्रन्थ 6:20–25

फिर आगे को जब तेरा लड़का तुझ से पूछे, ये चेतावनियां और विधि और नियम, जिनमे मानने की आज्ञा हमारे परमेश्वर यहोवा ने तुम को दी है, इनका प्रयोजन क्याहै ? तब अपने लड़के सेकहना जब हम मिस्र में फिरौन के दास थे, तब यहोवा बलवंत हाथ से हमको मिस्र में से निकाल ले आया, और यहोवा ने हमारे देखते मिस्र में फिरौन और उसके सारे घराने को दुख देनेवाले बड़े–बड़े चिन्ह और चमत्कार दिखाए, और हम को वह वहां से निकाल लाया, इसलिए कि हमें इस देश में पहुंचाकर, जिसके विषय में उसने हमारे पूर्वजों से शपथ खाई थी, इसको हमें सौंप दें । और यहोवा ने हमें ये सब विधियां पालन करने की आज्ञा दी, इसलिए कि हम अपने परमेश्वर यहोवा का यहोवा का भय मानें, और इस रीति सदैव हमारा भला हो, और वह हमको जीवित रखें, जैसा कि इाज के दिन हैं । और यदि हम अपने परमेश्वर यहोवा की दृषिट में उसकी आज्ञा के अनुसार इन सारे नियमों को माननें में चौकसी करें, तो यह हमारे लिए धर्म ठहरेगा ।

6:20 बच्चों की वाचापूर्ण आत्मिकता की शिक्षा पर यह स्थाई महत्व है (देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 4:10 में) ।

इस संदर्भ की (उदा. पद 20–33) अलौकिक रूप है कि प्रत्यक्ष गवाह मर चुके थे और उनकी संताने कहानी को बता रहे थे । इसलिए, शायद यह एक कर्मकाण्ड संबंधी नियम बन चुका था (उदा. जब आपके बच्चे पूछे ... आप कहना... निर्ग; 12:26, 27; 13:14–15; व्य. 6:20–25स यहोशू 4:6–7, 21–24) यह संभव है कि 6:20–24 कई पद्याशों में से एक है जो यहोवा के साथ इस्रायल विश्वास की यात्रा की चर्चा करता है, जो अब्राहम की बुलाहट से निर्गमन विजयी तक है (25:5–9; यहोशू 24:2–13; भ.स. 77; 78; 105; 136) ।

6:21 बलवंत हाथ से देखें संक्षिप्त लेख 4:34 में ।

6:22 यह मिस्र की दस महामारी की ओर संकेत कर रहा है महामारियों में से प्रत्येक महामारी, मिस्त्रियों की देवताओं में से एक के विरूद्ध एक न्याय था । स्पष्ट रूप से ये महामारियां लगभग 18 महीनों की अवधि पदार्थ की कुछ अंश संलग्न हुए थे । परमेश्वर उन्हें बहुत जल्द छुड़ा सकता था, लेकिन यह मेरा निजी विश्वास है कि वह मिस्र के लोगों के विश्वास को और साथ ही इब्रीयों के विश्वास को पैदा कर रहा था । मिश्रित भीड़ जिसने मिस्र को छोड़ा था, वहां कुछ मिस्र के विश्वासी लोग थे ।

6:24 यह, पद परमेश्वर की आज्ञाओं में आज्ञापालन करने से, इस्रायल के लाभों की प्रकटीकरण करता है (1) हमेशा उनकी भलाई के लिये और (बीडीबी 375 III पद 18) (2) एक सामान्य मनुष्य के जैसे उनके अतिजीवन के लिए बीडीबी 310, केबी 309, पायल अनिश्चित निर्माण) 4:1, 8:1; 30:16, 19) ।

❖

NASB, NKJV

TEV	**"हमेशा"**
NRSV	**"अंत तक"**
NJB	**"हमेशा के लिये"**

शब्दानुसार यह एक निर्माण सम्पूर्ण (बीडीबी 481) और दिवस (बीडीबी 398) का प्रयोग एक स्थिरता के लिए लक्षण के रूप में हुआ है (5:29, 28:33, उत, 6:5, भ.स. 52:1, देखें रोबर्ट बी. गर्डलेस्टोन, सीनोनिम्स ऑफ द ओल्डटेस्टामेंट, पृ. 316) ।

6:25 तो यह हमारे लिए धर्म ठहरेगा जैसे अब्राहम का अकेला विश्वास और आज्ञापालन के अधीन होना यहोवा के द्वारा एक धार्मिकता के रूप में स्वीकृत किया गया था, वैसा ही, इस्रायल के भाग पर वाचा की आज्ञापालन था (24:13) देखें विशेष विषय : धार्मिकता 1:16 में ।

यदि हम उसकी आज्ञा के अनुसार इन सारे नियमों के मानने में चौकसी करें ध्यान दें, इन वायदों के शर्तपूर्ण स्वभाव को दुहराया गया है :

(1) यदि हम चौकस है – बीडीबी 1036, केबी 1518, क्वेल अपूर्ण, 4:6, 9, 40, 5:1, 10, 12, 29, 32:6:2, 3, 17 (दुबारा)

(2) मानना – बीडीबी 793, केबी 889, क्वेल अनिश्चित 4:6, 5:1,15, 17, 27, 32, 6:1, 3, 18, 24, 25, देखें संक्षिप्त लेख 5:1 में ।

विवादपूर्ण प्रश्न –

ये विवादपूर्ण प्रश्न इस पुस्तक के इस भाग के मुख्य परिणाम को समझने की सहायता के रूप में दिया गया है । उनका अर्थ विचार उत्तेजक से है, न कि अन्तिम है ।

(1) कैसे अध्याय 6, दस आज्ञाओं से संबंधित है ?

(2) क्यों यहाँ पर इस प्रकार का महत्व वाचा के आज्ञापालन के लिए है ?

(3) व्य. 6:4–6 की क्या महत्वपूर्णता है और यह किस प्रकार से, अद्वैतवाद, विभिन्न देवताओं की पूज और हीनोथी स्म से संबंधित है ?

(4) एक विश्वासीमाता पिता की जिम्मेदारी उनके बच्चों के प्रति क्या है ?

(5) शब्दसाधन और बाइबल संबंधी शब्द धार्मिकता के प्रयोग की व्याख्या इसके पुराने नियम और नये नियम की केन्द्रितभूत से करो ।

*****

व्यवस्था विवरण 7

आधुनिक अनुवादों के वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
चुने हुए लोग	कनान में जीवन	प्रभु के निजी लोग	लोगों से भिन्न इस्रायल
7:1-5	7:1-6	7:1-6	7:16
7:6-11			परमेश्वर का चुनाव और उसकी कृपादृष्टि
	7:7-11	7:7-11	7:7-11
आज्ञापालन की आशीषें		आज्ञापालन की आशीषें	
7:12-16	7:12-16	7:12-16	7:12-15
			7:16
			यहोवा की शक्ति
7:17-26	7:17-26	7:17-26	7:17-20
			7:21-24
			7:25-26

शब्द और वाक्यखण्ड अध्ययन

NASB मूल ग्रन्थ 6:20-25

1. फिर जब तेरा परमेश्वर यहोवा तुझे उस देश में जिसके अधिकारी होने को तू जाने पर है पहुचाएँ और तेरे सामने से हित्ती, गिगीशी, एमोरी, कुनानी, परिज्ञी, हिब्बी और यबूसी नामक बहुत सी जातियों को अर्थात् तुम से बड़ी और सामर्थी सातों जातियों, को निकाल दें, 2. और तेरा परमेश्वर यहोवा उन्हें तेरे द्वारा हरा दे, और तू उन पर जय प्राप्त कर ले, तब उन्हें पूरी रीति से नष्ट कर डालना, उनसे न वाचा बाँधना, और न उन पर दया करना। 3. और न उनसे ब्याह-शादी करना, न तो अपनी बेटे उनके बेटे को ब्याह देना, और न उनकी बेटी को अपने बेटे के लिए ब्याह लेना। 4. क्योंकि वे तेरे बेटे को मेरे पीछे चलने से बहकायेंगी, और दूसरे देवताओं की उपासना करवाऐगी, और इस कारण यहोवा का कोप तुझ पर भड़क उठेगा और वह शीघ्र तेरा सत्यानाश कर डालेगा। 5 उन लोगों से ऐसा बर्ताव करना, कि उनकी वेदियों को ढा देना, उनकी लाठों को तोड़ डालना, उनकी अशेरा नामक मूर्तियों को काट काटकर गिरा देना, और उनकी खुदी हुई मूर्तियों को आग में जला देना।

7:1 हित्ती देखें विशेष विशय : कुनान के पूर्व–इस्रायली निवासी 1:4 में

❖ सातों जातियों बहुत सी जातियों की सूची 10, 7, 5, 3 या 1 में है (उदा, कुनानी और अमोरी) ।

7:1–5 कुनान के निवासी जातिय समूहों को इस्रायल के उत्तर में, अनेक क्रियाओं का प्रयोग आदेश के रूप में हुआ है :

(1) निकाल दें – पद 1, बीडीबी 675, केबी 730, क्वेल पूर्ण, शब्दानुसार इसका अर्थ छोड़ देना, 2 राजा 16:6, यहा, लाक्षणिक रूप से, नष्ट करना, पद:2.

(2) तेरा परमेश्वर यहोवा उन्हें तेरे द्वारा हरा दे – पद, 2, बीडीबी 678, केबी 733, क्वेल पूर्ण, पद 23, गिनती, 21:3, और 1 राजा 14:16 में परमेश्वर इस्रायल पर यही कर रहा है, उसके पाप के कारण ।

(3) तू उन पर जय प्राप्त कर ले – पद, 2 बीडीबी 355, केबी 353,हिफिल अनिश्चित सच में 2:34, 3:6 (दुबारा), 7:2 (दुबारा)

(4) पूरी रीति से नष्ट कर डालना – पद 2, बीडीबी 355, केबी 353, हिफिल अनिश्चित सच में 2:34, 3:6 (दुबारा), 7:2 (दुबारा)

(5) वाचा न बाँधना – पद 2, बीडीबी 503, केबी 500, क्वेल अपूर्ण, वाचा न तोड़ना निर्ग: 23:32, 34:12

(6) उन पर दया न कराना – पद, 2, बीडीबी 335, केबी 334, क्वेल अपूर्ण, पद, 16, 13:8.

(7) तुम ब्याह शादी न करना – पद 3, बीडीबी 368, केबी 364, हिथपेल अपूर्ण, शब्दानुसार दामाद मत बनना, उत. 34:9, यहोशू , 23:12

(8) तुम उनके वेदियों कोढ़ा देना – पद 5, बीडीबी 683, केबी 736, क्वेल अपूर्ण, 12:3, निर्ग, 34:13 (23:24), 2 राजा 23:12, 2 इति 31:1

(9) उनकी लाठों को तोड़ डालना – पद 5, बीडीबी 990, केबी 1402, पीयल पूर्ण, 2 राजा, 11:18 लिंग पूजन पत्थर, पुरूष उपज देने वाला देवता, बाल का चिन्ह है 2 इति.31:1.

(10) उनके अशेरा नामक मूर्तियों को काट–काटकर गिरा देना–पद, 5, बीडीबी, 54, केबी 180, पीयल अपूर्ण पद, 25, 12:3 2 इति, 14:3, 31:1, 34:4,7

11. उनकी खुदी हुई मूर्तियों को जला देना – पद 5, बीडीबी 976, केबी 1358, क्वेल अपूर्ण 1 इति. 14:12, मीका में 1:7, मूर्ति पूजा के झूठी विश्वास को जला दिया गया ।

7.2 पूरी रीति से उन्हे नष्ट कर दिया यह शब्द हेरेम है (बीडीबी 355, केबी 353 हिपिल अनिश्चित वास्तव में) इसका अर्थ है कि कुछ चीज विनाश होने के लिए परमेश्वर को समर्पित करना था । इस विषय के लिए नया नियम का शब्द कोर्बेन है । यह परमेश्वर के उपयोग के लिए, पवित्रता के विचार या कुछ चीज को दूर होने से संबंधित था । जबकि कुछ चीज अत्यधिक पवित्र था, इसका प्रयोग मानवप्राणी के द्वारा नहीं हो सकता था, उपयोग न करने की प्रतीती का एक ही तरीका नाश करना था । इसलिए, इस्रायलियों की सीमा के अंदर थे, जब उन्होने नगरों, को जीता पुरूषों और कई बार स्त्रियों, बच्चों और जानवरों को भी मारा था । वर्तमान में यह बहुत ही क्रूर दिखता है, लेकिन उन दिनों में यह एक सामान्य कार्य था । यहोशू 6 में यरीहो या यहोशू 10:28–35 में लकीश इसके लिए, एक अच्छा उदाहरण होंगे । उत. 15:16, गि. 33:55, यहोशू 23:13 कनानियों के पूर्ण विनाश के अध्यात्मवादी संबंधी कारण को निर्धारित करता है ।

❖ उनके साथ वाचा न बाँधना यहोशू:9 हमें एक ऐतिहासिक उदाहरण जो इस आज्ञा को रखने के लिए इस्रायलियों की पराजय को बताता है ।

❖ NASB "**उन पर कृपा मत करना**"
NKJV, "**उनके लिए दया न करना**"
NRSV "**उन पर दया न करना**"
TEV "**कोई दया उन पर मत करना**"
NJB "**उन पर कोई कृपा मत करना**"

अस्तित्व अस्वीकार किया हुआ, क्रिया (बीडीबी 3551, केबी 334, क्वेल अपूर्ण) का अर्थ दया दिखाना या कृपालु होना है । किन्तु इस्रायल के पास यह चुनाव नहीं है (पद 16, 19:13, 21, 25:12) । कृपा को बुराई के साथ भ्रष्ट कर देगा, कृपा क्षमा करेगा, जो यहोवा नहीं करना चाहता है ?

7:3 तू उनसे ब्याह–शादी न करना यहाँ पर थोड़ा भी, कुल संबंधी, गहरा रंग नहीं डाला गया है, यह धार्मिक कारणों के लिए था (निर्ग, 34:12–17) । एज्रा 10 और नहे. 13 में इसके अनुसार मुख्य पद्यांश है । परमेश्वर अपने लोगों से कभी नहीं चाहता था कि वे मूर्तिपूजरा करने वाले उनानियों से शादी करे, और वो मूर्तिपूजा, जो बाद में उनके हृदय को मुझसे दूर करे, और संसार में मेरे प्रकाशन के प्रकट होने को नष्ट करें ।

7.4 क्योंकि वे तेरे पुत्रों को मेरे पीछे चलने से बहकाऐंगी देखें निर्ग, 33:55, यहोशू 23:13. यहाँ, जहाँ पर एक व्यक्ति को शास्त्रोक्त यहुदी उत्पन्न करने के लिए माता को मुख्य होने का विचार आधुनिक यहुदी का है ।

7:5 ढा देना...तोड़ देना, काट-काटकर गिरा देना... जला देना देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 7:1-5.

❖ अशेरा KJV अनुवाद में वृक्षवाटिका है । यथार्थ अर्थ लकड़ी से बनी हुई एक देवी की मूर्ति (बीडीबी 81) । यह एक लकड़ी से बनी हुई खंभा थी जो बाल की उठी हुई पत्थर की खंभों के बाजू में गाढ़ा गया था, बाल उपजाऊ देने वाला देवता । अशेरा पत्नि थी और इस लकड़ी की बनी हुई खंभे के द्वारा प्रस्तुत की हुई थी । यह अनिश्चित है यदि वे जीवित वृक्ष या मूर्ति से बनी हुई लाठें थी ।

NASB मूल ग्रन्थ 6:20-25

6. क्योंकि तू अपने परमेश्वर यहोवा की पवित्र प्रजा है, यहोवा ने पृथ्वी भर के सब लोगों में से तुझ को चुन लिया है कि तू उसकी प्रजा और निज धन ठहरे । 7. यहोवा ने जो तुम से स्नेह करके तुम को चुन लिया, इसका कारण यह नहीं था कि तुम गिनती में और सब लोगों से अधिक थे, किन्तु तुम तो सब देशों के लोगों से गिनती में थोड़े थे, 8 यहोवा ने जो तुम को बलवन्त हाथ के द्वारा दासत्व के घर में से और मिस्त्र के राजा फिरौन के हाथ से छुड़ाकर निकाल लिया, इसका यही कारण है कि वह तुम से प्रेम रखता है, और उस शपथ को भी पूरी करने चाहता है जो उसने तुम्हारे पूर्वजों से खाई थी । 9. इसलिए जान रख कि तेरा परमेश्वर यहोवा ही परमेश्वर है, यह विश्वासयोग्य ईश्वर है, जो उससे प्रेम रखते और उसकी आज्ञा मानते हैं उनके साथ वह हजार पीढ़ी तक अपनी वाचा का पालन करता, और उन पर करूणा करता रहता है, 10 और जो उससे बैर रखते है वह उनके देखते उनसे बदला लेकर नष्ट कर डालता है, अपने बैरी के विषय वह विलम्ब न करेगा, उसके देखते उससे बदला लेगा । इसलिए इन आज्ञाओं, विधियों और नियमों को, जो मैं आज तुझे चिताता हूँ मानने में चौकसी करना ।

7.6 पवित्र प्रजा.... परमेश्वर ने तुम को चुन लिया, पुराने नियम का चुनाव (उदा. चुन लिया-बीडीबी 103, केबी 119, क्वेल पूर्ण) सेवा के लिए था, जो उद्धार को संलग्न हमेशा नहीं करती है (याशा 48:28, 45:1 में क्रूसू) । चुने हुए, मतलब पवित्रता के समान, यहोवा से उनके संबंध के लिए होना था जो उनके व्यक्तिगत ईश्वर भक्ति से बढ़कर था, जैसे नये नियम के विश्वासियों के लिए संता का प्रयोग हुआ है । परमेश्वर ने इस्रायल को चुना एक देश को चुनने के लिए और देश को चुना विश्व को चुनने के लिए (निर्ग. 19:5-6) । परमेश्वर

एक पवित्र लोगों को चाहता है (बीडीबी 872) ताकि उसके चरित्र और इच्छा को संसार के लोगों को वह दिखाने पाएँ, और वे जानने पाएँ । किन्तु, यहाँ तक इस देश के अंदर भी, यह हमेशा प्रत्येक व्यक्ति के विश्वास का कार्य था जो एक व्यक्ति को परमेश्वर के साथ सच्चा बनाती है, न कि सिर्फ वाचा के संघ का भाग होने के द्वारा बनाती है (यहेजेकु.18) वाचा का संघ, एक-एक व्यक्ति के द्वारा बनाया गया था, जिन्होने स्वयं को, विश्वास के द्वारा परमेश्वर की व्यवस्था के लिए समर्पित किया था । इसे यहुदियों से अधिक ज्यादा लोगों के द्वारा बनाया गया था, इनके बीच में अजनबी अधिक थे, और विदेशी उनके देश में, और दूसरे देश के गुलामों को अनुग्रह रूप से स्वीकृत और वाचा के चुनाव में भागी होने के लिए अनुमति प्रदान की गई थी । (निर्ग. 12:38) ।

❖

NASB	**"निज धन"**
NKJV, NASB फुटनोट	**"एक विशेष खजाना"**
NRSV, NIV	**"एक विशेष खजाना"**
TEV	-
NJB	**"उसके बहुमूल्य लोग"**
JPSOA, REB	**"विशेष धन"**
NET Bible	**"आदर किया हुआ"**

यथाशब्द यह, निज लोग ठहरना (बीडीबी 766-1 और 688, निर्ग. 19:5) या एक उत्तम खजाना है । इस शब्द का मतलब मूल्य स्थिर किया हुआ धन है जो परमेश्वर के वाचा के लोगों के लिए आलंकारिक रूप में प्रयोग हुआ है (7:6, 14:2, 26:18, भ.स. 135:4, तितुस. 2:14, । पत. 2:9) । शायद आप हम कह सकते हैं कि इस्रायल यहोवा का मुकुट रत्न है (उदा. ज्ञान और प्रकाशन को सभी देशों में फैलाने के लिए) । देखें विशेष विषय : बाँब का एवेजेंलिकल बाइसेस 4:6 में ।

7.7 यहोवा ने जो तुम से स्नेह करके तुम को चुन लिया, इसका कारण यह नहीं था कि तुम गिनती में और सब देश के लोगों से अधिक थे, किन्तु तुम तो सब देखों के लोगों से गिनती में थोड़े थे, महत्वपूर्ण क्रिया (बीडीबी 365-1, केबी 362, क्वेल पूर्ण) का अर्थ एक साथ दबाना या बाँधना 10:15 (प्रेम के लिए विभिन्न शब्द (पद, 8), किन्तु समान सच्चाई 4:37 में) और संभवत: याशा, 38:17 है । इच्छा के लिए उत. 34:8, व्य. 21:11 में क्रिया का प्रयोग हुआ है) ।

यह पद, अविवाहित, दया, अनुग्रह परमेश्वर के प्रेम में अयोग्य होने के दबाव देकर बोलता है !

देखें विशेष विषय – 9:4–6 में इस्रायल पर यहोवा के अनुग्रह के कार्य । वास्तविकता में, इस्रालय प्रेम के योग्य नही था, क्योंकि उसके नंगे हठीलेपन के कारण से अयोग्य था (9:6, 13, 31:27) । परमेश्वर के अनुग्रह को स्पष्ट रूप से इस्रायल के विद्रोह के कारण दिखाया गया है ।

7:8 यही कारण है कि वह तुमसे प्रेम रखता है पुराना नियम कई बार जोर देता है कि परमेश्वर उनके पूर्वजों, अब्राहम, इसहाक, और याकूब से किये गये वायदों को पूरा करेगा (उत. 12, 15, 18, 26, 28) । लेकिन यहाँ परमेश्वर दिखाता है कि उसने पूरा किया क्योंकि वह इस पीढ़ी से भी प्रेम रखता है ।

तुम्हें बाहर निकाला क्रिया (बीडीबी 422, केबी 425, हिलफिल पूर्ण) बहुत ही सामान्य और कई विचारों में प्रयोग हुआ है (व्यवस्थाववरण के कुछ उदाहरण) :

1. मूलार्थ

अ. युद्ध के लिए एक एक सैन्यदल आया 1:44, 2:32, 3:1, 20:1, 10, 24:5, 29:7

ब. जल की सोते का पानी 8:7

स. न भूलना 9:7, 16:3, 6

द. खेत की उपज 14:22, 28:38

छ. बन्धक की वस्तु 24:11

2. लाक्षणिक

अ. छुटकारे के सदृश 1:27, 4:20, 5:6, 15 इत्यादि ।

ब. प्रारंभ करने का स्थान 2:23

स. छुटकारे के सदृश 7:8

द. बदनाम या बुरा नाम 22:14

ध. ब्याह में देना 22:19; 24:2

प. दैनिक जीवन 28:6, 19; 33:18

फ. अनुवाई 31:2

सिर्फ संदर्भ ही उचित अर्थ को समझा सकता है । यही सभी शब्दों की सच्चाई है ।

❖ छुड़ायें हुए इस क्रिया (बीडीबी 804, केबी 911, क्वेल अपूर्ण) का अर्थ एक दाम देकर खरीदना है । इसका प्रयोग खरीदने या दाम देकर लेने के लिए हुआ है
(1) पहिलौठा (निर्ग. 13:1-22; गि. 18:15-17) औरलेवी (गि. 3:44-41) या (2) एक दास (15:15;24:18; उदा. इस्रायल)

विशेष विषय : मुक्ति/धन देकर छुड़ाना

(I) पुराना नियम :

(क) मुख्य रूप से इब्रानी में दो शास्त्रोक्त शब्द है जो इस अभिप्राय को बताते है :

(1) गाल, जिसका मुख्य रूप से अर्थ मुक्त करना मतलब एक दाम को चुकाने के द्वारा है । गोयल शब्द का एक रूप, एक निजी मध्यस्थता करने वाला, सामानय रूप से एक परिवार के सदस्य के अभिप्राय को जोड़ता है (उदा. छुटकारा देने वाला संबंधी पुरूष) । वस्तुओं, जानवरों, खेतों (लैव्य 25, 27) या संबंधियों (रूत 4:15; याशा; 29:22) को पुन: खरीदने के इस सभ्यता रूप के अधिकार को अध्यात्मिक रूप से इस्रायल को मिस्र में से यहोवा के द्वारा छुटकारे में परिवर्तित किया गया है (निर्ग. 6:6; 15:13; भ.स. 74:2; 77:15; यिर्म 31:11) वह छुटकारा देने वाला होता है । (अय्यु. 19:25; भ.स. 19:14; 78:35; नीति 23:1; याशा 41:14; 43:14; 44:6, 24:47:4; 48:17, 49:7, 26;54; 5,8; 59:20; 60:16; 63:16; यिर्म. 50:34) ।

(2) पदाह, मूल रूप में जिसका अर्थ छोड़ना या मुक्त करना है ।
- (अ) पहिलौठे के प्रायश्चित द्वारा पाप से मुक्ति (निर्ग. 13:13-14, गि. 18:15-17
- (ब) शारीरिक मुक्ति को, आत्मिक मुक्ति से भेद दिखलाया गया है । भ.स. 49:7,8,15
- (स) इस्रायल को यहोवा पाप और विद्रोह में से छुड़ायेगा । भ.स. 130:7-8

(ब) अत्यात्मवादी संबंधी विषय, इससे संबंधित तीन रूपों को संलग्न करता है -
- (1) जहां एक जरूरत, बंधु आई, दण्ड कारागार है ।
- (अ) शारीरिक
- (ब) सामाजिक
- (स) आत्मिक (भ.स. 130:8)

(2) छुटकारा, आजादी और संग्रहण के लिए एक दाम चुकाना अवश्य है :
- (अ) इस्रायल, देश के लिए (व्य. 7:8)
- (ब) प्रत्येक व्यक्ति के लिये (अय्यु. 19:25-27; 33:28)

(3) किसी व्यक्ति को, दाता और मध्यस्थ के रूप में कार्य करना है । बाल में मुख्य रूप से यह एक परिवार का सदस्य या निकट संबंधी (उदा. गोयल) है ।

(4) यहोवा स्वयं को प्रय: पारिवारिक शब्दों में व्यक्त करता है :

(अ) पिता

(ब) पति

(स) निकट संगी

यहोवा के निजी कर्म स्थान को सुरक्षित रखा गया है; एक दाम चुकाया गया और मुक्ति को प्राप्त किया गया है ।

(II) नया नियम

(अ) अध्यात्म विद्या संबंधी विषय को यहां पर, विभिन्न शब्दों का प्रयोग बताने के लिए हुआ है।

(1) अंगोराजो (1 कुरि. 6:20; 7:23; II पत 2:1; प्रका. 5:9; 14:34) । यह एक व्यापारिक शब्द है जो कि एक किसी वस्तु के लिए दाम चुकाने की प्रतिबिंब डालती है । हम एक लहू से खरीदे हुए लोगा है जो हमारे स्वयं के जीवन को नियंत्रण नहीं पाते है । हम मसीह के है ।

(2) एक्सागोराजो (गल 3:13; 4:5, इफि 5:16, कुलु. 5:5) । यह भी एक व्यापारिक शब्द है । यह हमारे स्थान पर यीशु मसीह की मृत्यु के द्वारा पूर्ति पर प्रतिबिंब डालती है । व्यवस्था पर आधारित श्राम के कार्य को यीशु ने उठाया, (उदा. मूसा की व्यवस्था), जिसे पापी मानव खत्म नहीं कर सकता था । उसने हम सभी के श्राम को अपने ऊपर लिया (व्य. 21:23) । पूरी क्षमा, स्वीकृति और पहुच में , परमेश्वर का न्याय, प्रेम यीशु मसीह में मिल गया ।

(3) लुओ "मुक्त करना"

(अ) लूट्रोन, एक दाम चुकाया गया (मती 20:28; मर. 10:45) यीशु के मुख से कहे गये ये सामर्थी वचने, उसके आने का उद्देश्य, जो इस संसार का उद्धारकर्ता बनाने के लिए, एक पाप के कर्ज को चुकाने पर भी वह ऋणी नहीं हुआ (यहु. 1:29)

(ब) लहू "छोड़ देना"

(1) इस्रायल को मुक्त करना, लूका. 24:21

(2) स्वयं को मुक्ति और लोगों को शुद्ध करने के लिए देना, तितु. 2:14

(3) एक पापरहित प्रतिनिधि होना 1 पत. 1:18-19

(स) लूट्रोसि, "मुक्ति छुटकारा या आजादी"

(1) जकर्याह की भविष्यवाणी यीशु के विषय में लूका 1:68

(2) यीशु के लिए, परमेश्वर को हन्ना की स्तुति लूका 2:38

(3) यीशु का उत्तम बलिदान एक बार चढ़ाया गया, इब्रा 9:12

(द) अपोलीट्रोसिस

(अ) द्वितीय आगमन पर मुक्ति (प्रे.का. 3:19-21)

(1) लूका : 21:28 (3) इफि. 1:14; 4:30

(2) रोमि: 8:23 (4) इब्रा. 9:15

(ब) यीशु मसीह की मृत्यु से मुक्ति

(1) रोमि 3:24 (3) इफि. 1:27

(2) I कुरि. 1:30 (4) कुलि. 1:14

(5) एण्टिलिट्रोन (I तिमु. 2:6) यह एक प्रामाणिक मूल ग्रंथ है (जैसे तितुस. 2:14 है) जो यीशु की क्रूस पर दूसरे के बदले में हुई मृत्यु पर मुक्ति पाने वाले को जोड़ता है। वह एक और सिर्फ एक ही स्वीकृत किया हुआ बलिदान है; वह अकेला जो सभी के लिये मरता है (यहु. 1:29; 3:16-17; 4:42; I तिमु. 2:4; 4:10; तितु 2:11; II पत, 3:9; यहु. 2:2, 4:14)

(ब) अध्यात्म विधा संबंधी विषय को नये नियम में संकेत करता है -

(1) मानव जाति पाप के दास है (यहु. 8:34; रोमि 3:10-18; 6:23)

(2) पुराने नियम में मूसा की व्यवस्था के द्वारा (गल.3) और यीशु के पहाड़ी के द्वारा मानव जाति पाप का दास है इस बात को प्रकट किया गया है। (मत्ती 5.7) मानव कार्य एक मृत्यु की घोषणा बन चुका है (कुलु. 2:14)।

(3) यीशु, परमेश्वर का पापरहित मेमना, आया और हमारे स्थान में मरा (यहु. 1:29; II कुरि. 5:21) हमें पाप से सोल देकर खरीदा गया है इसलिए हम परमेश्वर की सेवा कर सकें (रोमि 6)

(4) यहोवा और यीशु दोनों लपेट के द्वारा संगी है जिन्होने हमारे स्थान पर कार्य किया। यह निरंतर एक पारिवारिक लक्षण है (उदा. पिता, पति पुत्र, भाई, निकट संगी)।

(5) मुक्ति, शैतान को दाम चुकाकर नहीं था (उदा. मध्यवर्ती सिद्धांत) लेकिन परमेश्वर के वचन और परमेश्वर के न्याय का समझौता, परमेश्वर के प्रेम और मसीह में पूर्ण प्रयोजन के साथ था। क्रूस पर शांति का संग्रहित किया गया था, मानव जाति के पाप क्षमा किये गये, परमेश्वर का स्वरूप अब पूर्ण रूप से मानव जाति में दुबारा एक घनिष्ठ संगति से कार्यरत हुआ।

(6) अब तक यहां एक मुक्ति का भविष्य रूप है (रोमि 8:23; इफि. 1:14; 4:30) जो हमारे पुनरत्थान शरीरों और त्रिय परमेश्वर से शारीरिक घनिष्टताको संलग्न करता है।

7:9 जान रख, देखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 4:35 में।

❖ ध्यान दें, कि इस्रायली लोगों, परमेश्वर के बारे में क्या जानना था (बीडीबी 393, केबी 390, क्वेल पूर्ण) :

(1) प्रभु तुम्हारा परमेश्वर, वह परमेश्वर है – सभी संज्ञाए, 4:35, 39, एलोहिम के सामने यथा के साथ ।

(2) विश्वसनीय परमेश्वर – बीडीबी 52, निफाल कृदन्त, याशा 49:7 । यह एक प्रधान अध्यात्मविधा संबंधी निश्चितता है (का.स. 89) । इसकी व्याख्या अगले दो भागों के द्वारा हुई है ।

(3) जो उसकी वाचा कोरखते है – क्रिया बीडीबी 1036, केबी 1581, क्वेल क्रिया कृदन्त, पद. 12; उत: 28;15, 20;यहोशू : 24:17; भ.स. 146:6

(4) और उसकी करूणा – संज्ञा बीडीबी 338, पद 9, 12; I राजा; 8:23; II इति; 6:14; नहे. 1:5, 9:32; दानि 9:4

इसके प्रकाशन से उन्हें जानना था :

(1) उससे प्रेम करें, पद 9, बीडीबी 12, केबी 17, क्वेल क्रिया कृदन्त (6:5; 7:13; 11:1, 13: 22:13:3) छेखें पूर्ण संक्षिप्त लेख 5:10 में ।

(2) उसकी आज्ञा मानें, पद 9, बीडीबी1036; केबी 1581, क्वेल क्रिया कृदन्त, दें पूर्ण संक्षिप्त लेख 5:1 में ।

ध्यान दें, परमेश्वर की विश्वासयोग्यता में और इस्रायल की विश्वास योग्यता के बीच की तुल्यता पर । यहोवा के साथ, एक प्रेमी, आज्ञाकारी नीजी संबंध ने, हमारों पीढ़ी के लिए आशीष को यहोवा ने बहाया है । बड़ी प्रचुरता के लिए, हजार एक लक्षण है, हमेशा शब्दानुसार नहीं (भ.स. 90:4; पृ का. 20:2, 3, 4, 7) देखें लेख 5:9 में ।

7:10-11 ध्यान दें, जो यहावों को घृणा करते है उसके लिए यहोवा का उत्तर –

बीडीबी 971, केबी 1338, क्वेल क्रिया कृदन्त 5:9,निर्ग. 20:5; गि. 10:5; II इति, 19:2 भ.स. 68:1; 81:15; 139;21:

(1) उन्हें नाश करता है – बीडीबी 1, केबी 2, हिलफिल अनिशिच निर्माण ।

(2) उनके देखते उनसे बदला लेता है – बीडीबी, 1022, केबी 1532,पीयल अपूर्ण, मतलब, बदला, प्रतिकार यिर्म 51:24

7:11 आज्ञाओं, विधियों और नियमों देखें विशेष विषय 4:1 में ।

NASB मूल ग्रन्थ 7:12-16

और तुम जो इन नियमों को सुनकर मानोगें और इन पर चलोगे, तेरा परमेश्वर यहोवा भी उस करूणामय वाला का पालन करेगा, जिसे उसने तेरे पूर्वजों से शपथ खाकर बांधी थी, और वह तुझ से प्रेम रखेगा और तुझे आशीष देगा, और गिनती में बढ़ायेगा, और जो देश उसने तेरे पूर्वजों से शपथ खाकर तुझे देने को कहां है उसमें वहतेरी संतान पर और अन्न, नये दाखमधु, और टटके तेल आदि भूमि की उपज पर आशीषदिया करेगा, और तेरी गाय बैल और भेड़ बकरियों की बढ़ती करेगा । तू सब देशों के लोगों से अधिक धन्यहोगा तेरे बीच में न पुरूष न स्त्री निर्वंश होगी, और तेरे पशुओं में भी ऐसा कोई न होगा । और यहोवा तुझ से सब प्रकार के रोग दूर करेगा; और मिस्र की बुरी-बुरी व्याधियां जिन्हें तू जानता है उसमें से किसी को भी तुझे लगने न देगा, ये सब तेरे बैरियों ही को लेगें । और देश-देश के जितने लोगों को तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे वश में कर देगा, तू उन सभों का सत्यानाश करना, उन पर तरस की दृष्टि न करना, और उन उनके देवताओं की उपासना करना, नहीं तो तू फंदे में फंस जायेगा ।

7:12 परस्पर संबंध को ध्यान दें (उदा. परस्पर वाचा की जिम्मेदारियां) । ध्यान दें कि उसकी वाचा और उसकी करूणामय दोनों समानांतर है ।

7:13-15 ध्यान में रखें, यहोवा के वाचा की आशीषे :

(1) तुम्हें प्रेम करें (2) तुम्हें आशीष दे (3) तुम्हें बढ़ाये (4) तुम्हारे संतानों को अशीष दें (5) तुम्हारे खेतों में अशीष दें (अ) अनाज (ब) नयी दाखमधु (स) तेल (6) तुम्हारे भेड-बकरियों को आशीष दें (7) बांझपन नहीं होगा (निर्ग; 23:26) (अ) मनुष्य (उत. 11:30; 16:1;25:21; 29:31) (ब) जानवर (28:4;30:9) (8) कोई बीमारी नहीं (कदाचित शब्द का यहां पर सिर्फ प्रयोग हुआ है और 28:10) (9) तुम्हारे शत्रुओं को हटाए

ये प्रचुर आशीषें (निर्ग. 23:25-26) को स्पष्ट रूप में, व्य. 28 में भी किया गया है, लेकिन वे अनाज्ञाकारिता के परिणामों के द्वारा घिरे हुए है (व्य. 27 और 28: 15-58) । मूसा के वाचा की शर्तपूर्ण स्वभाव स्पष्ट है । इस्रायल के इतिहास की बाकि चीजों को व्य. 27-29 के प्रकाश में समझा जा सकता है ।

परमेश्वर के वायदे, और आशीषे, सिर्फ एक विश्वसनीय, भरोसमंद, आज्ञाकारी इस्रायल के लिए मौजूद है । इस्रायल कभी भी इस कार्य की तुल्यता, को सभांलने के योग्य नहीं था, इसी रीति से, एक नयी वाचा की आवश्यकता (यिर्म 31:31-34; यहे. 36:2-28; गल.3) जो यहोवा के कार्यों पर आधारित है ।

यीशु मसीह के पीछे चलने वाले सभी पुराने नियम के प्रेमी, अंतिम समय में जागृति होने की आशा और प्रार्थना करते है (रोमि. 9-11) लेकिन स्पष्ट रूप से यह निर्धारित होना जरूरी है कि बिना यीशु मसीह के वहां पर कोई वाचा की वाचा की आशा नहीं है। (यहु. 14:6; 1:12; 8:16; 20:31)।

7:16 फन्दे में फसना, कनानियों के देवताओं को पूर्ण रीति से हटाना अवश्य है ऐसा न हो कि फन्दे में फंस जाये (बीडीबी 430, निर्ग; 23:33; गि. 33:55; यहो. 23:13; न्या. 2:3; 8:27, भ.स. 106:36, शब्दानुसार रूप से जो चारा देकरएक जानवर को फसांना है।

NASB मूल ग्रन्थ 7:17-26

यदि तू अपने मन से सोचें कि वे जातियां जो मुझसे अधिक है; मैं उनको कैसे देश से निकला सकूंगा ? तो भी उनसे न डरना, जो कुछ तेरे परमेश्वर यहोवा ने फिरौन से और सारे मिस्र से किया उसे भली भांति स्मरण रखना। जो बड़े-बड़े परीक्षा के काम तू ने अपनी आंखों से देखे, और जिन चिन्हों और चमत्कारों औरजिस बलवंत हाथ, और बड़ी हुई भुजा के द्वारा तेरा परमेश्वर यहोवा तुझको निकाल लाया, उनके अनुसार तेरा परमेश्वर यहोवा उन सब लोगों से भी जिनसे तू डरता है करेगा। इससे अधिक तेरा परमेश्वर उनके बीच भी भेजेगा, यहां तक कि उनमें से बचकर छिपगें वे भी तेरे सामने से नष्ट हो जायेगें। उनसे भय न खाना, क्योंकि तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे बीच में है और वह महान और भययोग्य ईश्वर है। तेरा परमेश्वर यहोवा उन जातियों को धीरे-धीरे तेरे सामने से निकाल देगा, तोतू एकदम से उनका अंत करेगा, नहीं तो बनैले पशु बढ़कर तेरी हानि करेगें। तो भी तेरा परमेश्वर यहोवा उनको तुझसे हटायेगा, और जब तक वे नष्ट न हो जाएं तब एक उनको अति व्याकुल करता रहेगा। और वह उनके राजाओं को तेरे हाथ में करेगा और तु उनका भी नाम धरती पर से मिटा डालेगा; उनमें से कोई भी तेरे सामने खड़ा न सकेगा,और अंत में तू उनका सत्यानाश कर डालेगा। उनके देवताओं की खुदी हुई मूर्तियाँ तुम आग में जलादेना, जो चांदी या सोना उन पर मढ़ा हो उसका लालच करके न लेना, नहीं तो तू उसके कारण फंदे में फसेगा, क्योंकि ऐसी वस्तुएं तुम्हारे परमेश्वर यहोवा की दृष्टि में घृणित है। और कोई घृषित वस्तु अपने घर में न ले आना, नहीं तो तू भी उसके समान नष्ट हो जाने की वस्तु ठहरेगा,उसे सत्यानाश की वस्तु जानकार उनसे घृणा करना और उसे कदापि न चाहना, क्योंकि वह अशुद्ध वस्तु है।

7:17 यदि तू अपने में सोचे - यह एक इब्रानी मुहावरा है जो, यदि तू अपने में सोचे या संदेह रखे, के लिए है (पद 21;9:23; भ.स. 95:8)। इस वाक्यखण्ड की पूरी केन्द्र इस्रायल को उत्साहित करने के लिए है :

(1) मिस्र के खिलाफ यहोवा के कार्य (उदा. महामारी) पद 18–21

(2) कनान के खिलाफ यहोवा का वायदा किया हुआकार्य (उदा. बर्रे की जाति का एक कीड़ा हड्डा) पद 20–24

7:18 तू भली–भांति स्मरण रखना, यह क्रिया (बीडीबी 269, केबी 269, क्वेल अनिश्चित वास्तिविक और क्वेल अपूर्ण) का प्रयोग विश्वासियों को पीछे देखकर, परमेश्वर के वर्तमानहाथ को देखेन पर महत्व देता है (5:15 (दो बार) 8:18; 9:7, 27; 15:15; 16:3;12 : 24; 9, 18, 22;25:17; 32:7) । जिस प्रकार वह पहेल था, वैसे ही वह होगा (उनके लिए जो उसने प्रेम रखते और उसकी आज्ञा को मानते है) । यहोवा ने इतिहास में उसके लोगों के लिए इच्छा कार्य और कार्यों को भी किया है ।

7:19 मिस्र में यहोवा के छुडौती कार्य की व्याख्या करने के लिए इस वचन को ध्यान दे :

(1) महान क्लेश बीडीबी 152 और 650 II, 4:34;29:3) इसी मूल (III) का प्रयोग इस्रायल के लिए, यहोवा को जंगल परिभ्रमण अवधि के दौरान परखने के लिए हुआ है, (6:16; 9:22) ।

(2) चिन्ह बीडी 16, 4:34, 7:19; 26:8; 20:2;34:11; भ.स. 28:43; 105:27; 135:9

(3) चमत्कार बीडीबी 68, 4:34, 6:22; 7:19; 26:8;34:11; भ.स. 78:43; 105:27; 135:9

(4) बलवन्त हाथ बीडीबी 305, और 388, 4:34; 5:15; 6:21; 7:8, 19; 9:26; 11:2; 26:8; 34:12, देखें पूर्ण लेख 4:34

(5) बढ़ाई हुई भुजा बीडीबी 283 और 639 (क्वेल निष्क्रिय कृदन्त) 4:34; 5:15; 7:19 9:29;11:2;26:8

मैंने सिर्फ व्य. में सामानांतर दिखाया है । वे निर्ग. में भी प्रकट होते है । यहोवा की छुड़ौती कार्य इस्रायल के लिए एक महान आशा है । अब्राहम से किये हुए वायदें का वे पूर्णता है (उत. 15:12–21) वे राष्ट्रीय वाचा की उदघाटन है ।

7:20 परमेश्वर बर्रे भेजेगा, बर्रे के लिए दो अर्थ संभवपूर्ण है (बीडीबी 864) : या तो यह लाक्षणिक है (व्य; 1:44,जोएक सैन्य दल को एक मधुमक्खी के झुण्ड के रूप में दिखाता है) या (2) शब्दानुसार (निर्ग. 23:28; यहोशू 24:12, यहां पर परमेश्वर ने विदेशी सैनिक दालों को हटाने के लिए बर्रे को भेजा । परमेश्वर उसके लोगों को दिखाता है कि वह उनके स्थान पर लड़ रहा है ।

7:21 तू उनसे भय न खाना इस क्रिय (बीडीबी 791, केबी 888, क्रेल अपूर्ण) को अनेकों बार दुहराया गया है 1:29; 7:21; 20:3; 31:6; यहोशू 1:9) ।

❖ **तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे बीच में है, यह एक अदभुत सच है । अति श्रेष्ठ परमेश्वर, पवित्र, उसके लोगों के साथ निवास करता है (निर्ग. 29:45; गि. 5:3;35:34) इसका टी अर्थ इम्मानुयल है (याशा; 7:14; 8:8, 10) ।**

❖ **महान और भययोग्य परमेश्वर, इस पद्यांश की रचना हुई है :**

(1) विशेषण – महान बीडीबी पर

(2) निफापल कृदन्त – भयानक बीडीबी 431, केबी 432

यहोवा की इस व्याया (निफाल रूपों का प्रयोग) को 10:17, नहे. 1:5; 4:14; 9:32;दानि, 9:4 में भी पाया गया है ।

7:22 इस पद में परमेश्वर की शक्ति (उदा. स्पष्ट दूर करना बीडी 675, केबी 730, क्वेल पूर्ण) और मानव स्थिरता के बीच तुल्यता को दिखाता है :

(1) तू एकदम से उनका अंत न कर सकेगा ।

(2) ऐसा न हो कि बनैले पशु बढ़कर तेरी हानि करें ।

7:23 परमेश्वर के कार्यो की व्याख्या इस प्रकार से की गयी है :

(1) तेरा परमेश्वर यहोवा उनके बीच बर्रे भेजेगा, पद 20

(2) तेरा परमेश्वर यहोवा..... उनको अति व्याकुल करता रहेगा पद 23 (संज्ञा और क्रिया है, एक ही मूल से) पद 23, निर्ग 23:27 (यह पवित्र युद्ध की शब्दकोष है)

(3) वह उनके राजाओं को तेरे हाथ में करेगा, पद;24

7:24 उनमं से कोई भी तेरे सामने खड़ा न सकेगा, यह सैनिक दल सम्मुख आगमन के लिए एक इब्रानी मुहावरा है (उदा. दो सैनिक दल, 11:25; यहोशू 1:5; 10:28, 23:9) ।

13:4 ये पद क्वेल अपूर्णो की क्रमानुसार एक सूची रखना है, जो यहोवा की निषेधक आराधना के लिए मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है :

(1) पीछे चलना बीडीबी 229, केबी 246, 8:6

(2) भय मानना बीडीबी 431, केबी 432

(3) आज्ञा पर चलना बीडीबी 1036, केबी 1581; 5:29;6:2

(4) सुनना बीडीबी 1033, केबी 1510

(5) सेवा करना बीडीबी 712, केबी 773

(6) लिपटै रहना बीडीबी 179, केबी 209

यह पह 6:12 और 10:20 की समानता है ।

13:5 ऐसा भविष्यवक्ता या स्वप्न देखने वाला मार डाला जाए, यहोवा, अपनी मालिन्य आराधना के कारण चितिंत हैं, जो व्य. 12 स्पष्ठ रूप से दिखाता है । यदि यहोवा की आराधना यहां पर मालिन्य हुआ होता, तो नया नियम, वास्तविक नहीं होता । परमेश्वर चिचिंत था कि उसके लोग उसकी आज्ञा के अनुसार सही तरीके से उनकी आराधना नहीं था, जो परिणाम मृत्यु था, जिसमें इस्रायल के भीतर ही झूठे भविष्यवक्ताएँ और कनानी लोग शामिल थे (13:5, 9,15) । समाज के भीतर संभवत अकेले व्यक्तियों के लिए दुष्प्रेरणा था (4:19; 13:5,10)

❖ छुड़ाया है, यह शब्द किसी व्यक्ति को, गुलामी या जेलखाने में से दाम को चुकाकर छुड़ाने के तरीके की प्रकटीकरण है । देखें विशेष विषय 7:8 में ।

NASB मूल ग्रन्थ 13:6-11

यदि तेरा सगा भाई, या बेटा, या बेटी या तेरी अर्द्धांतिगनी, या प्राणप्रिय तेरा कोई मित्र निराले में तुझ को यह कहकर फुसलाने लगे कि आओ हम दूसरे देवताओं की उपासना या पूजा करें, जिन्हें न तो तू न तेरे पुरखा जानते थे, चाहे वे तुम्हारे निकट रहनेवाले आस पास के लोगों के चाहे पृथ्वी के एक छोर से लेके दूसरे छोर तक दूर दूर के रहनेवालों के देवता हो, तो तू उसकी न मानना और न उसकी बात सुनाना, और न उस पर तरस खाना और न कोमलता दिखाना और न उसको छिपा रखना उसको अवश्य घात करना ; उसको घात करने में पहिले तेरा हाथ उठे, पीछे सब लोगों के हाथ उठें । उस पर ऐसा पथराव करना कि वह मर जाए क्योंकि उसने तुझको तेरे उस परमेश्वर यहोवा से जो तुझ को दास्तव के घर अर्थात मिस्र देश से निकाल लाया है, बहकाने का यत्यन किया है । और सब इस्रायली सुनकर भय खाएँगे, और ऐसा बुरा कम फिर तेरे बीच न करेंगे ।

13:6,8 यदि तेरा सगा भाई, या बेटा ... बेटी... अर्द्धांगिनी ... मित्र, यहां तक कि यदि कोई अत्यधिक प्राणप्रिय, संबंधी या मित्र, आपको दूसरे देवताओं की आराधना करने की मोहित करने की कोशिश करता है तो विश्वसनीय इस्रायल को समाज के द्वारा उन्हें पत्थरवाह करना जरूरी था (पद, 9-10) । यह प्रत्येक व्यक्ति के हृदय के वाचा की उत्तरदायित्व है । यह सभ्यता की बनावट के संदर्भ में एक मूल कथन है जहां पर परिवार बहुत ही महत्वपूर्ण है (मत्ती 10:34-39, लूका; 14:25-27) ।

13:6 आओ हम दूसरे देवताओं की उपासना या पूजा करें ये दोनों क्रियाएँ क्वेल कोहोर्टेटिव है

(1) आओ बीडीबी 229, केबी 246

(2) उपासना करें बीडीबी 712, केबी 773

आराधना को सामूहिक लक्षणों के रूप में वे उपासना करते है ।

13:7 चाहे वे तुम्हारे निकट रहने वाले आसपास के लोगों के चाहे पृथ्वी के छोर से लेके दूसरे छोर तक दूर दूर के रहनेवाले देवता हो, इस वचन पर अनेक संभवपूर्ण व्याख्याएँ है । वाक्यखंड प्रकट कर सकता है :

(1) कनानी देवताएँ, चाहे वे कनान के उत्तर या दक्षिण में हो (पृथ्वी-भूमि)

(2) विदेशी देवताएँ, चाहे वे मेसोपोटामिया या पलिश्ति में हो (तुम्हारे निकट या दूर-दूर के)

(3) नक्षत्रमंडल देवताओं की आराधना के विषय में विशेष सावधानी, चाहे वे सूर्य, चन्द्रमा, तारे, ग्रह, नक्षत्रों का समूह, पूच्छल तारा, ग्रहण इत्यादि (वह चीजें जो उगता और अस्त होता है)

13:8 यह पद एक सूची को बनाता है (अस्तित्व अस्वीकार किये हुये की एक क्रमानुसार क्वेल अपूर्ण)कि किस प्रकार से यहोवा के सच्चे भक्त को दूसरे देवता के भक्त को बर्ताव करना चाहिए:

(1) तू उसकी न मानना बीडीबी 2, केबी 3

(2) न उसकी बात सुना बीडीबी/033, केबी 1570

(3) न उस पर तरस खाना बीडीबी 299, केबी 298, 7:2,16

(4) न कोमल दिखाना बीडीबी 328, केबी 328, I शमु;15:3

(5) न उसको छिप रखना बीडीबी 491, केबी 487 (मूलार्थ छिपाना)

13:9 एम.टी. के पास शब्द पत्थर इस पद में नहीं है, हाकि वह निश्चित तौर में मृत्यु की ही ढंग है जो संकेत करने के लिए हुआ है (पद;10) एम.टी.के पास क्वेल अनिश्चित वास्तविक और क्रिया की क्वेल अपूर्ण मारना बीडीबी 246, केबी 255 (उदा. निश्चित रूप से मारना) जो महत्व को संकेत करता है ।

एक व्यक्ति जो दूसरे के विरोध में गवाह देता है वह व्यक्ति होता है सबसे प्रथम पत्थर को फेकरा है (पद; 10;17:7) यदि एक व्यक्ति दोषी के बारे में झूठी साक्षी देता है, तब उसने पहले से विचार कर इस इत्या को किया हुआ है (5:20) ।

13:10 उस पर ऐसा पत्थरवाह करना कि वह मर जाए, एम.टी. में पत्थरवाह करना ताकि मरजाए के लिये यह क्रिया है (बीडीबी 709, केबी 768, क्वेल पूर्ण) और पत्थर के लिए (बीडीबी 6) जिसका मूलार्थ पत्थरों के साथ पत्थरवाह करना होगा । पत्थरवाह करना एक प्रमुख दंड था जो सारे वाचापूर्ण समाज के लोगों के द्वारा किया जाता था (लैव्य; 20:15, 16;गि 25:5, व्य. 13:10 यहे 9:6) ।

समाज के द्वारा लोगों को पत्थरवाह किये जाने का कारण था :

(1) मूर्तिपूजा, लैव्य 20:2-5 (संभवत यह भी 6-8) व्य; 13:1-5, 17:2-7

(2) ईश्वर निन्दा लैव्य 24:10-23; I राजा 11-14, लूका 4:29 प्र.का. 7:58 (दोनों निर्ग; 22:28 को प्रतिबिंब करता है) और यहु. 8:59 10:31 11:8 को भी ध्यान में रखे ।

(3) माता-पिता की अधिकार की उपेक्षा व्य; 21:18-21 (संभवत: लैव्य 20:9)

(4) वैवाहिक अविश्वासयोग्यता; व्य;22:22, 23-27 (सभवत: लैव्य; 20:10-16)

(5) राजविरोध (यहोवा के प्रति अनाज्ञापालक); यहोशू; 7

13:11एक व्यक्ति को दण्ड देने वाली छबि से बढ़कर यहां पर दण्ड में उससे अधिक संबंध है । एक भी व्यक्ति विद्रोह करता है तो उसे परिणाम (पत्थरवाह) की पीढ़ा को सहना होगा; किन्तु यहां पर उन लोगों के लिए जिन्होंने इस दण्ड के बार में सुना या गवाह बने है, उनके लिए भी हतोत्साह की बात होगी (17:12-13; 19:15-21; 21:18-21; रोमि;13:4) ।

NASB मूल ग्रन्थ 13:12-18

यदि तेरे किसी नगर के विषय में, जिसे तेरा परमेश्वर यहोवा तुझे रहने के लिये देता है, ऐसी बात तेरे सुनने में आए, के कितने अधम पुरूषों ने तेरे ही बीच में से निकलकर अपने नगर के निवासियों को यह कहकर बहका दिया है, कि आओ हम अन्य देवताओं की जिनसे अब तक अनजान रहे उपासना करें। तो पूछताछ करना और खोजना, और भली भांति पता लगाना; और यदि यह बात सच हो, और कुछ भी संदेह न रहे कि तेरे बीच ऐसा घिनौना काम किया जाता है। तो अवश्य उस नगर के निवासियों को तलवार से मार डालना, और पशु आदि उस सब समेत जो उसमें हो उसका तलवार से सत्यानाश करना। और उसमें की सारी लूट चौ के बीच इकट्ठी करके उस नगर को लूट समेत अपने परमेश्वर यहोवा के लिये मानो सर्वांग होम करके जलाना; और वह सदा के लिये डीह रहे वह फिर बसाया न जाए और कोई सत्यानाश की वस्तु तेरे हाथ न लगने पाए; जिससे यहोवा अपने भड़के हुए कोप से शांत होकर जैसा उसने तेरे पूर्वजों हसे शपथ खाई थी वैसा ही तुझ से दया का व्यवहार करे, और दया करके तुझ को गिनती में बढ़ाए। यह तब होगा जब तू अपने परमेश्वर यहोवा की जितनी आज्ञाएँ मैं आज तुझे सुनाता हूं उन सभों को मानेगा और जो तेरे परमेश्वर यहोवा की दृष्टि में ठीक है वही करेगा।

13:13 अधम पुरूषों शब्दानुसार इसका अर्थ, दुष्ट की सन्तान है (बीडीबी 116)। इब्रानी में इसका अर्थ अधम व्यक्ति या अनुपयोगी है (न्या; 19:22; 20:13; I शमु; 10:27; 30:22; I राजा 21:10, 13; निति 6:12)। नये नियम के समय में, दुष्ट की पर्यायवाची शैतान के साथ बन चुकी थी (II कुरि; 6:15)।

❖ बहकाकर, देखें लेख पद 10 में।

13:14 यह पद छानबीन या पूछताछ की क्रियाओं की क्रमानुसार एक सूची बनाता है (सभी क्वेल पूर्ण):

(1) NASB **"खोजना"**
NKJV, NRSV **"पूछताछ करना"**
NJB **"छानबीन करना"**
क्रिया बीडीबी 205, केबी 233 है अर्थ खोजना है (17:4,9; 19:18)

(2) NASB **"पता लगाना"**
NKJV, NRSV **"जांचना"**
क्रिया बीडी 350, केबी 347 है, अर्थ जांचना है भ.स. 139:1,23, नीति 18:17

(3) NASB **"पूरी तरह से पूछना"**
NKJV, NRSV **"ईमानदारी से पूछना"**
NJB **"पूर्ण ध्यान से पूछना"**

यह बीडीबी 981, केबी 1371 की क्वेल पूर्ण; पूछना और बीडीबी 405, केबी 408 हिफाल अनिश्चित वास्तविक, पूर्ण रीति से, की एक मेल या संग्रह है, 17:4; 19:8

13:15 तुम.... सत्यानाश करना वाक्यखंड पूर्णतया से सत्यानाश करने, का (बीडी 355) अर्थ सत्यानाश करने के लिए पूर्णतयासे परमेश्वर को समर्पित करना है। देखें पूर्ण लेख 3:6 में। इसी प्रकार के परिणामों को मूर्तिपूजकों के लिए भी नापा गया है कि वे यहुदियों के द्वारा पीढ़ित होगें, यदि वे दूसरे देवताओं की मूर्तिपूजा करते रहेगें।

13:16 और वह सर्वदा के लिए डीह रहे यह वाक्यखंड इब्रानी श्राम के लिये एक मुहावरा है (यूहोशू 8:28 यिर्म 49:2)। एक अभिप्राय सर्वदा के लिये (देखें विशेष विषय 4:30 में)

13:17-18 विचार की बहाव को ध्यान दें :

(1) मूर्तिपूजा, दण्ड को लेकर आता है (उदा. पवित्र युद्ध; सभी जीव) पद-12-15

(2) सभी नगर को नष्ट करने के लिए यहोवा को होमबलि के रूप में दिया गया था (पवित्र युद्ध में, यहोवा को सभी सभी कीमती योग्य जीचों को दिया गया था) पद 16-17

(3) आज्ञापालन, आशीषों को लेकर आता है, पद 17-18

- (अ) यहोवा अपने कोप से मुड़ता है।
- (ब) वह दया करता है 30:3
- (स) उसके पास दया है (ऊपर के समान बीडीबी 933)
- (द) वह बढ़ती को लेकर आता है
- (घ) वह पूर्वजों से की गई प्रतिज्ञाओं को पूरा करता है।

(4) आशीष, आज्ञापालन की शर्त पर आधारित है; पद 18

❖ जो तेरे परमेश्वर यहोवा की दृष्टि में ठीक है वही करेगा, यह वाक्यखंड व्य. में अनेकों बार प्रकट हुआ है (6:18; 12:28; 13:18)। यह I राजा; 11:38 14:8; 15:11, 22:43 II राजा 12:3 में भी प्रकट हुआ है। सभी लोगों का न्याय करने के लिए, यहोवा न्यायाधीश और धार्मिकता की सिद्धांत है। देखें विशेष विषय : धार्मिकता 1:16 में।

विवादपूर्ण प्रश्न :

(1) क्यों यह अध्याय स्वयं के आचरण में दूसरों के विश्वास से अत्यधिक कठोर है ?

(2) क्या यह अध्याय हमारे दिनों में दूसरों के विश्वास के साथ हमारे आचरण का आधार हो सकता है ?

(3) किस प्रकार आप एक झूठे भविष्यवक्ता को पहचान सकते हैं ? चमत्कार के बारे में क्या है ?

(4) पुराने नियम के देहत्व के अभिप्राय की व्याख्या करे, जो नये नियम के कई सारी प्रश्नों के उत्तरों को देते है।

व्यवस्था विवरण 14

आधुनिक अनुवादों के वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
शोक मनाने की वर्जित विधि	एक पवित्र मनुष्य की जीवन कला	शोक मनाने की वर्जित विधि	मूर्तिपूजन विधि के विरोध में
14:1-2	14:1-2	14:1-2	14:1-2
शुद्ध और अशुद्ध पशु		शुद्ध और अशुद्ध पशु	शुद्ध और अशुद्ध पशु
14:3-8	14:3-8	14:3-8	14:3-8
14:9-10	14:9-10	14:9-10	14:9-10
14:11-20	14:11-20	14:11-18	14:11-20
14:19-20	14:19-20	14:19-20	
14:21	14:21 अ	14:21 अ	14:21 अ
	14:21 ब	14:21 ब	14:21 ब
दशमांश की नियम		दशमांश की नियम	वार्षिक दशमांश
14:22-27	14:22-27	14:22-26	14:22-23
			14:24-27
		14:27-29	तृतीय वर्ष की दशमांश
14:28-29	14:28-29		14:28-29

14:1–16:17 की संदर्भ निरीक्षण

(अ) व्य. 14:1–2 एक प्राथमिक दृढ़ वचन है कि यहोवा के अनोखे लोगों के रूप में इस्रायल (निर्ग; 19:5–6) को इसी तरह से जीवन ज्ञापन करना है ।

(ब) व्य. 14:3–16:17 में परमेश्वर के लोगों से वाचा के कुछ भागों को संक्षिप्त सारांश में निर्गमन गिनती में दिखाया गया है ।

(1) शुद्ध बनाव अशुद्ध भोजन 14:1–21 में जो लैव्य 11:1–23 में वास्तविक रूप में पाया गया है ।

(2) 14:22–29 में दशमांश को वास्तविक रूप से लैव्य 28:8–38 में दिया गया है

(3) 15:12–18 में कर्ज को हटाने का कार्य, वास्तविक रूप में लैव्य 28:8–38 में दिया गया है ।

(4) 15:12–18 में इब्रानी गुलामों को मुक्त करने की, वास्तविक रूप में लैव्य 25:38–55 में दिया गया है ।

(5) 15:19–23 में पहिलौठे की छुड़ौती, वास्तविक रूप में निर्ग; 13:1–16 में दिया गया है ।

(6) यात्रा केतीन वार्षिक पर्वों को वास्तविक रूप में लैव्य 23:4–8, 16:1–17 में और गि. 28:16–29:40 में भी दिया गया है ।
(आऊटलाइन फ्राम ओल्ड टेस्टामेंट थियॉलाजी, पॉल आर हाऊस के द्वारा पृ. 184)

(7) व्य. की सारांश स्वभाव को स्पष्ट रूप से देखा गया है । प्राय: व्यवस्थाएँ नये स्थापन के लिए अल्पमात्र परिवर्तन हुए है ।

अवश्य ही यह पुन: निर्धारित होना चाहिए कि पुराने नियम की पुस्तकों की रचना को, आधुनिक लोग, कैसे, कब या क्यों को नहीं जानते है ।

NASB मूल ग्रन्थ 14:1–2

तुम अपने परमेश्वर यहोवा के पुत्र हो; इसलिये मरे हुओं के कारण न तो अपना शरीर चीरना और न भौहों के बाल मुँडाना । क्योंकि तू अपने परमेश्वर यहोवा के लिये एक पवित्र समाज है, और यहोवा ने तुझ को पृथ्वी भर के समस्त देशों के लोगों में से अपनी निज सम्पत्ति होने के लिये चुन लिया है ।

14:1 तुम अपने परमेश्वर यहोवा के पुत्र हो, वाचा के पारिभाषिक शब्दों को पारिवारिक रूपक में प्रयोग किया गया है (1:31, 8:5; 22:5) । देखें विशेष विषय : परमेश्वर की पैतृत्व 8:5 में । पद 1–2 में इस्राइलियों के लिए प्रयोग की गई तीन विशेष नामों या शीर्षकों को ध्यान में रखें ।

❖ अपने शरीर को चीरना क्रिया बीडीबी 151, केबी 177, हिथपोयल (हिथपायल मूल की कुदाचित विपरीत) अपूर्ण है और गहरा घाव करना या चीरना के संदर्भ में पाया गया है। यह मूर्तिपूजन करने वालों के कार्य थे। (चाहे ईश्वरों के ध्यान को आकर्षित करने के लिए या मृतकों के लिए शोक मनाने के अनुभव का कारण होने के लिए; लैव्य; 19:28;21:5; I राजा; 18:28; यिर्म; 16:6; 41:5; 48:37)।

विशेष विषय : शोक मनाने की आचार

इस्रायली लोग एक प्रियजन की मृत्यु के लिए और व्यक्तिगत पश्चाताप, साथ ही संयुक्त जुर्मो के लिए विभिन्न तरीकों में दुख का प्रकटीकरण करत है :

(1) वस्त्र फाड़ना, उत; 37:29, 34; 44:13; न्या. 11:35; II शमु; 1:11 3:31; I राजा; 21:27; अय्यु 1:20

(2) टाट लेपटना, उत, 37:34; II शमु 3:31; राजा 21:27; यिर्म; 48:37

(3) नगे पांव, II शमु. 15:30; याशा; 20:3

(4) सिर पर हाथ रखना, II शमु; 13:9 यिर्म 2:37

(5) सिर पर धूल डालना, यहोशू 7:6; I शमु 4:12; नहे 9:1

(6) भूमि पर बैठकर विलाप 2:10; यहे. 26:16 (भूमि पर लेटना; II शमु; 12:16) याशा; 47:1

(7) छाती पीटना, I शमु 25:1; II शमु. 11:26; नहे. 2:7

(8) शरीर को चीरना, व्य. 14:1; यिर्म; 16:6; 48:37

(9) उपवास रखना; II शमु; 1:16, 22; I राजा, 21:27

(10) विलापगीत गाना; II शमु; 1:17; 3:31; II इति; 35:25

(11) गंजापन (बाल निकाले गये है या उस्तरे से मुंडन किया गया) यिम; 48:37

(12) दाढ़ी को छोटा करना, यिर्म; 48:7

(13) सिर या चेहरे को ढांकना; 15:30; 19:4

❖ भौहों के बाल मुड़ांना, यह (गंजापन करना, बीडीबी 901) भी चारों ओर के देशों के शोक मनाने के आचार को प्रकट करता है (यिर्म; 16:6; 41:5; यहे. 27:31; 44:20)। अंतर में (1) इस्रायली याजकों को मुंडन कराने की अनुमति या आज्ञा नहीं थी (लैव्य 21:5) और (2) इस्रायलियों को अनेक दाढ़ी के बालों को मुंडाने की भी अनुमति नहीं थी (लैव्य 19:27)। इस्रायलियों को कई नियम, कनानियों के द्वारा नियमित कार्यों को किये जाने के विरूद्ध में दिये थे।

❖ मरे हुओं के कारण, शोक मनाने के आचार का वर्णन इनसे संबंधित किया गया है :

(1) पूर्वजो की आराधना

(2) बाल की आराधना (कनानियों के मंदिर के, मृत्यु शीत) और जीवित (बसंत) के प्राकृतिक देवता)

14:2 पवित्र समाज यह अभिप्राय यहोवा और मसीहा को इस्रायल के द्वारा प्रकट किये जाने के लक्ष्य के संबंध को बताता है (निर्ग; 19:6; व्य 7:6) देखें विशेष विषय 4:6 में ।

व्य. वाचा की भाशा को प्रतिरूप में दिखलाता है, जो तू अपने परमेश्वर यहोवा को ईश्वरीय, और उसके पवित्र, चुने हुए विशेष धन, लोगों के रूप में वर्णन करता है (4:20; 7:6; 14:2; 26:18; 28:9; 29:12–13) । यिर्मयाह को भी ध्यान में रखे (7:23; 11:4; 13:11; 24:7; 30:22; 31:1, 33; 32:38) । और वास्तव में कौन हेशे 1–3 को भूल सकता है ।

❖ यहोवा ने तुझ को चुन लिया है, क्रिया (बीडीबी 103, केबी 119, क्वेल पूर्ण) का प्रयोग परमेश्वर के प्रभुत्व के द्वारा चुने जाने के लिए हुआ है :

(1) अब्राहम, उत, 12:1; नहे 9:7

(2) पूर्वजों, व्य. 7:8

(3) पूर्वजों की संतानें व्य; 4:37; 10:15

(4) इस्रायल व्य 7:6 भ.स. 135:4; याशा; 44:1,8; 43:10; यहे, 20:5

(5) यशूरून (इस्रायल या यरूशलेम) व्य; 32:15; 33:5, 26; याशा: 44:2

(6) इस्रायली राजा (यहोवा के राज्य का चिन्ह, जो दाऊद को पहिले से सूचित करता है (I शमु.10:24; 16:8,9,10; II शमु.6:21) जो मसीहा को चित्रित करता है) व्य; 17:14–17

(7) उसके नाम का निवास स्थान (उदा. केन्द्रीय पवित्र स्थान) व्य. 12:5, 11,14,18, 21; 26; 14:24; 15:20; 16:2, 6,7,11,15;17:8, 10; 31:11

परमेश्वर के प्रभुत्व और उद्देश्य को इस्रायल के चुनाव में व्यक्त किया गया है । पुराने नियम में परमेश्वर के चुनाव हमेशा कार्य से संबंधित है न कि नये नियम के समान आवश्यक रूप से उद्धार से है । यहोवा को सारे संसार के इस्रायल को प्रकट करना था, ताकि सारा संसार उद्धार पाने पाएँ (उत; 12:3; तितुस 2:14 और I पत; 2:9 में लिया गया है) देखें विशेष विषय 4:6 में ।

❖ तुझको पृथ्वी भर के समस्त देशों के लोगों में से अपनी निज सम्पत्ति होने के लिए शब्द सम्पत्ति का (बीडीबी 668) अर्थ निज धन है (निर्ग; 19:5; भ.स. 135:4; मला. 3:17) ।

यह वाक्यखण्ड व्यवस्थाविवरण में बार-बार होने वाला आवर्तक है (7:न; 14:2; 26:18)। कृपया विशेष विषय को पढ़िये : बाँब का एवेजेंलिकल बियासेस 4:6 में। इससे एक तरीके को देखेगें जिस तहर मैं धर्मग्रंथ की अनुवाद को देखता हूं। यह मेरे संसार की ओर दृष्टि के मुख्य पूर्णता को दिखाती है। (महा-आज्ञा)।

NASB मूल ग्रन्थ 14:3-8

तू कोई घिनौनी वस्तु न खाना। जो पशु खा सकते हो वे है अर्थात गाय-बैल, भेड़-बकरी, हरिण, चिकारा मृग, बनौली बकरी, सांभर, नीलगाय और बनौली भेड़। अत: पशुओं में से जितने पशु चिरे या फटे खुरवाले है और पागुर करने वाले होते है उनका मांस तुम खा सकते हो। परन्तु पागुर करनेवाले या चिरे खुरवालों में से इन पशुओं को, अर्थात ऊँट, खरहा, और शापान को न खाना, क्योंकि ये पागुर तो करते है परन्तु चिरे खुर के नहीं होते, इस कारण वे तुम्हारे लिये अशुद्ध है। तुम न तो इनका मांस खाना और न इनकी लोथ छूना।

14:3 **तू न खाना**, पद 3-21 जो है वो लैव्य 11:2-19 पर प्रतिबिंब डालता है। लेकिन विभिन्नताओं के साथ डालताहै। व्याख्या करने के लिए जो अत्यधिक कठिन है वही अनेकों मूल कारण की सिद्धांत का कारण हुआ हे, विभिन्ननाएँ इसी प्रकार से है। ध्यान में रखें कि इस अध्याय में 17 बार खाना (बीडीबी 37, केबी 46) का प्रयोग हुआ है। नीचे दिये हुए विशेष विषय को देखें।

विशेष विषय : पुराने नियम में भोजनवस्तु की व्यवस्थाएँ

मेरे विचार के अनुसार, ये भोजन वस्तु, व्यवस्थाओं को मुख्यतौर से स्वास्थ्य या आरोग्य विधा संबंधी कारणों के लिए नहीं दिया गया है (उदा. मैमोनिडेस, गॉइड 3:48; किदुशीन 49बी (ताल-मुदिक ट्रेक्टेट) लेकिन अध्यात्मविद्या संबंधी कारणों के लिए दिया गया है। कनानियों के साथ इस्राइली लोगों का कोई संबंध नहीं होना चाहिए था (याशा; 65:4;66:3,17)। मूसा के द्वारा इस्रायलियों को कनानियों के खाने, सामाजिक कार्य करने और आराधना करने की कार्यो से संबंधित कई नियमों को दिये गये थे (उदा. निर्ग; 8:23)।

इस प्रश्न पर कि नये नियम के विश्वासियों के लिए ये भोजनवस्तु की व्यवस्थाएँ क्या उन्हें बांधती है या उनके लिए सहायक है, तो मैं कहूंगा, नहीं ! नहीं ! मेरे कुछ आशय यहां पर है :

(1) भोजन वस्तु की व्यवस्था से परमेश्वर को प्रसन्न करने और उस तक पहुंचने के पद्धति को यीशु ने अस्वीकार किया, मर 7:14-23

(2) प्रे.का. 15 अध्याय में यही प्रश्न, यरूशलेम महासभा में एक विचारणीय विषय था, जहां पर यह निर्णय लिया गया कि अन्य जातियों को पुराने नियम के धार्मिक नियमों को पालन करने की आवश्यकता नहीं है (पद; 19) । पद 20 में भोजवस्तु की व्यवस्था नहीं है, किन्तु विश्वास करने वाले यहुदियों के लिए संगति की सुविधा प्रदान करना जो उनके अन्य जाति कलिसियाओं में हो सकते है ।

(3) प्रे.का. 10, याफा नगर में पतरस का दर्शन, भोजन वस्तु के बार में नहीं था, लेकिन सभी लोगों की स्वीकृति के बारे में था, किन्तु पविआत्मा ने भोजनवस्तु व्यवस्थाओं की असंबद्धता को चिन्ह के रूप में पतरस को सिखाने के लिए प्रयोग किया ।

(4) कमजोर और सामर्थी विश्वासियों के बारे में पौलूस की बातचीत हमें सावधान करती है कि हमारे निजी व्याख्याओं को, विशेष तौर से पुराने नियम की व्यवस्थाओं को, करने के लिए जोर न डालें (रोमि 14:1–15; 13; I कुरि 8–10) ।

(5) कुलु 2:16–23 में ज्ञान संबंधी झूठे शिक्षकों से संबंधित, कानूनी और न्याय के बारे में पौलूस की चेतावनी प्रत्येक पीढ़ी के सभी विश्वासियों के लिए भी चेतावनी होनी चाहिए

विशेष विषय : अति घृणा

अति घृणा (बीडीबी 1072) अनेक चीजों को प्रकट कर सकता है :

(1) मिस्त्रियों से संबंधित वस्तुएँ
- (अ) वे इब्रियों के साथ भोजन करना घृणित समझते थे, उत: 43:32
- (ब) चरवाहों से वे घृणा करते थे, उत 46:34
- (स) इब्रियों के बलिदानों से वे घृणा करत थे, निर्ग 8:26

(2) इस्रायल के कार्यों की ओर यहोवा के अनुभव से संबंधित वस्तुएँ :
- (अ) अशुद्ध भोजन, व्य 14:2
- (ब) मूर्तियाँ, व्य 7:5; 18:9, 12; 27:15
- (स) मूर्तिपूजक के घिनौने काम, व्य; 18:9, 12
- (द) मोलेक देवता के लिए बच्चों को जलाना; लैव्य; 18:21–2; 20:2–5; व्य; 12:1; 18:9, 12; II राजा; 16:3; 17:17–18; 21:6; यिर्म 32:35
- (घ) कनानी मूर्तिपूजा व्य; 13:14; 17:4; 20:17–18;32:16; याशा; 44:19 यिर्म 16:18; यहे. 5:11; 6:9; 11:18, 21; 14:6; 16:50; 18:12

(न) निन्दापर्ण जानवरों का बलिदान करना; व्य: 17:1 (15:19–21; मलाकि 1:12–13

(प) मूर्तियों के लिए बलिदान करना यिर्म; 44:4–5

(फ) जिस स्त्री कोतुमने पहले तलाक दिया था उससे पुर्नविवाह करना; व्य: 24:2

(ब) पुरूष के पहिराव (वस्त्र) को स्त्री का पहिनना (संभवत: कनान की आराधना) व्य 22:–

(भ) वेश्यावृत्ति से रूपये (कनानी उपासना) व्य; 23:18

(म) समलैगिंकता (संभवत कनानी आराधना) व्य: 14:3

(र) झूठी शक्ति का प्रयोग व्य; 25:16; नीति 11:1, 20:23

(ल) भोजन वस्तु व्यवस्था का उल्लघंन किया गया (संभवत : कनानी आराधना) व्य; 14:3

(3) बुद्धि साहित्य में उदाहरण

(अ) नीतिवचन 3:22; 6:16–19; 11:1, 20;12:22;15:8,9 26;16:5; 17:15; 20:10; 23; 21:27; 28:9

(ब) भ.स. 88:8

(स) अय्युब 30:10

(द) यहां एक बारम्बार होने वाली भविष्य संबंधी वाक्यखंड है उजाड़नेवाली घृणित वस्तुएँ, जिसक प्रयोग दानियेन (9:27; 11;31; 12:11) में हुआ है । यह विभन्न तीन अवसरों को प्रकट करता मालूम पड़ता है (अपवत्य भवष्यिवाणी की पूर्णता) :

(अ) इन्टरबिबलिकल मक्कायिन अवधि का एण्टीयोकस IV एपीकानेस (I मक्का 1:54, 59; II मक्का 6:1–2)

(ब) रोमी प्रधान (बाद का सम्राट) तितुस (टाइटस), जिसमें यूरूशलेम को लूटा और मंदिर को एडी 70 में नष्ट कर दिया (मती 24:15; मर 13:14; लूका; 21:20)

(स) विश्व अगुवा अंतिम समय में, पाप का पुरूष अर्थात विनाश का पुत्र (II थिस्सुलु 2:3–4) या मसीह विरोधी (I यहु. 2:18; 4:3; प्रका. 13) कहलाया जाएगा ।

❖ घृणित वस्तुए, यह वाक्यखंड (बीडीबी 481, निर्माण 1072) व्य; 14:3 में भी प्रयोग किया गया है ।

14:5 हरिण, चिकारा, मृग ये जंइली जानवर बलिदान के लिए अशुद्ध किन्तु भोजन के लिये अशुद्ध नहीं थे । व्य; 11 में इन्हें प्रदर्शित नहीं किया गया है क्योंकि कि मिस्र में ये अनजान थे विशेष रूप से पहिचानने के लिए, आधुनिक के लिए, अनेक सारे कठिन है ।

14:6 पशुओं में से जितने पशु चिरे या फटे खुरवाले और पागुर करने वाले है, लैव्य 11:4 में दिये गये बलिदान संबंधी शुद्ध जानवर के लिए यह एक मूल मार्गदर्शन है ।

वाक्यखण्ड, चिरे या फटे खुरवाले, एक बढ़ाया हुआ रूप है, (क्रिया बीडीबी 828, केबी 969, हिफिल पूर्ण निर्माण, जो संज्ञा बीडीबी 828 के साथ है) जिस प्रकार पद 8 में है । इस वर्णन के लिए एक दूसरी बढ़ायी हुई रूप संयोग हुई है । (क्रिया बीडीबी 1042, केबी 1608, संज्ञा (बीडीबी 1043) के साथ क्वेल क्रिया कृदन्त निर्माण) यह वर्णन बहुत ही विशेष और स्पष्ट है ।

❖ कुछ जानवर जो सिर्फ आशिंक रूप से दो भागों को पूरा करते है (चिरे या फटे खुरवाले और पागुर करने वाले) जो पद 7 में दिये गये है ।

14:7

NASB	**"शापान"**
NKJV,	**"शापान"**
NRSV, TEV	**"रीछ के सदृश एक चौपाया"**
LXX, NJB	
NJB, NJV	**"खरहा"**
JPSOA	**"खरहा"**

यह जानवर (बीडीबी 1050I) प्रकट रूप से लैव्य; 11:6 में जैसे खरहा या खरगोश के रूप में प्रदर्शित हुआ है । यह आश्चर्य की बात है कि लैव्य. कहता है कि (जिस प्रकार यहां मालूम किया गया है) खरगोश पागुर करता है । यह एक अच्छी स्थान है कि अध्ययन करने वालों को स्मरण करायें कि इस्रायलियों ने प्रकृति पर उनके ज्ञान को ध्यान केन्द्रित गुणों पर निर्भर किया है । (दृष्टिविषयक भाषा) । खरगोश, सत्यता में पागुर नहीं करते है, किन्तु इनके नाक की तीव्र चाल ऐसा दिखता है यदि वे करत है । बाइबल में यह एक गलती नहीं है, किन्तु प्राचीनों ने ध्यान को इनके ज्ञान के आधार पर पहिचाना न कि आधुनिक वैज्ञानिक नियमानुसार से किया है ।

14:18 **सुअर**, कनानियों के द्वारा सुअर को धार्मिक बलिदान के लिए और खाने के लिए प्रयोग होता था (याशा; 65:4; 66:3, 17) । इसे अशुद्ध इसलिए जाना गया क्योंकि इसके खाने की व्यवहार (कुत्तो के लिए भी यह उचित है) और इसके निवास करने की जगह से (कीचड़ का स्थान) इसे अशुद्ध कहा गया है । हित्ती, यूनानी, और रोमि सभ्यता में प्रतिदिन सुअर का बलिदान किया जाता था । मेडिटेरिनियन सभ्यताओं में इन्हें इन्हें खाया भी जाता था (कुछ समूहों के द्वारा) प्राचीन निकट पूर्वी के भोजन और बलिदानों की अधिक जानकारी के लिए देखें एबीडी, भाग 6, जुलोजी पृ. 1109-1167, सुअर के लिए, देखें पृ. 1130-1135.

NASB मूल ग्रन्थ 14:9-10

फिर जितने जलजन्तु है उनमें से तुम इन्हें खा सकते हो, अर्थात जितनों के पंख और छिलके होते हैं। परन्तु जितने बिना पंख और छिलके के होते है उन्हें तुम न खाना; क्योंकि वे तुम्हारे लिये अशुद्ध है।

14:9 जितनों के पंख और छिलके होते है, लैव्य 11:9-12 की यह एक मूल मार्गदर्शन है। पुराने नियम में कहीं भी फिर से मनाही के यथार्थ कारण को नहीं बताया गया है। देखें लेख 14:3 में।

NASB मूल ग्रन्थ 14:11-20

सब शुद्ध पक्षियों का मांस तो तुम खा सकते हो। परन्तु इनका मांस न खाना, अर्थात उकाब, हड़फोड, कुरर; गरूड चील और भांति भांति के शाही, और भांति भांति के सब काग; शुतुर्मुर्ग, तहमास, जलकुक्कुट, और भांति भांति के बाज छोटा और बड़ा दोनों जाति का उल्लू और घुग्घू; धनेश, गिद्ध हाड़गील; सारस, भांति भांति के बगुले, हुदहुद और चमगादड़ और जितने रेंगने वाले जंतु है वे सब तुम्हारे लिये अशुद्ध है; वे खाए न जाएँ। परन्तु सब शुद्ध पंखवालों का मांस तुम खा सकते हो।

14:11 यह लैव्य 11:13-19 की सदृश है। अशुद्धता का कारण निर्दिष्ट नहीं है, किन्तु यह स्पष्ट मालूम होता है कि जितने पक्षियों को यहां बताया गया है इन्होंने सड़ा हुआ गंदा मांस खाया है।

14:18 हुदहुद, इस प्रफ्क्रार की पक्षी (बीडीबी 189) सभी प्रकार की कीड़ों को और खाद की कीड़ों को भी खाते है। इसे इसके अशुद्ध स्थानों में खाने के कारण और एक खाद से भरी हुई घोसले में रहने के कारण से पहिचाना गया है, इसलिए यह एक अशुद्ध भ्रुमणकारी पक्षी बना हुआ है।

14:19 यह वाक्यखण्ड (बीडीबी 481, निर्माण 1056 और 733, उत. 7:14, 21) उड़ने वाली कीड़ो को प्रकट करती है। यह लैव्य 11:20-23 में समानान्तर हुआ है, जहां पर कुछ कीडों को खाने के लिए शुद्ध बताया गया है (उदा. टिड्डी मत्ती 3:4 मर; 1:16) दिये गये अशुद्ध पक्षियों में से बहुतों के लिए ये सभी कीडे भोजन थे।

NASB मूल ग्रन्थ 14:21

जो अपनी मृत्यु से मर जाए उसे तुम न खाना; उसे अपने फाटकों के भीतर किसी परदेशी को खाने के लिये दे सकते हो, या किसी पराए के हाथ बेच सकते हो; परन्तु तू तो अपने परमेश्वर यहोवा के लिये पवित्र समाज है। बकरी का बच्चा उसकी माता के दूध में पकाना।

14:21 जो अपनी मृत्यु से मर जाए उसे तुम न खाना, यह निर्ग. 23:31 को प्रतिबिम्बित कर सकता है। एक कारण था क्योंकि खून इसमें ही था (12:16, 23–25; उत; 9:4) इस व्यवस्था को वायदे के देश में प्रत्येक व्यक्ति के लिए नियुक्त नहीं किया गया (उदा; विदेशी और अजनबी वर्जित थे, किन्तु लैव्य; 17:15 को ध्यान दें) ये सभी भोजन वस्तु व्यवस्थाओं का अर्थ, इस्राइलियों को कनानियों से और उनकी उपासना की विधियों से अलग या दूर रखना था।

❖ बकरी का बच्चा उसकी माता के दूध में न पकाना, रास सामरा (देखें साइरस एच. गोर्जेन, अग्रेटिक हेण्डबुक पृ.174) मूलग्रंथ दिखाता है कि यह दूसरे सभ्यता में ऊपजाऊपन के चिन्ह रूप में किया जाता था। यहूदी धर्म ने इस पद के आधार पर पथ्य (भोजन) के नियम कोकठोरता से पुष्ठ किया है (अलग बर्तन मटन पकाने के लिए और दुग्धशाला उपज के लिए) किन्तु, प्रहार जो है कनानियों के बलिदान रूपी उपासना से संबंधित करता मालूम पड़ता है (निर्ग; 23:19; 84:26)। इसका बीमारी या स्वास्थ्य के सिद्धांत के साथ थोड़ा या कुछ भी लेन देन नहीं है।

NASB मूल ग्रन्थ 14:22–27

बीज की सारी उपज में से जो प्रतिवर्ष खेत में उपजे उसका दशमांश अवश्य अलग करके रखना। और जिस स्थान को तेरा परमेश्वर यहोवा अपने नाम का निवास ठहराने के लिये चुने उसमें अपने अन्न, और नये दाखमधु, और टटके तेल का दशमांश, और अपने बाय बैलों और भेड़ बकरियों के पहिलौठे अपने परमेश्वर यहोवा के सामने खाया करना; जिस से तुम उसका भय नित्य मानना सीखोगे। परन्तु यदि वह स्थान जिसको तेरा परमेश्वर यहोवा अपना नाम बनाए रखने के लिये चुन लेगा बहुत दूर हो, और इस कारण वहां की यात्रा तेरे लिये इतनी लंबी हो कि तू अपने परमेश्वर यहोवा की आशीष से मिली हुई वस्तुएँ वहां न ले जा सके, तो उसे बेचके, रूपये को बाँध, हाथ में लिये हुये उस स्थान पर जानाजो तेरा परमेश्वर यहोवा चुन लेगा और वहां गाय–बैल या भेड़ बकरी, या दाखमुध, या मदिरा या किसी भांति की वस्तु क्यों न हो, जो तेरा जी चाहे, उसे उसी रूपये से मोल लेकर अपने घराने समेत अपने परमेश्वर यहोवा के सामने खाकर आनन्द करना। और अपने फाटकों के भीतर के लेवीय को न छोड़ना, क्योंकि तेरे साथ उसका कोई भाग या अंश न होगा।

14:22 दशमांश, गिनती 18, केन्द्रिय पवित्र स्थान में याजकों और स्थानीय लेवियों के लिये दशंमाश के बारे में बताता है। किन्तु, यह पद्यांश, अध्याय 12 को समानान्तर करता है और अधिकतर, स्थानिय खेती संबंधी दशमांश देने के प्रकाशन के साथ लेन–देन करता है। देखें लेख अध्याय 12 में।

14:26 जो तेरा जी चाहे उसे उसी रूपये से मोल लेना, यह विभिन्न वस्तुओं को पवित्र स्थान में दशमांश देने के लिए बताता है । यह 12:20 के साथ समानान्तर है । यह वाक्यखंड धर्म–व्यवस्था उन्मत में अवश्य ही समाप्त होता है । यहोवा हमारी खुखी की इच्छा रखता है । वह सिर्फ हमारे साथ इसमें शामिल होना चाहता है (12:7, 18;16:14; 27:7; I इति; 29:22; भ.स. 104:15; सभो; 2:24; 3:12, 13, 22; 5:18; 8:15; 9:7–9; याशा; 12:13) । इस विचार (विषय) को नया नियम बड़ी स्पष्ठता से निर्धारित करता है कि पदार्थ विज्ञान संबंधी सृष्टि स्वयं में अशुद्ध नहीं है (उदा; प्रे.का. 10:15; रोमि; 14:2, 14,20; I कुरि; 63S2; 10:23–26; I तिमुथियुस; 14:4) । इसका मतलब मनुष्य को पाप करने के लिए अधिकार नहीं है, किन्तु कानूनी और न्याय से मसीही आजादी के लिए प्रोत्साहित करने से है (कुलु. 2:16–23) । किन्तु एक परिपक्व विश्वासी को इस पाप में गिरे संसार में सावधान रहना है ताकि वह एक निर्बल को जिसके लिए यीशु मसीह मरा उसे बचा सकें । (रोमि 14:1–15:13) ।

❖ मदिरा यह (बीडीबी 1016) दाख थी जिसमें दूसरे प्राकृतिक फेन उत्पन्न करने वालीरसों का मिश्रण किया जाता था ताकि मदिरा की मात्रा का और अधिक बढ़ाया जा सकें । (उदा. अत्यधिक नशापन) । देखें विशेष विषय जो नीचे प्रदर्शित किये गये है ।

विशेष विषय : मदिरा (इफान) और अधिक मदिरा पीने से उत्पन्न रोग (बुरी आदत)

I. बाइबल संबंधी शब्द

(अ) पुराना नियम :

1. **यायिन** – दाख के लिए यह एक साधारण शब्द है (बीडीबी 406), जिसका प्रयोग 141 बार हुआहै । शब्द साधन अनिश्चित है क्योंकि यह इब्रानी मूल से नहीं है । इसका अर्थ हमेशा से फेन उत्पन्न करने वाली फल कारस समान्य तौर में अंगूर से है । कुछ आदर्श रूप पद्याशों के लिए देखें, व्य. 12:17; 18:4, याशा; 62:8–9; होशे 4:11 ।

2. **टीरोश** – यह नमी दाख है (बीडीबी 440), निकट पूर्वी की जलवायु की स्थिति के कारण, रस गिलने (खीचने) के 6 घंटे बाद इबाल उबाल आना शुरू हो जाता है । यह शब्द उबाल होने की क्रियामें दाख को प्रकट करती है । कुछ आदर्शभूत पद्याशों के लिए देखें, व्य; 12:17; 18:4; याशा 62:8–9; होशे 4:11.

3. **आशीश** – स्पष्ट रूप से यह मद्यसार संबंधी मदिरा है (मीठी दाख बीडीबी 779, उदा: योयल;1:5 याशा 49:26) ।

4. **सेकर** – यह शब्द उत्तेजक मदिरा है (बीडीबी 1016) शब्द पी चुका या शराबी में इब्रानी मूल का प्रयोग हुआ है। अत्यधिक नशा उत्पन्न करने के लिए इसमें कुछ चीरों को मिलाया जाता था। यह यायिन की सामान्तर है (निति; 20:1;31:6 याशा; 28:7)

(ब) नया नियम :

1. मोइनोस – यानिन का युनानी अनुरूप
2. नीयोस मोइनोस (नयी दाख – टीरोश का युनानी अनुरूप (मरकस 2:22)
3. ग्लेयुकोस विनोस (मीठी दाखमधु असीश) – इबाल की प्रथम श्रेणी में दाख (प्रे.का. 2:13)।

(II) बाईबल संबंधी प्रयोग :

(अ) पुराना नियम :

1. परमेश्वर कादान दाख है (उ; 27:28;भ.स. 104:14-15; सभों 9:7; होशे 2:8- 9; योयल 2:19, 24; आमोस 9:13; जक; 10:7)
2. दाखनधु, बलिदान रूपी भेंट का एक भाग है (निर्ग; 29 40; लैव्य 23:13; गि. 15:7,10; 28:14; व्य; 14:26, न्या 9:13)।
3. दाखमधु का प्रयोग दवाइयों के रूप में किया गया है (II शमु. 16:2 निति; 31:6-7)
4. दाखमधु एक वास्तविक समस्या हो सकती है (नूह उत 9:21, लूत; उत; (9:33,35 सामसन न्या 16:19, नाबाल, I शमु 25:26; इरिम्याह II शमु;11:13, अम्मोन II शमु; 13:28; एलाह – I राजा, 16:9; बेनहदद-I राजा; 20:12; न्यायियों 6:6 और स्त्रियां -आमोस 4)।
5. दाखमुध से अनुचित व्यवहार हो सकता है (निति; 20:1, 23:29-35;31:4-4; याशा; 5:11, 22; 19:14; 28:7-8; होशे; 4:11)
6. दाखमधु को कुछ समूह के लिए मना किया गया था। (कार्य पर याजक को; लैव्य 10:9; यहे. 44:21; नाजीरों को गि. 6 और राजाओ को, निति; 31:4-5; याशा; 56:11-12; होशे 7:5)।
7. दाखमुध का प्रयोग एक भविष्य संबंधी में हुआ है (आमोस 9:13;योयल 3:10 जक 9:17)।

(ब) इन्टरबिबलिकल

1. संयम में दाखमधु बहुत ही सायक है (सभो;31:27-30)
2. रब्बी (यहूदी गुरू) कहते है, सभी दवाइयों से बढ़कर दाखमधु है, जहां दाखमधु की कमी होती है, तब ड्रग्स की आवश्यकता होती है (बीडी 586)।

(स) नया नियम :

1. यीशु ने बड़ी मात्रा में पानी को दाखरस में परिवर्तित किया (यहु. 2:1-11)
2. यीशु ने दाखरस को पीया (मती;11:18-19; लूका 7:33-34; 21: 17)
3. पेन्तिकुस्त पर पतरस ने नयी दाखमधु के लिये होने का विरोध किया (प्रे.का. 2:13)
4. दाखरस का प्रयोग दवाई के रूप में किया जा सकता है (मर. 15:23; लूका 10:34; I तिमु. 5:23) ।
5. अगुवों को झगडालू नहीं होना चाहिए । इसका मतलब पूर्णतया शराब न पीनेवाला नहीं है (I तिमु;3:3, 8: तितुस 1:7; 2:3; I पत; 4:3) ।
6. दाखमुध का प्रयोग भवष्यि संबंधी में हुआ है (मती; 22:1; प्रका. 19:9) ।
7. मतवालापन को मना किया गया है, मती 24:49, लूका 11:45;21:34 I कुरि 5:11-13; 6:10; गल;5:21; I पत 4:3; रोमि 13:13-14) ।

❖ अपने परमेश्‍वर यहोवा के समाने खाकर आंनद करना यह मेलबलि को प्रकट करता है जहां पर परमेश्‍वर और बलि देने वाला और उसके परिवार लाक्षणिक रूप से एक साथ भोजन किये है । प्राचीन पूर्व में, एक साथ भोजन करने का अर्थ, वाचा का चिन्ह था ।

NASB मूल ग्रन्थ 14:28-29

तीन तीन वर्ष के बीतने पर तीसरे वर्ष की उपज का सारा दशमांश निकालकर अपने फाटकों के भीतर इकट्‌ठा कर रखना; तब लेवीय जिसका तेरे संग कोई निज भाग या अंश न होगा वह और जो परदेशी, और अनाथ और विधवाएँ तेरे फाटकों के भीतर हों, वे भी आकर पेट भर खाएँ, जिससे तेरा परमेश्‍वर यहोवा तेरे सब कामों में तुझे आशीष दें ।

14:29 परदेशी अनाथ तथा विधवाएँ, व्यवस्थाविवरण, वायदे के देश में निवास करने वाले सभों को ध्यान देने में प्रबल करता है (10:18; 26:12-15) इस तृतीय वर्ष का दशमांश लेवी और स्थानिक गरीबो के लिए था ।

विवादपूर्ण प्रश्‍न :

1. कौन सा सिद्धांत निर्णय लेने के लिए प्रयोग किया गया कि क्या शुद्ध और क्या शुद्ध नहीं था ?
2. क्या व्यवस्थाएँ परमेश्‍वर से है? यदि ऐसा है तो, क्यों हम आज इन्हें ध्यान नहीं देते है?
3. दशमांश का उद्देश्य क्या था ?

*****

व्यवस्था विवरण 14
आधुनिक अनुवादों के वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
प्रत्येक वर्ष बीतने पर ऋण फाम किया गया	पवित्र लोगों की जीवनकला	सातवां वर्ष	विश्राम वर्ष
15:1-6	15:1-6	15:1-3	15:1-6
गरीबों पर उदारता		15:4-6	
15:7-11	15:7-11	15:7-11	15:7-11
बन्धुआ मजदूरों के संबंध में नियम		दासों से बर्ताव	दास (गुलामों)
15:12-18	15:12-17 अ	15:12-15	15:12-15
		15:16-18	15:16-17
	15:17 ब		
	0.6375		0.6375
पहिलौठे के संबंध में नियम		पशु और भेड़ के पहिलौठे	पहिलौठा
15:19-23	15:19-23	15:19-23	15:19-23

<u>अध्याय 15 पर संदर्भ निरीक्षण :</u>

(अ) अध्याय 15, विशिष्ठ नियमों का एक क्रम है जो कृषि संबंधी आवश्यकताओं के अनोखेपन और लाक्षणिक सच्चाइयों के संबंध रखने वाला के साथ लेन-देन करता है जो कि यहोवा, अपने लोगों में बनाना चाहता था ।

(ब) यह अध्याय तीन अलग भागों में भली-भांति विभाजन होता है :

(1) पद 1-11, सातवें वर्ष के विश्राम की वृद्धि के साथ व्यवहारकरता है जो निर्ग 23:10-13 और लेव्य;25:1-7 पर कर्जदारों औरस्थानिक गरीबों के साथ है । II इतिहास36:21 में कहता है कि इस नियम को न मानने के कारण यहुदियों का परिणाम देश-बहिष्कार था ।

(2) पद 12–18 भाई–बंध अर्थात इब्रानी (पुरूष या स्त्री) जिसको किसी और व्यक्ति के कर्ज को चुकाने के लिए काम करना पडताथा इसके विषय में बताती है ।

(3) पद 19–23 भेड़–बकरियों के पहिलौठे या जानवरों के पहिलौठों के बलि के विषय में बताती है ।

<u>शब्द और वाक्यखण्ड अध्ययन :</u>

NASB मूल ग्रन्थ 15:1–6

15:1 सात–सात वर्ष बीतने पर दो बातें हुई : (1) भूमि को बंजर पडे रहने देना जो भूमि पर परमेश्वर के प्रभुत्व और गरीबों पर उसके ध्यान को प्रदर्शित करती है (निर्ग 23:10–13; लैव्य; 25:1–7) । (2)यहां पर इस्रायली भाई–बंधु को कर्ज से या ऋण से छुटकारा दिया गया (पद 2;31:10) । एक सिद्ध सख्यां के रूप में सात को देखा गया है क्योंकि सृष्टि के निर्माण में छः दिन हुए थे एवं सातवें दिन में विश्राम का दिन हुआ, उत 1:1–1:2:3 ।

15:2 ऋण चुकाना, इस शब्द का अर्थ (बीडीबी 1030) लुप्त होने दो । निर्ग; 23:10–11 में क्रिया का प्रयोग सात सात वर्ष पर भूमि को बजंर ही पडे रहने के लिए हुए है । पुराने नियम में सिर्फ दो बार, संज्ञा का प्रयोग यहां और 31:10 में हुआ है । यहां पर इसका प्रयोग ऋण को माफ करने में आलंकारिक रूप से हुआ है, जबकि फसल काटने वाले ने इस वर्ष में जिस वर्ष में भूमि पर उपज करना मना था और उस पर किराये को मजदूर के लिए भी काम नही था, अपने ऋण को चुका नहीं सका । दूसरे प्रकार से, परदेशी को इस भूमि पर कार्य करके इसके ऋण को चुकाना था ।

15:3 विदेशी मुनष्य, यह गैर इस्रायली को जो पिलिश्ति में हमेशा के लिए निवास कियाहुआ है उसे प्रकट करता है बीडी 648, 14:21; 15:3; 17:15;23:20; 29:22) जिसे मूसा की कानून निर्माण केद्वाराकानूनी सुरक्षाऔर सीमित नागरिक अधिकार प्रदान किये गये थे ।

दूसरा शब्द परदेशी (बीडीबी 158) का प्रयोग आगन्तुक या प्रवासी के लिए प्रयोग हुआ है, जिन्हें भी सीमित अधिकार और सुरक्षा को प्रदान किया गया था (1:16; 5:14; 10:18, 19 (दोहरा); 14:21, 29; 16:11, 14; 23:7; 24:14, 17, 19, 20, 21; 26:11–13; 27:19)।

गैर इस्राइलियो के लिए इस प्रकार के ध्यान को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया है :

(1) यहोवा की चरित्र

(2) संभव होने योग्य समावेश

(3) मिस्र देश में इस्रायलियो ंकी पिछली अनुभव

15:4 तेरे बीच कोई दरिद्र न रहेगा, पद 4–6 आदर्श स्थिति को प्रकट करता है (विश्राम के वर्ष और महोत्सव के वर्ष के मार्गों में चिन्हित है) आदर्श कदाचित ऐतिहासिक है । कई इस्रायलियों ने उनके परिवार के भूमि को खो दिया था । यहूदियों के बीच में सदैव गरीबी थी (मती 26:11) ।

15:5 वाचा के प्रति अज्ञाकारिता के विषय में यह बार–बार होने वाली आवर्तक की चेतावनी है ।

(1) यदि तू चित्त लगाकर बातों को सुनें ।

(2) इन सारी आज्ञाओं को मानने में चौकसी करें ।

निरंतर आज्ञाकारिता के जबाब में यहोवा के वाचा की प्रतिज्ञाएँ शर्त पूर्ण है ।

15:6 यहोवा के कहे हुए/प्रतिज्ञा की हुई (बीडीबी 180, केबी 210, पीयल पूर्ण) आशीषों का वर्णन किया गया है :

(1) परमेश्वर यहोवा तुझे आशीष देगा, यह 4 (दोहरा) 1:11, 2:7; 7:13 (दोहरा)।

(2) तू बहुत जातियों को उधार देगा, परंतु तुझे उधार लेना न पडेगा ।

(3) तू बहुत जातियों पर प्रभुता करेगा, परन्तु वे तेरे ऊपर प्रभुता न करने पाएंगी ।

इन प्रतिज्ञाओं में अंतरराष्ट्रीय और भविष्य संबंधी लपेट है (याशा; 9:6–7; 11:1–10 मीका 5:1–5 अ) ।

NASB मूल ग्रन्थ 15:7–11

15:7 यदि कोई तेरे पास दरिद्र हो वास्तविक निर्दिष्ट पद 11 में है । आदर और सम्मान के अभाव के रूप में दरिद्रता को परिभाषित किया जा सकता है । यहां पर अभाव, परिवार की भूमि बर्बाद हो जाने का कारण है जो समानांतर के रूप में रूपये के उधार लेने के द्वारा हुआ है ।

❖ तेरे जाति भाइयों में से कोई एक, यहोवा के विशेष ध्यान को और दया को मूसा की व्यवस्था दिखाती है ।

1. दूसरे गरीब वाचा के भाइयों/बहनों
2. विधवाएँ
3. अनाथों
4. परदेश निवासी
5. परदेशी

❖ तेरे देश के शहरों में से कोई भी, ध्यान में रखें कि यह न सिर्फ स्थानिक दरिद्र है, परंतु किस प्रकार से समाज दरिद्र व्यक्ति से बर्ताव करता है । जिस प्रकार से यहोवा अपने लोगों की ओर कार्य करता है। वह चाहता है कि इसी प्रकार से उसके लोग जरूरतमंद से बर्ताव करें ।

❖ अपने इस दरिद्र भाई के लिए ने अपना ह्रदय कठोर करना और न अपनी मुटठी कडी करना कारणभूत और कार्य दोनों सम्मिलित है (II कुरि 9:7)

1. अपना ह्रदय कठोर न करना, इति II 36:13

2. न अपनी मुट्ठी कडी करना ।

15:8 अनिश्चित निश्चयों को ध्यान में रखें जो महत्व देने के लिए उनके अनुरूप अपूर्णो से मिलता जुलता है :

1. इसके लिए अपना हाथ ढीला करना – यह लक्षण पद 7 के सदृश्य है ।

   (अ) अपना ह्रदय खोल दें (कठोर ह्रदय वाला मत बनों)

   (ब) अपना हाथ खोल दें (मुट्ठी बंद किया हुआ मत बनों) पद 11, 13

2. उदारता से इसे उधार दो ।

❖ इसका जितना प्रयोजन हो उतना उसे उधार देना, यह बीडीबी 191, जो 341 के साथ निर्माणित है जो भाई के आवश्यकता को पर्याप्त के अनुसार पूरी होने को बताता है, कि सिर्फ क्षणिक लक्षण में है (याकूब 2:15–26; I यहु. 3:16–17)

15:9 सचेत रहो, यह एक निफाल आज्ञात्मक है बीडी 1036, के 1581) जो एक पुनरागमन विषय है । आज्ञापालन और अनाज्ञाकारिता के लिए वाचा के परिणाम है ।

❖ अधम चिंता, शब्द अधम बिलयात के समान इसी मूल से है । यह नीच अयोग्य, बुरे मनुष्य कोबताता है (निति 6:12) देखें लेख 13:14 में ।

15:9 और वह तेरे विरूद्ध यहोवा की दोहाई दे तो यह तेरे लिए पाप ठहरेगा, एक गरीब व्यक्ति की प्रार्थना, पाप को उत्पन्न नहीं करती है (उदा. अनैतिक) परंतु यह यहोवा के सामने, स्वार्थी कपट प्रबंध करने वाले व्यक्ति के ह्रदय को सुलासा करता है 24:18; निर्ग; 22:23) । वाचा की उचित कारणभूत और कार्यों पर यहोवा की आशीषें शर्तपूर्ण है । इसके लोगों को इसके चरित्र का नमूना होना है ।

15:10 यह संदर्भ की सराशं है जो पद 7 से है ।

❖ देते समय तेरे मन को बुरा न लगे,संदर्भ निरीक्षण को देखें c, l, e

15:11 हाथ ढीला करके अवश्य देना संदर्भ निरीक्षण को देखें c, l, e

NASB मूल ग्रन्थ 15:12–17

15:12 यथाशब्द यह भाई (बीडीबी 26) है परंतु बंधु या वाचा के साथी के जातीय विचार में प्रयोग हुआ है । लैव्य. 19:17; 25:25, 35, 36, 39 47; व्य; 15:12; 17:15) यह एक गोत्र या परिवार पृथकत्व के बनाम एक जातीय एकता को वर्णित किया है । शब्द सिद्धांत और आध्यात्मिक गल; 6:10 के सदृश हैं ।

❖ इब्रीयय इब्रिन शब्द इबी पुराने नियम का एक विरल शब्द है । यह इसे प्रदर्शित करता होगा । (1) शेम का पोता, एबेर की पीढ़ियों की कुल संबीध (इत; 10:21) (2) शब्द जो प्राचीन पूर्वी में सोमइट्स (हाबीरू) के बड़े समूह का वर्णन करती है, जिन्होंने दो हजार वर्ष बी.सी. में मेसोपोटामिया समान नोमादस को पार कर दूसरे स्थान में गये हुए थे या (3) गरीब श्रमिकों का बंधन मुक्त विदेशी समूह (अब्राहम, याकूब और युसुफ के परिवार का वर्णन करने के लिए विदेशियों के द्वारा प्रयोग किया हुआ शब्द) ।

❖ पुरूष या स्त्री –यह कानूनी समानता को दिखाता है (पद 17; और इत 1:26–27 को भी ध्यान में रखें) प्रारंभिक धर्मसंहित ने इन्हें अलग किया था (उदा. पुरूषों – निर्ग 21:2–6, स्त्रियों निर्ग, 21:7–11) । यह हम्मूराबी, धर्मसंहित, बेबीलोन की कानूनी लेख जो मूसा और कनान देश की सभ्यता रूप की पहिले से तारीख डालती है उससे निकाला हुआ तत्वरूप था । परमेश्वर के लोग भिन्न थे ।

❖ तेरे हाथ बिके, क्रिया (बीडीबी 569, केबी 581, निफला अपूण) किसी व्यक्ति को प्रकट करता है जो स्वयं से एकरारनामा (दो दलों के बीच की गई प्रतिज्ञा) में दासत्व पर बिक्री करता है (लैव्य 25:39, 47, 48, 50; सगीं इब्री के विषय में, पद 39–46 निर्ग 21:2–6 में बताया गया है ।

❖ छ: वर्ष तक वह तेरी सेवा करे, पद 1–11 में प्रदर्शित किया गया विश्राम पर्व से वशावली रूप में यह असबंधित मालूम पड़ता है, परंतु यदि ऐसा है तब पद 9 का अर्थ अनिश्चित है ।

❖ तुम इसे स्वतंत्र करके जाने देना, यह क्रिया बहुत ही महत्वपूर्ण होने के कारण तीन बार पद 12–13 में दुहराया गया है ।

15:14 छ: वर्ष तक सेवा करने के बाद जब एक दास को स्वतंत्र किया जाता था तो इसे हर चीज जो उसके परिवार को बसाने की आवश्यकता होती है दिया जाना चाहिए था ।

(1) तुम उसको बहुतायत से देना, यह एक इब्रानी मुहावरा है, यथा शब्द, तुम इसके लिए एक गले का हार बनाना ।

(2) दिये जाने वाले चीजों (प्रकारों) का ध्यान दें :

(अ) भेड़–बकरियों में से

(ब) खलिहान से

(स) दाखमधु के कुण्ड

(द) जुड़े गये मार्गदर्शन, निर्ग 21:3–4; लैव्य 15:41 में दिया हुआ है ।

15:15 इस बात को स्मरण रखना की तू भी मिस्र देश में दास था, दस के स्वामी की उदारता का मूल कारण था कि उसका परिवार भी मिस्त्र में एक समय गुलान (दासत्व) था और परमेश्वर उसके प्रति उदारता था । देखें 5:15 में ।

❖ तेरे परमेश्वर यहोवा ने तुझे छुड़ा लिया, इस क्रिया को कई बार व्य. में प्रयोग किया गया है, जो सदैव यहोवा के अनुग्रहपूर्ण छुटकारा जो मिस्त्रियों के दासत्व से इस्राइलियों को मिला हुआ था । देखें विशे विषय 7:8 में । मानव जाति ने परमेश्वर को नही ढूढा,किन्तु परमेश्वन ने ही दृष्टि किया और उन्हें छुटकारा प्रदान किया । उसका महत्वपूर्ण कार्य और न बदलने वाला चरित्र ही हमारी महान आशा है । इस्राइल पर यहोवा के सभी कार्य, मसीह के कार्यों की प्रतिछाया थी ।

15:16 यह पद निर्ग, 21:5 के सदृश है । यह एक समर्पित भोगी के संबंध की उदाहरण प्रस्तुत करता है जो यहोवा और इस्रायल के बीच विश्वास/प्रेम/आज्ञापालन के वाचा के संबंध को दिखाता है । वाचा का लक्ष्य, इस पृथ्वी पर प्रेमी, आशीषित जीवन को एक आत्मिक भागों में एक अत्यधिक घनिष्ठ संबंध के सविधान के द्वारा है । आशीष सदैव, संबंध का अप्रधान रचना है, यह एक लक्ष्य कभी नहीं है ।

15:17 सुतारी लेकर इसका कान किवाड़ पर छेदना इसमें दो लक्षण है : (1) आज्ञापालन का लक्षण (चिन्ह) कान था और (2) किवाड़, घर के लिए प्रेम का लक्षण था । इस रीति को घर पर किया जाता था, न कि पवित्र स्थल में या नगर फाटक पर, किन्तु निर्ग. 21:6 के अनुसार एलोहिम पर निर्भर होना है । यह इसे एक स्थायी दास बना देता है ।

❖ सदा इब्रानी शब्द ओलाम है (बीडीबी 761) यह प्रकरण दिखाता है कि इब्रानी शब्द को इसके संदर्भ के द्वारा परिभाषित किया जाना चाहिए । इसका अर्थ सदा या निर्धारित घिराव मे लंबे समय के लिए हो सकता है । यहूदी गुरू कहते है कि इसका अर्थ महोत्सव के वर्ष तक है, परन्तु इस संदर्भ में इसकाअर्थ दास के अंतिम समय तक है । देखें विशेष विषय 4:4 में

NASB मूल ग्रन्थ 15:12-18

15:18 उसे छोड देना तुझे कठिन न जान पडे, इसका अर्थ है कि छ: साल के सेवा करने के बाद जब एक दास को स्वतंत्र किया जाये तो कोई शिकायत न करने पायें ।

❖ दो मजदूरों के बराबर तेरी सेवा की है, यहां पर सही अनुवाद के विषय में कुछ शंकाए है (यथाशब्द आधे मूल्य के लिए, बीडीबी 1041 निर्माण 969I) यहां पर तीन संभावनाएं है :

1. एक दास रात और दिन काम करने वाला नौकर था ।
2. दास मुक्त में काम करता था, जबकि एक नौकर को रूपया दिया जाता था ।

3. किराये पर लिया गया व्यक्ति के लिए काम की अवधि याशा; 16:14 में तीन वर्ष की थी (जैसे हम्मुराबी धर्म संहिता करता है) इसलिए एक दास दोहरा काम करता था ।

❖ तेरा परमेश्वर यहोवा तुझे सब कामों में अशीष देगा, वाचा की आशीष वाचा के आज्ञापालन में अनुसरण करती है, विशेषकर जब उचित प्रेम क्षमा, सहायक गुण उपस्थित है ।

NASB मूल ग्रन्थ 15:19–23

15:10–23 इन पदों में पहिलाठों के उचित उपयोग और अनुपयोग को बताया गया है । यह निर्ग. 13:2 की ओर जाता है, जो मिस्र और मोशेन में जिसके घर खून के साथ चिन्हित नहीं किये हुए थे वहां पर मृत्यु की महामारी, जो मानव जाति और पशुओं के पहिलौठों के संदर्भ में है । यह परमेश्वर की प्रभुता हर एक पर प्रदर्शित करने का एक प्रतिरूप रीति है । निर्ग; 13:2; लैव्य 2:14–16) ।

15:19 तेरी गायों और भेड़ बकरियों के पहिलौठे नर को पवित्र रखना, निर्ग 13 हमें बाईबल संबंधी प्रारंभिक को देता है और गि. 18:15–16 को भी ध्यान में रखें । यह लेवियों की न्यूनता पूर्ति करने के लिए आमदनी काएक तरीका है ।

15:20 यह 12:17–19; 14:23 की ओर जाती है ।

15:21 यदि इसमें किसी प्रकार दोष है तो उसे परमेश्वर यहोवा के लिए बलि न करना एक पशु जिसमें किसी प्रकार का दोष (विषमता) है, उदा; अन्धा, मलिनीकरण, बीमारी, लगड़ापन, कुरूपता इत्यादि को बलि नहीं किया जा सकता है, परन्तु एक स्थानीय बैठक में मित्रों और परिवार के साथ खाया जा सक्ता है । (12:15–16) ।

15:22 इब्रानी में यह प्रदर्शित कर सकता है :

(1) जो इसे खाते है । (2) वह जिसे खाया जाता है ।

चुनाव #1 उत्तम मालूम होता है (LXX)

15:23 परन्तु सिर्फ तू उसका लहू न खाना, लहू, जीवन का प्रतिरूप था और जीवन परमेश्वर का है (उत; 9:4–6; लैव्य; 1:17; 7:26–27; 17:10–10; 19:26, व्य; 12:16, 23–25; शमु, ; 14:32–34) । आगे के पदों में प्रतिरूप जो है वो सभी सृष्टि के ऊपर परमेश्वर को प्रभुत्व को दिखाता है, विशेषकर जो जीवित है ।

विवादपूर्ण प्रश्न :

1. क्या विश्राम वर्ष के लिए कहीं ऐतिहासिक घटना है, जिसे कभी भी ध्यान में रखा गया है ?
2. अध्याय 15 में इन व्यवस्थाओं का मूल उद्देश्य क्या है ?
3. इब्री. शब्द का संभवपूर्ण प्रारंभिक क्या–क्या है ?

*****

व्यवस्था विवरण 16
आधुनिक अनुवादों के वाक्यखण्ड विभाजन

NKJV	NRSV	TEV	NJB
फसह के वर्ष का पुननिरीक्षण	उत्सव संबंधी पंचाग	फसह का पर्व	त्यौहार फसह का और अखमीरी रोटी का
16:1-8	16:1-8	16:1-4	16:1-8
		16:5-8	
सप्ताहों के पर्व का पुर्ननिरीक्षण		अनाज काटने (लपन) का पर्व	दूसरे वर्ष
16:912	16:9-12	16:9-12	16:9-12
झोपडियों के पर्व का पुर्ननिरीक्षण		झोपडियों का पर्व	
16:13-17	16:13-15	16:13-15	16:13-15
	16:16-17	16:16-17	16:16-17
न्यायी को प्रबंध बने वाला होना चाहिए	न्यायी और धर्म के साथ नियमों का बर्ताव	न्यायी का नियुक्ति	न्यायियों
(16:18-17:13)	(16:18-17:20)	(16:18-17:13)	16:18-20
			(16:21-17:7)
16:18-20	16:18-20	16:18-20	आराधना में अनुचित व्यवहार करना
16:21-17:1	16:21-17:1	16:21-17:1	16:21-17:1

शब्द और वाक्यखण्ड अध्ययन

NASB **मूल ग्रन्थ 16:1-8**

16:1 स्मरण करना व्य. में यह शब्द सचमुच में एक बारम्बार होने वाला आर्वतक है 73 बार । अध्याय 5 की दस आज्ञाओं के समान हेबराइफ की तरह इस अध्याय को लिखा गया है ।

❖ महिना, दूज के चन्द्रमा के समान यह इसी मूल में है (बीडीबी 294I) । देखें विशेष विषय : प्राचीन निकट पूर्वी पचांग 1:3 में ।

❖ अबीब इस शब्द का अर्थ नवा अनाज (बीडीबी1), जो पकी हुई प्रथम जौ की गट्ठा को सूचित करी है । यह कनानियों की चिन्ह के अनुसार मार्च–अप्रैल की समय अवधि के लिए था। तत्पश्चात इससमय अवधि के लिए शब्द निशान का प्रयोग बेबीलोन की लिखावट में हुआ है। सामान्य तौर में यहां प्रदर्शित दिनांक को विशिष्ठ रूप से निर्ग; 21:1,6 देता है ।

16:1 उत्सव मनाना, यह साधारण क्रिया, करना, मनाना, (बीडीबी 793, केबी 1581) का प्रयोग अध्याय 16 में अनेकों बार हुआ है और विभिन्न तौर से अनुवाद भी हुआ है :

1. उत्सव मनाना पद, 1, 10, 13
2. हो पद 8
3. पालन करने में चौकसी करना पद 12
4. स्थापन न करना पद 21

विशेष विषय : फसल का पर्प

(1) प्रारंभिक कथन

1. मिस्त्रियों के ऊपर उदभूत न्याय और इस्रायलियों के छुटकारे का कार्य एक राष्ट्र के रूप में इस्रायल की स्थापना जो यहोवा के प्रेम के लिए कसौटी है । (विशेष रूप से भविष्यवक्ताओं के लिए)

2. उत्त 15:12–21 में अब्राहम से की गई यहोवा की प्रतिज्ञा की विशिष्ठ पूर्णता निर्गमन है । फसह का पर्व, निर्गमन में, स्मरणार्थ का उत्सव मनाता है ।

3. यह अंतिम और अत्यकिध बिगाड़नेवाली (भूगौलिक रूप से, उदा. मिस्र और गोशेन) और नाश करनेवाली (मानवजाति और पशुओं के पहिलौठे के माराजाना) दस महामारियाँ जिसे मूसा के द्वारा यहोवा ने मिस्र में भेजा था ।

(II) शब्द स्वयं में (बीडीबी 820, केबी 947)

(1) संज्ञा का अर्थ अनिश्चित है

(i) महामारी से संबंधित उपाय से विपत्ति डालना है (उदा. निर्ग 11:1); यहोवा का दूत मानवजाति और पशुओं के पहिलाठों को मारता है ।

(2) क्रिया का अर्थ :

(i) लगड़ाकर चलना (II शमु. 4:4) का प्रयोग चिन्हित घरों को छोड़ जाना, अभिप्राय से हुआ है । (निर्ग, 12:13, 23, 27 बीडीबी 619 एक प्रचलित शब्दसाधन)

(ii) नृत्य करना (I राजा 18:21)

(iii) अकादियन – सान्तवना देना

(iv) मिस्त्रि लाग – मारना

(v) याशा; 31:5 में सदृश क्रियाएँ, रक्षा करने के लिए रहना (निर्ग; 12:13)

(III) घटनाएँ

1. निर्ग 11:12 में घटना स्वयं ही प्रदर्शित है ।

2. वार्षिक पर्व का वर्णन निर्ग ; 12 में हुआ है जो अखमीरी रोटी के पर्व के साथ आठ दिन के पर्व पर संलग्न है ।

(i) वास्तविक रूप में यह स्थानिक घटना है निर्ग; 12:21–23; व्य 16:5 (गि. 9)

(अ) कोई याचक नहीं

(ब) कोई विशेष वेदी नहीं

(स) लहू का विशेषज्ञ रूप से इस्तेमाल किया जाना ।

(ii) यह केन्द्रीय पवित्र स्थान पर की घटना बनी

(iii) केन्द्रीय पवित्र स्थान पर इस स्थानीय बलिदान (उदा. स्मरनार्थ उत्सव मनाने के लिए मेमने के लहू कोदेख घातक स्वर्गदूत के गुजरने से है) और कटनी के पर्व की समाप्ति सभवत: अबीबी और निशान 14 और 15–21 की तारीख पर हुई थी ।

(3) मानवजाति और पशुओं के सभी पहिलौठों पर अनुरूप अधिकार और उनके छुडौती का वर्णन निर्ग;13 में हुआ है ।

(IV) ऐतिहासिक लेख पर इसकी विधान

1. मिस्त्र में प्रथम फसह का पर्व मानाया गया, निर्ग 12

2. होरेब/सीनै पर्वत पर गि; 9

3. कनान (गिलगाल) में प्रथम फसह का पर्व मनाया गया; यहोशू 5:10–12

4. सुलेमान के द्वारा मंदिर के समर्पण के समय में I राजा; 9:25 और I इति; 8:12 (संभवत: किन्तु विशिष्ठ रूप में निर्दिष्ट नहीं है)

5. हिजक्रियाह के राज्य के दौरान II इति : 30

6. योशिय्याह के संसोधन के दौराना II राजा 23:21–23; II इति; 35:1–18

7. II राजा 23:22 और II इति 35:18 को ध्यान में रखें जहां इस वाष्कि पर्व को मनाने में इस्रायल का इन्कार प्रदर्शित है ।

(V) महत्व

1. यह वर्ष के तीन पर्व के दिनों में से एक है (निर्ग. 23:14–17; 34:22–24; व्य 16:16)

(i) फसह का पर्व/अखमरी रोटी का पर्व

(ii) सप्ताहों का पर्व

(iii) मण्डप पर्व

(2) मूसा पहिले से इस दिन को सूचित करता है कि व्यवस्थाविवरण में इस दिन में केन्द्रिय पवित्र स्थान पर उत्सव मनाया जाएगा (जिस प्रकार और दो पर्व को मनाया जाता था)

(3) यीशु मसीह ने इस वार्षिक फसह के पूर्व के भोजन के (या एक दिन पहले) मौके के प्रयोग में लाया ताकि नयी वाचा को, रोटी और दाखरस के चिन्ह के प्रकट करें, किन्तु मेमने का प्रयोग उसने नहीं किया :

(i) सर्वसाधारण भोजन (ii) छुटकारा देने वाला बलिदान

(iii) आने वाली पीढ़ियों के लिए बढ़ता महत्व

❖ रात को, जब रात को घातक दूत गुजरा (बीडीबी 538) फिरौन ने कहा अब जाओ (निर्ग; 12:33) तुरंत इस्राएली लोग निकल गये ।

16:2 भेड बकरियों और गाय बैल में से निर्ग; 12:5 के साथ II इति, 30:24;35:7 की तुलना करें, जो एक भैड याएक बकरी का बलिदान, सभी पालतु जानवरों की पंक्ति का खुलासा करती है ।

❖ जो स्थान यहोवा अपने नाम का निवास करने के लिए चुन लेगा, मिस्र में यह एक पारिवारिक कार्य था; व्य. में यह केन्द्रीय पवित्र स्थान में आराधना के लिए रखा गया है ।

16:3 अखमीरी रोटी, रोटी की अधिकता के लिए इस्रायली सुबह तक इंतजार नहीं कर सकते थे । निर्गमन रात की यह ब्यौरा निर्गमन की फसह की पर्व, एक कृषि संबंधी पर्व के साथ संलग्न होने की उत्पत्ति को दिया है (निर्ग. 12:15-20; 23:14-17; 34:18)

खमीर, जिसे प्राय: बलिदान संबंधी रूपों में प्रयोग किया जाता था (लैव्य 17:13:23; 17) वह पाप और विद्रोह का अनुरूप चिन्ह ठहरा था । इस लाक्षणिक पर्व में इबाल को देखा गया जैसे इस्रायल को मौका मिला है कि प्रत्येक आधार पर अपने जीवन को पावें कि क्या इनमें किसी भी प्रकार की विद्रोह या अनाज्ञाकारिता यहोवा से किया हुआ है । प्रायश्चित का दिन (लैव्य; 16) एक राष्ट्रीय स्तर पूर्ण किया, अखमीरी रोटी का पर्व एक व्यक्ति पर या पारिवारिक स्तर पूर्ण किया है ।

यह वार्षिक पर्व; फसह के पर्व के साथ संलग्न हुआ है, जो यहोवा के अनुग्रह पूर्ण छुटकारे से रखा गया है । जिस प्रकार प्रतिज्ञा और अनुग्रह ने मिस्र से छुटकारा प्रदान किया, इसलिए इस्रायल को जीवन पर तक बचने के लिए इन न बदलनेवाली अलौलिक चरित्र गुण पर निर्भर होना है । (4:9)

❖ दुख की रोटी, देखें निर्ग. 12:8

❖ (क्योंकि तू मिस्र से उतावली होकर निकला था) फिरौनल की निवेदन पर यहुदियों ने उतावली में निकला था (निर्ग; 12:33)

